राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 243
लखनऊ, बुधवार 6 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शिकायत की जांच करने गई लेखपाल से की अभद्रता 10

समितियों को सशक्त किए बिना लोकतंत्र अधूराः सतीश महाना 03


# भाजपा ने अमित शाह को पश्चिम बंगाल, नड्डा को असम का केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया

## ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को असम में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दलों के नेताओं के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए गृहमंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। अरुण सिंह ने बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम में विधायक दल के नेता के चयन के लिए पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने पहली बार 294 सीटों में से 206 सीटों के साथ बड़ी जीत दर्ज की है और असम में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने करीब तीन चौथाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है।

### टीवीके विधायक दल के नेता चुने गए विजय, सरकार गठन की कवायद तेज

**चेन्नई।** चेन्नई के पनैयूर स्थित टीवीके मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक जारी है। इस बैठक में सरकार गठन को लेकर मंथन किया जा रहा है। बैठक के दौरान सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से विजय को तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) के विधानसभा दल का नेता चुन लिया है। विधानसभा चुनाव में 108 सीटों पर जीत हासिल करने के बाद टीवीके सरकार बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। विधायक दल का नेता चुने जाने के साथ ही यह लगभग तय माना जा रहा है कि विजय ही मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। तमिलनाडु में 23 तारीख को एक ही चरण में मतदान हुआ था।

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने स्वीकार किया मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन का इस्तीफा

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनसे नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) की हार के बाद स्टालिन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे राज्यपाल ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। दरअसल, राज्य में 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को पूरी हुई। इस चुनाव में पहली बार मैदान में उतरी अभिनेता से राजनेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) ने 108 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। वहीं, द्रमुक गठबंधन इस चुनाव में केवल 59 सीटों पर सिमट गया और अब उसे विपक्ष में बैठना होगा। दूसरी ओर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) ने 47 सीटें जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया है। राज्य में अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते टीवीके को सरकार बनाने का पहला अवसर मिल सकता है, हालांकि बहुमत से दूर होने के कारण उसे सहयोगी दलों के समर्थन की जरूरत होगी।

## राघव चड्ढा के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री मान ने पत्रकारों से कहा कि आज दिल्ली में राष्ट्रपति के समक्ष हमने देश में हो रही 'लोकतंत्र की हत्या' के विरुद्ध अपनी आवाज़ ज़ोर-शोर से उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि असंवैधानिक तरीकों से पार्टियों को तोड़ना और ईडी-सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर नेताओं को क्लीन चिट देना लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' जैसी सस्ती राजनीतिक चालें कभी सफल नहीं होंगी। मान ने कहा कि उनकी पार्टी के विधायक लाखों पंजाबियों की आवाज हैं और पंजाब की जनता कभी विश्वासघात बर्दाश्त नहीं करती।

## भारत में चीन के राजदूत ने बनारस की सुबह, गंगा आरती और नौका विहार के अनुभव किए साझा

### राजदूत जू फेइहोंग ने सोशल मीडिया पर शेयर की भावनात्मक पोस्ट



**एजेंसी, वाराणसी।** भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने धर्म नगरी काशी के अपने आध्यात्मिक अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा कर भारत-चीन के सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित किया है। उनके साझा की गई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। राजदूत फेइहोंग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मंगलवार को एक पोस्ट कर गंगातट पर 'सुबह-ए-बनारस' का विहंगम नजारा, गंगा में नौका विहार और सायंकालीन गंगाआरती के मनोहारी दृश्यों का उल्लेख करते हुए काशी की आध्यात्मिक गरिमा की सराहना की। उन्होंने घाटों की जीवंतता, श्रद्धालुओं की आस्था और गंगा तट की अलौकिक छटा को विशेष रूप से रेखांकित किया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'वाराणसी में गंगा नदी पर सूर्योदय। एक नाव धीरे-धीरे बह रही है। धुंध को चीरते हुए सूरज उग रहा है। घाट जाग उठे हैं। चीन और भारत दोनों महान नदियों के किनारे बसे हैं–गंगा और यांग्त्ज़ी ने हमें अलग-अलग रूप में आकार दिया, लेकिन दोनों हमें श्रद्धा, निरंतरता और समुदाय की एक ही सच्चाई तक ले जाती हैं। इससे पहले राजदूत ने सोमवार की शाम को दशाश्वमेध घाट पर नियमित होने वाली गंगा आरती की फोटो पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि हजारों श्रद्धालुओं के बीच अग्नि, मंत्रोच्चार, पुष्प और पवित्र गंगा का दृश्य अत्यंत अलौकिक अनुभव था।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश के तवा जलाशय में दिखे लुप्तप्राय इंडियन स्किमर पक्षी

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के तवा जलाशय में लुप्तप्राय पक्षी इंडियन स्किमर की मौजूदगी दर्ज की गई है। बोट गश्ती के दौरान वन विभाग के स्टाफ को कुल 8 इंडियन स्किमर दिखाई पड़े, जिनकी तस्वीर मढ़ई रेंजर द्वारा ली गई है। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बाघों का उत्कृष्ट प्राकृतिक आवास (हैबिटेट) माना जाता है। इसी रिजर्व में स्थित तवा जलाशय में इंडियन स्कीमर की उपस्थिति से यह क्षेत्र वन्यजीवों के लिए एक आदर्श और सुरक्षित आवास के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि इंडियन स्किमर भारत के अत्यंत संकटग्रस्त नदी-आधारित पक्षियों में शामिल है, जिसकी संख्या लगातार घट रही है। यह पक्षी अपनी विशिष्ट लंबी निचली चोंच के लिए जाना जाता है, जिसके माध्यम से यह पानी की सतह को चीरते हुए मछलियों का शिकार करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रजाति केवल स्वच्छ जल, प्रचुर मछली संसाधन और निर्बाध रेतीले तटों वाले क्षेत्रों में ही अपना आवास बनाती है। इस लुप्तप्राय पक्षी की उपस्थिति से सतपुड़ा को विशिष्ट पहचान मिलेगी।

### हर दिन नया सीखते रहना ही वास्तविक शिक्षा हैः हरिवंश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार को कहा कि शिक्षित होने का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं बल्कि खुद को समय के साथ बेहतर बनाना और नया सीखते रहना है। हरिवंश ने आज भारतीय जन संचार संस्थान की शोध पत्रिका 'संचार माध्यम' के हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की यात्रा पर केंद्रित विशेषांक के लोकार्पण पर यह बात कही।

# केंद्र ने मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी को मंजूरी दी



### कपास क्षेत्र को मिलेगी मजबूती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कपास क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी' को मंजूरी दे दी है, जिसके लिए 5,659.22 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह मिशन 2026-27 से 2030-31 तक लागू रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। सरकार के मुताबिक इसका उद्देश्य कपास उत्पादन बढ़ाना, गुणवत्ता सुधारना और भारत को वैश्विक टेक्सटाइल बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह मिशन सरकार के '5 एफ विजन' (फार्म से फाइबर से फैक्टरी से फैशन से फॉरेन) के तहत काम करेगा। इसके जरिए, उच्च उत्पादन वाली, कीट और बीमारियों से सुरक्षित तथा जलवायु अनुकूल बीज विकसित किए जाएंगे। साथ ही हाई डेंसिटी प्लांटिंग सिस्टम और आधुनिक खेती तकनीकों को बड़े स्तर पर अपनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उच्च गुणवत्ता वाले और कीट-रोधी बीजों का विकास, आधुनिक खेती तकनीकों का विस्तार, कपास की गुणवत्ता सुधारने के लिए जीनिंग और प्रोसेसिंग इकाइयों का आधुनिकीकरण के साथ देशभर में आधुनिक टेस्टिंग लैब की स्थापना किया जाएगा। इसके साथ 'कस्तूरी कॉटन भारत' के तहत ब्रांडिंग और ट्रेसबिलिटी को बढ़ावा देने के साथ किसानों को डिजिटल मंडियों से जोड़कर बेहतर कीमत दिलाया जाएगा। फ्लैक्स, बांस, केला जैसे प्राकृतिक फाइबर को भी प्रोत्साहन मिलेगा जिसके लिए कृषि मंत्रालय और कपड़ा मंत्रालय मिलकर लागू करेंगे। इसमें आईसीएआर और सीएसआईआर जैसे संस्थानों की भी भागीदारी होगी। वैष्णव ने बताया कि इस मिशन के तहत शुरुआत में 14 राज्यों के 140 जिलों और करीब 2000 जीनिंग एवं प्रोसेसिंग इकाइयों को शामिल किया जाएगा। इस योजना से लगभग 32 लाख किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य 2031 तक कपास उत्पादन बढ़कर 498 लाख गांठ करना और उत्पादकता 440 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 755 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर करना है।

### गन्ना किसानों के लिए 365 रुपये प्रति क्विंटल एफआरपी की मंजूरी

केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 2026-27 के लिए 10.25 प्रतिशत रिकवरी दर पर 365 रुपये प्रति क्विंटल के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आगामी चीनी सत्र 2026-27 (अक्टूबर–सितंबर) के लिए गन्ने का एफआरपी 10.25 फीसदी की मूल रिकवरी दर पर 365 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को अपनी मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि उन चीनी मिलों के मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी, जहां रिकवरी 9.5 फीसदी से कम है।

# बिना वैध कागजात के भारत में गिरफ्तार चीनी नागरिक को भेजा गया जेल



**एजेंसी, अररिया।**

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जोगबनी इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक चीनी नागरिक को संदिग्ध हालात में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 41 वर्षीय झोउ ह्वान को मंगलवार को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, झोउ ह्वान चीन के हुनान प्रांत के 'चेंग टाउसन गांव का निवासी है। उसे सोमवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के आईसीपी कमांडर एवं उप निरीक्षक (सामान्य) सूरत सिंह चौहान और उनकी टीम ने जोगबनी आईसीपी परिसर से उस समय गिरफ्तार किया, जब वह बिना वैध दस्तावेजों के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद एसएसबी और खुफिया एजेंसियों ने उससे गहन पूछताछ की। इसके बाद सूरत सिंह चौहान के आवेदन पर जोगबनी थाना में कांड संख्या 117/26, दिनांक 04 मई 2026 को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट-2025 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच की जिम्मेदारी अपर थानाध्यक्ष विष्णुकांत को सौंपी गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि झोउ ह्वान नेपाल में टूरिस्ट वीजा पर आया था और वहीं से बिना भारतीय वीजा के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। वह नेपाली नंबर की स्कूटी (बीए 54 पी 3711) से आईसीपी पहुंचा था। तलाशी के दौरान उसके पास से 600 रुपये भारतीय मुद्रा, 7,595 रुपये नेपाली मुद्रा, नागरिकता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, छह विभिन्न प्रकार के कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और तीन 5जी चीनी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इन सामानों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके भारत आने के पीछे कोई अन्य उद्देश्य तो नहीं था।

## साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए यूआईडीएआई और एनएफएसयू के बीच समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने डिजिटल फोरेंसिक तथा साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में पांच वर्षीय सहयोग स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार समझौता भारत के डिजिटल पहचान पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए किया गया है। यह रणनीतिक साझेदारी मुख्य रूप से छह क्षेत्रों में संरचित की गई है, जो यूआईडीएआई के बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाने में मदद करेंगी। इनमें शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास, सूचना सुरक्षा और प्रणाली अखंडता, फोरेंसिक अवसंरचना, तकनीकी सहायता, उन्नत अनुसंधान (एआई, ब्लॉकचेन, डीपफेक डिटेक्शन) और एनएफएसयू के छात्रों के लिए प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं। इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विवेक चंद्र वर्मा और एनएफएसयू गुजरात कैंपस के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) एस.ओ. जुनारे के बीच हुआ। इस अवसर पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक अभिषेक कुमार सिंह सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण नौ मई को

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं और शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने जानकारी दी है कि राज्य के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण आगामी नौ मई को किया जायेगा। हालांकि मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। मंगलवार सुबह मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष भट्टाचार्य ने बताया कि नौ मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि उस दिन कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती भी है।

# वियतनाम के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे



आज प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। भारत-वियतनाम इस वर्ष व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा आज बिहार के बोधगया से हुई। यहां बिहार के राज्यपाल ले.ज. सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति लाम ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक हजारों वर्षों पुरानी आध्यात्मिक विरासत, बौद्ध धर्म, भारत और वियतनाम के लोगों को जोड़ने वाले एक जीवंत सेतु के रूप में कार्य करते हैं। यह यात्रा हमारे बहुआयामी और सुदृढ़ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव एवं वियतनाम के राष्ट्रपति लाम 5 से 7 मई तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ वियतनाम सरकार के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। राष्ट्रपति लाम का बुधवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति लाम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति लाम अपनी भारत यात्रा के दौरान मुंबई का भी दौरा करेंगे।

## हैदराबाद-चंडीगढ़ फ्लाइट में पावर बैंक का विस्फोट

**एजेंसी, हैदराबाद।** चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर एक घटना आज श्याम सब को चौंका दिया जब एक यात्री का पावर बैंक फट गया और उसमें आग लग गई। अलर्ट स्टाफ़ ने तुरंत सभी पैसेंजर को इमरजेंसी एग्ज़िट से सुरक्षित बाहर निकाला। इंडिगो की एक फ्लाइट मंगलवार दोपहर हैदराबाद से चंडीगढ़ पहुँची, जिसमें करीब 200 पैसेंजर और क्रू मेंबर थे। लैंडिंग के बाद खड़े होने पर, एक पैसेंजर ने देखा कि उसके पावर बैंक में आग लग गई है। क्रू को तुरंत बताया गया और उन्होंने पैसेंजर को इमरजेंसी एग्ज़िट से जल्दी से बाहर निकाला। आग को फ़ायर एक्सटिंग्विशर से बुझाया गया।

# भीषण सड़क हादसे में चार पुलिस कर्मियों सहित 5 की मौत



**समृद्धि न्यूज**

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन की उरई कोतवाली में तैनात पुलिस टीम पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब हरियाणा के नूंह जिले में एक भीषण सड़क हादसे में पुलिस टीम के चार सदस्यों सहित एक वादी की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही मौके पर ही सभी की जान चली गई। इस घटना ने न सिर्फ पुलिस विभाग बल्कि पूरे जिले को गहरे शोक में डुबो दिया है। मिली जानकारी अनुसार उरई कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा संख्या 256/26 अपहरण हुए बिजेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी सब्जी मंडी रोड अमरहेडी थाना सिविल लाइन जनपद जींद हरियाणा की बरामदगी के मामले में हरियाणा जा रही थी। टीम में मंडी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक मोहित यादव, हल्का नंबर 2 इंचार्ज उप निरीक्षक सत्यभान सिंह, उनके हमराही सिपाही अशोक कुमार, सर्विलांस सेल के सिपाही प्रदीप कुमार तथा एक वादी अमरीक सिंह पुत्र देवा सिंह निवासी बुसेरा थाना मूनक जनपद संगरूर पंजाब शामिल थे। सभी लोग ब्लैक स्कॉर्पियो (नंबर एचआर 31 वी 7550) से गए थे। बताया जा रहा है कि जब गाड़ी नूह जिले के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर जा रही थी तभी थाना क्षेत्र तावडू सदर जनपद नूह हरियाणा समय लगभग सुबह 10 बजे पर उनकी गाड़ी एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि वाहन चालक द्वारा एक गाड़ी को तेज रफ्तार से ओवरटेक करने की कोशिश की इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक द्वारा सामने से आ रहे अन्य वाहन से आमने सामने जा टकराई दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## कठोर कदम — वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्ती

# औचक निरीक्षण में 61 स्थानों पर नियमों का उल्लंघन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्ती तेज करते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 61 स्थानों पर पाए गए उल्लंघन पर कार्रवाई की। मंगलवार को आयोग ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में प्रवर्तन कार्यबल के 130वीं बैठक को आयोजित हुई, जिसमें 11 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच किए गए निरीक्षणों और कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस 18 दिनों की अवधि में कुल 174 निरीक्षण किए गए। इनमें 26 निर्माण एवं विध्वंस साइट्स, 40 औद्योगिक इकाइयां और 108 डीजल जनरेटर सेट शामिल रहे। जांच के दौरान कुल 61 उल्लंघन पाए गए। इनमें 12 विध्वंस साइट्स, 8 औद्योगिक इकाइयां और 41 डीजी सेट से जुड़े थे। आयोग ने बताया कि उल्लंघनों के आधार पर 6 इकाइयों/परियोजनाओं को बंद करने, 31 डीजी सेट सील करने, 6 शो-कॉज नोटिस जारी करने और 11 मामलों में पर्यावरण मुआवजा लगाने का प्रस्ताव रखा गया। एक मामले में आयोग ने एक्ट की धारा 14 के तहत अभियोजन की भी सिफारिश की गई है, जबकि कुछ मामलों को आगे की जांच के लिए प्रदूषण नियंत्रण और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को भेजा गया है। बैठक में खासतौर पर डीजी सेट, निर्माण गतिविधियों, औद्योगिक प्रदूषण और सड़क धूल नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में सख्त निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, तेज कार्रवाई और नियमों के कड़ाई से पालन को प्राथमिकता बताया गया। अबतक के कुल आंकड़ों के अनुसार, अब तक 27,008 इकाइयों/परियोजनाओं का निरीक्षण किया जा चुका है। इनमें से 1,779 मामलों में क्लोजर आदेश जारी हुए, जिनमें से 1,365 को नियमों का पालन करने पर फिर से खोलने की अनुमति दी गई। 123 मामलों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सौंपा गया है, जबकि 291 मामलों पर अभी भी विचार जारी है। आयोग ने साफ कहा है कि वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सख्त कार्रवाई, बेहतर डेटा प्रबंधन और सभी एजेंसियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।

# 100 रुपये की खरीद पर टैक्स के कारण रुपईडीहा बाजार हुआ वीरान

- भारत-नेपाल सीमा पर व्यापार संकट
- नेपाल सरकार की सख्ती से रुपईडीहा में सन्नाटा, व्यापारियों ने की कस्टम नियमों पर पुनर्विचार की मांग

बहराइच समृद्धि न्यूज़




भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने 'रोटी-बेटी' के संबंधों पर अब टैक्स का साया मंडराने लगा है। नेपाल की सरकार द्वारा भंसार यानी कस्टम नियमों में बरती जा रही अत्यधिक सख्ती का सीधा असर अब सीमावर्ती भारतीय बाजारों में दिखने लगा है। बहराइच जिले से सटे रुपईडीहा बाजार की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है और कभी खरीदारों की भीड़ से गुलजार रहने वाले बाजारों में आज सन्नाटा पसरा है। जहां रोजाना 50 हजार से अधिक नेपाली नागरिक अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आते थे, वहां अब इक्का-दुक्का लोग ही नजर आ रहे हैं।

**100 रुपये से अधिक की खरीद पर टैक्स**

इस सन्नाटे की मुख्य वजह नेपाल सरकार का वह फैसला है, जिसके तहत भारत से खरीदे गए 100 रुपये से अधिक के हर सामान पर अब कस्टम शुल्क ड्यूटी अनिवार्य कर दी गई है। चाहे घरेलू सामान हो या निजी जरूरत की कोई अन्य वस्तु, 100 रुपये की सीमा पार करते ही नेपाली नागरिकों को भारी टैक्स चुकाना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह नियम वैसे तो पुराना है, लेकिन इसे अब जिस सख्ती से लागू किया गया है, उसने आम नेपाली नागरिकों और भारतीय दुकानदारों, दोनों की कमर तोड़ दी है। साथ ही, कोल्ड ड्रिंक, रिफाइंड तेल और फलों जैसी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे लोग सामान ले जाने से डरने लगे हैं।

**बाज़ार में पसरा सन्नाटा**

रुपईडीहा के व्यापारियों में नेपाल सरकार के इस फैसले को लेकर भारी आक्रोश और चिंता व्याप्त है. उनका तर्क है कि इस तरह के कड़े नियमों से न केवल व्यापार चौपट हो रहा है, बल्कि भारत और नेपाल के बीच के मधुर व्यापारिक संबंधों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। व्यापारियों की मांग है कि नेपाल सरकार को इन नियमों पर गंभीरता से पुनर्विचार करना चाहिए ताकि सीमावर्ती इलाकों का जीवन पुनः सामान्य हो सके। फिलहाल बाजार का सन्नाटा इस बात का गवाह है कि नियम अगर जरूरत से ज्यादा सख्त हो जाएं, तो वे केवल राजस्व ही नहीं, बल्कि आपसी विश्वास की नींव को भी हिला देते हैं।

**कूटनीतिक समाधान की दरकार**

यह स्थिति दोनों देशों के बीच साझा संस्कृति और आर्थिक गतिविधियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

# जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व विभागीय लापरवाही से जनता परेशान



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज विकासखंड के अंतर्गत बरखुरद्दारापुर चौराहे से बदरौली बाजार जाने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क की हालत पिछले कई वर्षों से अत्यंत खराब बनी हुई है। सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर अतिक्रमण के साथ-साथ छोटे-बड़े गड्ढों में पानी भरा रहने से आवागमन काफी कठिन हो गया है। बरसात और गर्मी के मौसम में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गौरतलब है कि इस मार्ग से जनप्रतिनिधियों का भी आवागमन होता है, इसके बावजूद सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले को लेकर आईजीआरएस (मुख्यमंत्री पोर्टल) पर शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। शिकायत में सड़क के शीघ्र मरम्मत, गड्ढा मुक्त करने तथा चौड़ीकरण की मांग की गई है।

# नेपाल में ट्रैक्टर से कुचलकर दो सगे भाइयों की मौत, तीसरे की हालत गंभीर

- पोस्टमॉर्टम के बाद गांव पहुंचा शव

बहराइच समृद्धि न्यूज़



सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारीकोट के हजारी पुरवा गांव के तीन युवक नेपाल के धनगढ़ी स्थित एक ईट भट्ठे पर मजदूरी करने गए थे, जहां दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिट्टी को सांचे में ढालने के दौरान एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में पवन (19) पुत्र भीम और अजय कुमार (20) पुत्र अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में सगे भाई थे, जबकि घायल युवक उनका पड़ोसी है। घटना में घायल घूरे (17) पुत्र भीम का इलाज नेपाल के धनगढ़ी में ही चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मृतकों के शव का नेपाल में ही पोस्टमार्टम कर मंगलवार को उनके पैतृक गांव भेज दिया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचे, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# सियार का हमला भाई-बहन घायल

**तालाब किनारे खेल रहे थे दोनों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित बनियाहारी गांव में एक सियार ने तालाब किनारे खेल रहे दो मासूम बच्चों पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर सियार भाग गया। घायल बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रावस्ती जनपद के रहने वाले सरवन गुप्ता (7 वर्ष) और उनकी बहन मुस्कान (11 वर्ष) अपने नाना उजलाल के यहां बनियाहारी गांव घूमने आए थे। मंगलवार को वे घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब के किनारे खेल रहे थे, तभी अचानक एक सियार ने उन पर हमला कर दिया। बच्चों की चीख सुनकर तालाब के किनारे मछली पकड़ रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर दौड़े।

# बोन टीबी से उबर बनीं 'टीबी चैंपियन'

**अब गांव-गांव फैला रहीं जागरूकता**

बहराइच समृद्धि न्यूज़



सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर भरोसे की एक प्रेरक कहानी तेजवापुर ब्लॉक से सामने आई है। यहां की रहने वाली 35 वर्षीय रेनू गौतम ने समय पर पहचान और नियमित इलाज से 'बोन टीबी' (हड्डियों की टीबी) जैसी गंभीर बीमारी से उबर कर पूरी तरह स्वस्थ हैं। जो महिला कभी महीनों तक दर्द के कारण बिस्तर से उठ नहीं पा रही थी, वही आज स्वस्थ होकर 'टीबी चैंपियन' के रूप में गांव-गांव जाकर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक कर रही हैं।

**नौ माह के इलाज से मिली नई जिंदगी**

वर्ष 2022 में गर्भावस्था के दौरान रेनू की कमर में तेज दर्द शुरू हुआ, जो प्रसव के बाद इतना बढ़ गया कि चलना-फिरना मुश्किल हो गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में एमआरआई जांच से बोन टीबी की पुष्टि हुई। इसके बाद जनपद के सरकारी अस्पताल से निःशुल्क इलाज शुरू हुआ। दवाओं का असर ऐसा रहा कि एक सप्ताह में वह सहारे से बैठने लगीं और एक महीने में फिर से चलने लगीं। नौ माह के नियमित इलाज और पौष्टिक आहार से वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई। रेनू बताती हैं कि इस दौरान उन्हें मायके और ससुराल दोनों परिवारों का पूरा सहयोग मिला।

**अब तक 300 लोगों को कर चुकी जागरूक**

स्वस्थ होने के बाद रेनू ने जनवरी 2025 में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था से जुड़कर स्वास्थ्य विभाग से 'टीबी चैंपियन' का प्रशिक्षण लिया। अब तक वह स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों में 300 से अधिक लोगों को टीबी के लक्षण, मुफ्त जांच और उपचार की जानकारी दे चुकी हैं। वह लोगों को बताती हैं कि 'समय पर जांच और पूरा इलाज ही टीबी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

**जिले में आधुनिक मशीनों से हो रही जांच**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि टीबी नाखून और बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है, लेकिन समय पर पहचान और नियमित इलाज से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है।

## खबरें एक नजर में

### हीट वेव जागरूकता के लिए टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच हीट वेव से बचाव को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज, अस्पताल रोड में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली के दिशा-निर्देशन में तथा शिक्षक अयाज अहमद की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों में हीट वेव से बचाव के उपाय, जैसे धूप में निकलते समय सिर को ढकना, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलना, हल्के और सूती कपड़े पहनना तथा लू लगने पर प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। इन चित्रों में न केवल कलात्मकता झलक रही थी, बल्कि सामाजिक सरोकार और जागरूकता का गहरा संदेश भी समाहित था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में हीट वेव एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में बच्चों के माध्यम से समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग बनाती हैं। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाए गए पोस्टर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को इस भीषण गर्मी में सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। यह प्रतियोगिता न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि रही, बल्कि हीट वेव जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम भी बनी। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सकारात्मक संदेश प्रसारित किया और सभी को सतर्क एवं सजग रहने की प्रेरणा दी।

### भाजपा कार्यालय से निकला विजय जुलूस एनडीए की जीत पर गूंजा उतरौला

**उतरौला (बलरामपुर)।** असम, पश्चिम बंगाल और पांडुचेरी के विधानसभा चुनावों में एनडीए की ऐतिहासिक सफलता के बाद उतरौला नगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक विजयोत्सव मनाया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता तथा विधायक राम प्रताप वर्मा के पुत्र शशांक वर्मा ने किया। भाजपा कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इसके बाद नेताओं के नेतृत्व में एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे तक पहुंचा। जुलूस में कार्यकर्ताओं की जोरदार नारेबाजी और उत्साह ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस खुशी में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर देवानंद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और विकास कार्यों पर जनता की स्पष्ट मुहर है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह पारदर्शिता, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के हर उस नागरिक की जीत है, जो विकास और प्रगति की सोच रखता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें। विजयोत्सव में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार, महेश कुमार, ददन मिश्रा, अमरनाथ वर्मा, राम अचल वर्मा, गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा, अमरचंद गुप्ता, रोहित गुप्ता, फणींद्र कुमार गुप्ता, बबलू श्रीवास्तव, सभासद ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व सभासद रूपेश कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ यह विजयोत्सव देर तक चर्चा का विषय बना रहा और पूरे नगर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

# शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन, शिक्षामित्रों के मानदेय मे वृद्धि को लेकर आयोजन

- मानदेय वृद्धि का यह निर्णय शिक्षा मित्रों के परिश्रम का सम्मान है: विधायक

बहराइच समृद्धि न्यूज़




जिले मे स्थित उत्थान ऑडोटोरियम, कपूरथला में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि किए जाने के उपलक्ष्य में किया गया। सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए जाने पर समस्त शिक्षा मित्रों में उत्साह, प्रसन्नता एवं आभार का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा मित्र संघ के विभिन्न पदाधिकारी एवं लगभग 200 शिक्षामित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।विधायक बलहा सरोज सोनकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सदैव शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों के सम्मान और हितों के प्रति संवेदनशील रही है। मानदेय वृद्धि का यह निर्णय शिक्षा मित्रों के परिश्रम का सम्मान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्र गांव-गांव में शिक्षा की रोशनी फैलाने का कार्य कर रहे हैं। विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मित्रों ने कठिन परिस्थितियों में भी विद्यालयों को सशक्त बनाने का कार्य किया है। सरकार ने उनके समर्पण को पहचानते हुए यह बड़ा निर्णय लिया है, जिससे उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा मित्र केवल शिक्षक नहीं बल्कि समाज निर्माण के शिल्पी हैं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मानदेय वृद्धि से उनमें नई ऊर्जा का संचार होगा। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# सरवदी से ठाकुर पुरवा जाने वाला खड़ंजा मार्ग बदहाल

**हल्की बारिश में ही आवागमन ठप**



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विशेश्वरगंज अंतर्गत सरवदी से ठाकुर पुरवा को जोड़ने वाला खड़ंजा मार्ग इन दिनों पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। थोड़ी सी बारिश होते ही सड़क पर जलभराव और कीचड़ हो जाता है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोग सोनू, विनोद, गोलू, आदि का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई है। खड़ंजा जगह-जगह से उखड़ चुका है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है। बारिश के दौरान ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे राहगीरों को खतरा बना रहता है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश भी इस मार्ग को दलदल में बदल देती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

# लूट की घटना का सफल अनावरण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दावच्या के नेतृत्व में थाना कर्नलगंज पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0-238/2026 धारा- 309(4), 351(3), 352, 317(2) बीएनएस थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 01 शातिर लुटेरा 1. बृजेश शुक्ला पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार समेत कुल 03 अभियुक्तों 02. अमर शुक्ला उर्फ नन्के, 03. बाबूराम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गये सोने व चांदी के आभूषण, ?6900 नगद, लूट का एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन, वादी का आर्मी कलर का बैग (जिसमें वादी का आधार कार्ड), तथा एक बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल व 01 अदद अवैध तमंचा(315 बोर), 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-थाना को0 कर्नलगंज क्षेत्रांतर्गत राजन सोनी पुत्र सीताराम सोनी निवासी सदर बाजार द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 28/04/2026 को समय करीब प्रातः 09:00 बजे वह अपने घर से बाइक पैशन प्रो से पिट्ठू बैग लेकर अपनी दुकान, सम्मयस्थान चौराहा नारायणपुर माझा जा रहा था। रास्ते में खाटू श्याम मंदिर के मोड़ के आगे पुलिया के पास मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों ने उसे असलहा दिखाकर रोक लिया तथा उसके पास मौजूद बैग, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण एवं नकद धनराशि थी, छीनकर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा पीछा करने पर उक्त व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण के संबंध में तहरीर के आधार पर थाना कर्नलगंज पर मु0अ0सं0 238/26, धारा 309(4), 351(3), 352 बीएनएस के अंतर्गत 03 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। उक्त घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु एस0 ओ0जी0/सर्विलांस सहित कुल 05 टीमों का गठन किया गया था उक्त टीमों द्वारा घटना स्थल के लगभग 75 किलोमीटर के दायरे में करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई।

# 'शिक्षामित्र सम्मान व बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह' का भव्य आयोजन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़



जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 'शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, सांसद गोण्डा के प्रतिनिधि राजेश सिंह, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह तथा जिला विकास अधिकारी/प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सामूहिक रूप से सुना, जिसमें शिक्षामित्रों के योगदान और उनके मानदेय वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में उपस्थित शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के डेमो चेक वितरित किए गए। इस दौरान अतिथियों ने शिक्षामित्रों के समर्पण, निष्ठा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षामित्रों के सम्मान से जुड़ा यह पहल उनके मनोबल को बढ़ाने वाला बताया गया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत परिसर में जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा लगाए गए शैक्षिक स्टालों का भी अवलोकन किया गया। सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्टालों पर प्रदर्शित शिक्षण सामग्री, नवाचारों एवं विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रयासों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# भाजपा का जिला योजना बैठक आयोजित, प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर बनी रणनीति



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा कार्यालय स्थित अटल भवन में जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी दिनों में मंडल एवं बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षण के जिला वर्ग प्रभारी डॉ. रंजन शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है, ताकि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता नए और ऊर्जावान लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य भी करेंगे, जिससे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच सकें। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन सर्वोपरि होता है। अनुशासित कार्यकर्ताओं के बल पर ही कोई भी संगठन सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिले में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पूरे प्रदेश में एक आदर्श स्थापित करेगा और कार्यकर्ताओं को सीखने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

# आँधी में दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

**झझरी गोंडा।** धाने पुर थाना क्षेत्र के गंगा पुरवा गांव के निवासी 60 वर्षीय राम कुमार पुत्र राम लग्न वर्मा सोमवार के दिन अपने टीन शेड के घर में आराम कर रहा था।अचानक तेज आंधी की वजह टीन शेड का दिवाल गिर गया। जिस के नीचे दब कर घायल हो गए। इलाज के लिए मुजेहना सी एस सी पर लाया गया। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। मेडिकल कालेज न भर्ती करा के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के तीन बच्चे राकेश राजेश और दिनेश कुमार है। राजेश ने बताया कि पिता जी टीन शेड के बने मकान में ही रहते थे।

# मत करें चिंता, हर समस्या का कराएंगे समाधान : योगी

## जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की सुनी समस्यायें



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए, सरकार हर समस्या का समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शी निस्तारण किया जाए। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा समीप खड़े अफसरों को समस्या समाधान हेतु दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्चस्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

### योगी सरकार का एसएन मेडिकल कॉलेज अन्य राज्यों के नवजात को भी दे रहा नया जीवन

योगी सरकार द्वारा प्रदेश में नवजात मृत्यु दर आईएमआर को और कम करने के लिए अपग्रेड की जा रही स्वास्थ्य इकाइयों का लाभ दूसरे राज्यों के बच्चों को भी मिल रहा है। नए विकसित हो रहे व अपग्रेड हो रहे सिक न्यूबॉर्न केयर यूनिट एसएनसीयू न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट एनबीएसयू सी-पैप मशीन के प्रयोग से प्रदेश में आईएमआर कम हुआ ही है, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों के नवजातों की जान बचाने में भी यूपी की स्वास्थ्य इकाइयां मददगार साबित हो रहीं हैं। आगरा के सरोजनी नायडू मेडिकल कालेज की ही ले लीजिए। इस मेडिकल कालेज में हर साल मध्यप्रदेश व राजस्थान के तकरीबन 200 बच्चों को नवजीवन मिलता है। मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू के नोडल अधिकारी प्रो. नीरज यादव के मुताबिक यूपी के अलावा इन दोनों राज्यों के एक दर्जन जिलों से आए बच्चों का यहां इलाज किया जाता है। राजस्थान के धौलपुर जिले से आई 27 वर्षीय सुमन ने बताया कि हमारे जनपद के कई बच्चों को एसएन मेडिकल कालेज में नया जीवन मिला है।

# अखिलेश ने केजरीवाल, तेजस्वी और ममता दीदी सबको डुबोया : केशव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



**परिवारवाद और तुष्टिकरण को नकार चुकी है जनता**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला और आगामी राजनैतिक परिदृश्य को लेकर भाजपा के संकल्प को दोहराया।प्रयागराज में मीडिया से मुखातिब उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा ने दशकों तक केवल श्आधी आबादीश् का शोषण किया है। ये दल जातिवाद, परिवारवाद और अपराधियों के संरक्षक हैं। कांग्रेस और सपा का इतिहास गवाह है कि विकास के नाम पर केवल अपने परिवारों का भला किया है। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई है, हिंदुओं का अपमान उनकी आदत है। अब देश में केवल काम की राजनीति चलेगी। भारतीय जनता पार्टी श्सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वासश के सिद्धांत पर चलती है। यदि भाजपा चुनाव आयोग, केंद्रीय मशीनों या अन्य संस्थाओं का दुरुपयोग करती, तो आज तमिलनाडु और केरल में भी हमारी सरकारें होतीं।ष् भाजपा केवल जनमत और लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर चुनाव जीतती है न कि संस्थाओं के बल पर।सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर करारा कटाक्ष किया। उपमुख्यमंत्री बोले, अखिलेश ने अरविंद केजरीवाल का साथ दिया, परिणामतः वे दिल्ली हार गए। तेजस्वी यादव का साथ दिया, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वे ममता दीदी को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देख रहे थे, लेकिन जनता ने उन्हें बंगाल से विदा होने का स्पष्ट संकेत दे दिया है।श्री मौर्य ने कहा कि जनता का अटूट विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व पर है और परिवारवादी राजनीति का अंत निश्चित है।

## खबरें एक नजर में

### प्रथम बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** प्रथम बड़े मंगल के उपलक्ष्य में ठाकुरगंज के



मुसाहबगंज क्षेत्र में चौक के न्यू त्रिवेदी स्वीट कार्नर द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा 11 बार का पाठ किया गया इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से दिनेश चन्द्र त्रिवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, विवेक त्रिवेदी, विभुम त्रिवेदी,पंडित तुषार शर्मा त्रिवेश सिंह, खुश राजपूत, अमन अवस्थी, अर्जुन अवस्थी, अमन कुमार वर्मा, सुमित साहू आदि सभी ने मिल कर प्रसाद वितरण किया और प्रदीप कुमार वर्मा ने संकटमोचन वीर हनुमान जी से सबके संकट हरने कि प्रार्थना की।

### पहले बड़ा मंगल पर डीएम ने पूड़ी-सब्जी बांटी सिलेंडर महंगा होने पर गन्ने के रस का भंडारा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** ज्येष्ठ महीने का आज पहला बड़ा मंगल है। लखनऊ में 1000 से ज्यादा जगहों पर भंडारे चले। नगर निगम में इस मंगल के लिए 348 भंडारों का रजिस्ट्रेशन है। जिलाधिकारी विशाख जी. ने कैसरबाग स्थित यूपी प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की तरफसे आयोजित भंडारे में पूड़ी बांटी। हजरतगंज में एक युवक ने 4 क्विंटल गन्ने के रस का भंडारा कराया। उसने कहा कि कॉमर्शियल सिलेंडर महंगा होने पर बिना सिलेंडर के ही भंडारा करा दिया है। बजरंगबली ने सब दिया है। उनकी कृपा से भंडारा पूरा हुआ। दोस्तों के साथ मिलकर 4 क्विंटल गन्ना और 1 क्विंटल बर्फ का भंडारा कराया। राजधानी में सोमवार आधी रात 12 बजे से ही मंदिरों में हनुमानजी की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। भक्त बजरंगबली के सामने हाथ जोड़कर, कान पकड़कर माफी मांग रहे हैं। अलीगंज प्राचीन मंदिर, पुराने हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु, हनुमंतधाम, गुलाचीन, लेटे हनुमान मंदिर में भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर हनुमानजी की तस्वीर शेयर कर प्रदेश के लोगों के पहले बड़े मंगल की बधाई दी है।

### खाली प्लॉट में हिस्ट्रीशीटर का शव मिला 6 महीने पहले भाई की हुई थी हत्या

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में खाली प्लॉट में हिस्ट्रीशीटर का शव मिला है। पीजीआई कोतवाली में उसके खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज हैं। 6 महीने पहले उसके भाई की हत्या कर दी गई थी। वह एक मामले में जेल गया था। कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूटकर बाहर आया था। मंगलवार सुबह उसका शव मिला। घटना सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के नगराम रोड स्थित सेक्टर-8 अवध विहार योजना की है। मृत हिस्ट्रीशीटर की पहचान पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के रेवतापुर निवासी सचिन यादव (30) के रूप में हुई। शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। शव करीब 24 घंटे पुराना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 9.31 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि में सड़क किनारे प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की खुद ही शिनाख्त की। इसकी सूचना परिजनों को सूचना दी। शव मिलने वाली जगह मृतक के घर से 3 किलोमीटर दूर है। सुशांत गोल्फसिटी थाना प्रभारी राजीव रंजन उपाध्याय का कहना है कि सचिन एक मामले में जेल में बंद था। कुछ समय पहले ही जेल से जमानत पर बाहर गया था। कुछ महीने पहले पारिवारिक विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों के 10 लोग जेल गए थे। मृतक शव पर कई चोट के निशान हैं। 21 अक्टूबर 2025 को मृतक के भाई सोनू यादव की हत्या की गई थी। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया है कि वह घर पर कम रहता था और अक्सर बाहर घूमता रहता था।

### कैफे में लगी भीषण आग, दमकल की 2 गाड़ियों ने पाया काबू

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के मड़ियाव थाना क्षेत्र स्थित आईआईएम रोड पर सोमवार देर रात एक कैफे में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरे कैफे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। आग लगने से कैफे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। यह कैफे करीब चार महीने पहले ही शुरू किया गया था। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की लपटें उठती देख तुरंत फायर विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बीकेटी फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कैफे में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया।

# महिला आरक्षण लागू करें या फिर स्वीकार करें कि वह महिलाओं के हितों के खिलाफ हैं: अखिलेश

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए महिलाओं का आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट में भाजपा को चुनौती दी कि या तो वह उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महिला आरक्षण लागू करें या फिर खुले तौर पर स्वीकार करे कि वह महिलाओं के हितों के खिलाफ है। उन्होंने पोस्ट में कहा, पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की मांग है कि जो महिला आरक्षण समस्त विपक्ष ने मिलकर संसद में सहर्ष पास किया है उसे 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा भाजपा सरकार तत्काल करे या कह दे कि पुरुषवादी भाजपाई और उनके सामंती संगी-साथी महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ हैं। यादव ने कहा, जब तक यह घोषणा नहीं होगी तब तक हम यह बात हर हफ्ते जगह-जगह उठाते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह समाजवादी पार्टी पर संसद में महिला आरक्षण को रोकने का इल्जाम लगा रहे हैं। यादव की यह मांग उनकी पार्टी की व्यापक पीडीए रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत साल 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंकों को मजबूत करने का मंसूबा है। साल 2011 की जनगणना पर आधारित परिसीमन प्रक्रिया के बाद 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए लोकसभा सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 किया जाना था। इसके अलावा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को समायोजित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाई जानी थीं। इस सिलसिले में केंद्र सरकार द्वारा लाया गया संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पिछली 17 अप्रैल को संसद में पारित नहीं हो सका था। उसके बाद से भाजपा लगातार विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगा रही है।

# गन्ने की फसल पर चूसक कीटों का खतरा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

**गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने किसानों को बताए बचाव के उपाय**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार गन्ना किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने फसल को कीटों से बचाने के लिए अलर्ट जारी किया है। अपर गन्ना आयुक्त वीके शुक्ला के मुताबिक इस समय चूसक कीटों का खतरा मंडरा रहा है। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने जरूरी सुझाव दिए हैं। वर्तमान में तापमान अधिक होने के कारण उत्तर प्रदेश में गन्ने के पौध और पेड़ी फसल में चूसक कीटों का प्रकोप देखा जा रहा है, जिससे फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने इन चूसक कीटों की पहचान, लक्षण एवं प्रभावी नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी किसानों के लिए साझा की है।काला चिकटा चूसक कीट काले रंग का होता है। इसका प्रकोप अधिक तापमान व शुष्क मौसम समान्यतः अप्रैल से जून में पेड़ी में अधिक व बावक फसल में कम दिखाई देता। प्रभावित पौधों की पत्तियों पीली हो जाती हैं और उन पर कत्थई रंग के धब्बे पाए जाते हैं। इसके शिशु पत्रकंचुक एवं गन्ने के गोंफ के मध्य में पाये जाते हैं। प्रौढ़ तथा शिशु दोनों पत्तियों का रस चूसते हैं, जिससे गन्ने की बढ़वार रुक जाती है।वहीं थ्रिप्स कीट बहुत छोटे लगभग 2-3 मिमी आकार के होते है। मादा कीट गहरे भूरे रंग व नर हल्के रंग के होते है। इसका प्रकोप अधिक तापमान व शुष्क मौसम में तेजी से होता है। थ्रिप्स पत्ती की उपरी सतह के अंदर अंडे देते है व निम्फ निकलकर पत्ती के रस चूसते हैं। पत्ती का अग्रभाग मुड़ कर नुकीला हो जाता है।

### बीजेपी की पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी मे सरकार बनने की भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल ने दी बधाई



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

भारतीय उधोग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश कार्यालय विकास नगर मे भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल असम एंव पुडुचेरी मे सरकार बनने पर एक दूसरे को लडडू खिलाकर खुशी का इजहार किया।भारतीय उधोग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मेयर प्रत्याशी लखनऊ भाजपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता के अगुवाई मे आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल मे एतिहासिक भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने एंव असम पुडुचेरी मे पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर एक दूसरे को बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सरकार बनने के खुशी का इजहार किया गया। अजय त्रिपाठी मुन्ना रितेश गुप्ता ने कहा की पिछ्ले 15 वर्षो से पश्चिम बंगाल मे ममता बनर्जी की सरकार थी उस दौरान वहां का उधोग एंव व्यापार सरकार की गलत नीतियो के कारण प्रदेश मे गुण्डागर्दी के कारण धीमे या बन्द होते चले गए या वहा से पलायन कर गए। बंगाल की जनता एंव वहा के उधमी व्यापारी ममता सरकार एंव ञ्ज रूष्ट के नेता एंव कार्यकर्ताओ के तानाशाही एंव गुण्डागर्दी के कारण सही वक्त एंव चुनाव का इन्तजार कर रहे थे।पश्चिम बंगाल मे चुनाव आने पर उधमी व्यापारी सहित सभी आम जनमानस एंव वहा की माता बहनो ने भारी मतदान करके जहा एक तरफ ममता सरकार को हटाने का कार्य किया। वही पर प्रचण्ड बहुमत की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का कार्य किया।

पश्चिम बंगाल ,असम,पुडुचेरी मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश कार्यालय विकास नगर मे अजय त्रिपाठी मुन्ना रितेश गुप्ता अनुज साहू बिजय गुप्ता जितेन्द्र गुप्ता ताज ख़ान सुनील जयसवाल मोहम्मद लाल आशु गुप्ता दुर्गेश गुप्ता नीरज गुप्ता उपस्थित सभी लोगो ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी देश के गृह मंत्री अमित शाह देश के लोकप्रिय रक्षामंत्री लखनऊ के लोकप्रिय सासंद माननीय राजनाथ सिंह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी सरकार बनने की बहुत बहुत बधाई।

# उपभोक्ता परिषद की याचिका पर आयोग ने 24 घंटे में मांगा जवाब

**आयोग की घेराबंदी से पावर कॉरपोरेशन पर कार्यवाही तय**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं बिजली कनेक्शनों को लेकर चल रहा विवाद अब और अधिक गंभीर हो गया है। जहां कल प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीपीसीएल ने उपभोक्ताओं पर प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त करने तथा 75 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने का ऐलान किया था, वहीं अब विद्युत नियामक आयोग की सख्ती से पावर कॉरपोरेशन पर कठोर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। वहीं दूसरी और पावर कॉरपोरेशन में कल प्रेस नोट जारी किए जाने के बाद अभी तक लिखित में कोई भी कार्यालय आदेश नहीं दिखाई दिया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा 16 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद कि याचिका पर पावर कॉरपोरेशन से 10 दिन में मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है, किंतु अब तक पावर कॉरपोरेशन द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया ।आयोग द्वारा इस लापरवाही को गंभीरता से लिया गया है। अब विद्युत नियामक आयोग ने यूपीपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक को 24 घंटे के भीतर पूरे मामले पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा आयोग दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि पावर कॉरपोरेशन पूरे मामले में पारदर्शिता बरतने से बच रहा है तथा उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी कर रहा है। आयोग के निर्देशों की अनदेखी यह भी संकेत देती है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) तथा भारत सरकार एवं केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। जबकि बिजली कंपनियों को आयोग द्वारा जारी कॉस्ट डेटा बुक के अनुरूप कार्यवाही करनी चाहिए थी।। परिषद का आरोप है कि प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन केवल प्रीपेड मोड में दिए जा रहे हैं तथा मौजूदा पोस्टपेड कनेक्शनों को उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड में बदला जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य श्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा समय-सीमा के भीतर जवाब न देना उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है और यह उपभोक्ताओं के साथ अन्याय का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पावर कॉरपोरेशन के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# तहसील न कचहरी, घर बैठे मिलेगी प्रमाणित खतौनी

**डिजिटल पहल से राजस्व सेवाएं आसान, 24 घंटे सुविधा**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश सरकार ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए खतौनी की प्रमाणित नकल प्राप्त करने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दिया है। अब लोगों को तहसील या कचहरी के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं और घर बैठे कुछ आसान चरणों में प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद द्वारा शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत नागरिक राजस्व विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं। 'खतौनी की नकल' विकल्प का चयन कर जनपद, तहसील और ग्राम की जानकारी भरनी होती है तथा संबंधित गाटा संख्या का चयन करना होता है। निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करते ही प्रमाणित प्रति तुरंत डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो जाती है। सुविधा 24 घंटे संचालित है, यूपीआई सहित विभिन्न डिजिटल भुगतान माध्यमों को सपोर्ट करती है। इस पहल से समय, श्रम और अनावश्यक खर्च की बचत होगी, प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी होगी। प्रदेश सरकार की यह डिजिटल पहल राजस्व संबंधी सेवाओं को आधुनिक, सरल और आमजन के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### बड़े मंगल पर महापौर ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के पावन 'बड़े मंगल' के अवसर पर नगर निगम, लखनऊ द्वारा श्री महावीर जी मेला पौशाला समिति के तत्वावधान में भव्य भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और विधिवत पूजन-अर्चन कर शहर की सुख-समृद्धि एवं नागरिकों के कल्याण की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल सुंदर कांड के पाठ से हुई, जिसके उपरांत भंडारे का शुभारंभ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। महापौर ने स्वयं उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

**पारदर्शिता** | **यही समितियां लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावी व उत्तरदायी बनाती हैं**

# समितियों को सशक्त किए बिना लोकतंत्र अधूराः सतीश महाना

**विधानसभा समितियों को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है: महाना**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संविधान में विधानसभा समितियों को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यही समितियां लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावी तथा उत्तरदायी बनाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वायदों को धरातल पर उतारने में समिति प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। श्री महाना राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित लोकसभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की द्वितीय बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

श्री महाना ने कहा कि अधिकारियों की समितियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित होना ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संसदीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए समिति प्रणाली को सशक्त और परिणामोन्मुख बनाना अनिवार्य है। यदि समितियों की सिफारिशों पर समयबद्ध और गंभीरता से अमल



किया जाए तो शासन व्यवस्था में व्यापक सुधार संभव है। इस उच्चस्तरीय समिति में देश के कई राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष शामिल हैं। समिति की अध्यक्षता मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कर रहे हैं। श्री महाना ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में मिनी सदन के रूप में कार्य करती है, जहां विषयों पर विस्तृत चर्चा और सूक्ष्म परीक्षण संभव होता है। इससे न केवल सदन का समय बचता है, बल्कि निर्णय अधिक व्यावहारिक और जनहितकारी बनते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि महत्वपूर्ण विधेयकों को अनिवार्य रूप से समितियों के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि उनकी गहन समीक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि समितियां अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखती हैं, उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करती हैं और शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाए रखने का कार्य करती हैं। श्री महाना ने अंत में कहा कि समिति प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों की भागीदारी, आधुनिक तकनीक का उपयोग, नियमित प्रशिक्षण तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं और अधिक मजबूत, उत्तरदायी और जनकेन्द्रित बनेंगी। बैठक में समिति प्रणाली की समीक्षा, उसकी प्रभावशीलता बढ़ाने तथा संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक से पूर्व सभी सदस्यों ने राजस्थान विधानसभा के सदन, भवन एवं संग्रहालय का अवलोकन किया तथा औषधीय पौधशाला और विभिन्न प्रदर्शनियों का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया।

# अजय राय मेदांता से हुए डिस्चार्ज

**डॉक्टरों ने दी कुछ दिन आराम करने की सलाह**

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को मंगलवार को मेदांता अस्पताल से छुट्टी दे दी। मंगलवार सुबह डॉक्टरों के राउंड के बाद उन्हें हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करने की अनुमति दी गई थी। डॉक्टरों ने अगले कुछ दिनों के लिए उन्हें आराम करने की सलाह दी हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले 1 मई की शाम अचानक बेचौनी और घबराहट के बाद बेहोश होने पर उन्हें मेदांता में भर्ती कराया गया था। शुरुआती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कर आईसीयू में निगरानी में रखा था। अजय राय की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद वाराणसी से लेकर दिल्ली तक इसकी चर्चा रही। मेदांता में भर्ती होने के अगले ही दिन पीएम मोदी और राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जल्द स्वास्थ्य सुधार की कामना की थी। डॉक्टरों की टीम ने लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी और आवश्यक जांचें कराई। उनकी कंडीशन को देखते हुए उन्हें आईसीयू में रखा गया था। मेदांता के आईसीयू इंचार्ज और सीनियर डॉक्टर डॉ.दिलीप दुबे की निगरानी में उनका इलाज शुरू किया गया। चार दिनों तक चले उपचार और निगरानी के बाद उनकी सेहत में सुधार हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि अब उनकी हालत पूरी तरह स्थिर है। और जरूरी चिकित्सकीय मानकों पर सुधार मिलने के बाद उन्हें डिस्चार्ज करने का निर्णय लिया गया है।



# वित्त मंत्री ने शिक्षामित्रों को वितरित किए मानदेय वृद्धि के चेक

- शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि पर गन्ना शोध परिषद में सम्मान समारोह का आयोजन
- शिक्षा मित्रों को बड़ी सौगात, मानदेय 10 हजार से बढ़कर 18 हजार सम्मान समारोह में दिखा उत्साह



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त 1.43 लाख शिक्षामित्रों की मानदेय में बढ़ोतरी 10,000 से बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह के उपलक्ष्य में जनपद गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के प्रेक्षागृह में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से आए 300 से अधिक शिक्षामित्रों के साथ देखा गया। शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा अभिभावक जिस अटूट विश्वास के साथ अपने बच्चों को आपके पास भेजते हैं, उन बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाने की जिम्मेदारी आपके ऊपर है। प्रदेश सरकार ने यह तय किया है कि शिक्षामित्रों को उनके निकट के विद्यालय में कार्य करने का अवसर मिले और उनके लिए 5 लाख रुपए तक के कैशलैस इलाज की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शिक्षामित्र के मानदेय वृद्धि पर करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। सभी शिक्षक कर्तव्य और निष्ठा से अपने कार्यो को करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने में अच्छी आदतें डालें जिससे बच्चों में भी अच्छी आदतें हो। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 18000 रुपए एवं अनुदेशकों को 17000 मानदेय बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरीके से आगे भी वृद्धि होती रहेगी। घ्शिक्षक को सबसे पहले संवेदनशील होना चाहिए। अगर हम अपने विद्यालय आने वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील होंगे तो अतः प्रेरणा से उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि संवेदनशीलता ही वह गुण है जो हमें न्याय देने की ओर ले जाता है। उन्होंने आवाह्न किया कि शिक्षामित्र मेहनत से विद्यालयों में शिक्षण करें, और उनके हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शिक्षामित्रों को मानदेय वृद्धि का प्रतीकात्मक चेक सौंपा। एसआरजी-एआरपी टीम ने कार्यक्रम स्थल पर मॉडल प्रदर्शनी लगाकर विभाग की योजनाओं का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया ।

# बच्चों ने निकाली सर्व शिक्षा अभियान के तहत रैली




शाहजहांपुर। मंगलवार को ग्राम पंचायत गंगसरा में राजधानी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सर्व शिक्षा अभियान जागरूकता रैली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मनोज कुमार यादव के द्वारा रैली का संचालन किया गया। रैली में धीरज कुमार वर्मा, अनुराग ठाकुर, ओमपाल वर्मा, रुस्तम यादव, सुधा पटेल, चेतन पटेल, अंजलि पटेल सभी ने रैली में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। नई ऊर्जा के साथ ग्राम वासियों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक किया। मुख्य अतिथि मनोज यादव प्रधान ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए शिक्षा में बच्चों को अग्रसर करने हेतु उनके माता-पिता को जागरुक करते हुए शिक्षा पर अत्यधिक बल दिया। जिससे कि क्षेत्र का ग्राम सभा का विकास हो सके।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली शाहजहांपुर।** महिला की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना सिधौली क्षेत्र के गांव जसवंतपुर नौगमा निवासी भगवान देई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल को गांव का ही राजीव उन्हें अकेला पाकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी-डंडों से मारपीट की और उनका गला दबाने की कोशिश की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद महिला ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक पर तीन सवारी लेकर चलना पड़ा महंगा, 16 का चालान



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बाइक पर तीन सवारियां लेकर चलना महंगा पड़ा यातायात पुलिस ने 16 बाइको के चालान काटे। नगर के राजीव चैक पर ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई देखने को मिली। तीन सवारियों को लेकर चल रहे वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए यातायात पुलिस ने कुल 16 चालान काटे ।नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करते हुए सबसे ज्यादा बाइक पर ट्रिपल सवारियों को लेकर चालन काटे, वहीं बड़ा रोड, निगोही रोड, शाहजहांपुर रोड पर अक्सर जाम का कारण बनते जा रहे ई रिक्शा जिससे आवागवन बाधित होता है। ऐसे ई रिक्शा चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल अरविंद, कांस्टेबल परीक्षित तेवतिया, कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल सचिन शामिल रहे।

### ब्लॉक प्रमुख के आवास पर धार्मिक कथा का आयोजन

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र गांव सिल्हुआ में धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश कुमार दीक्षित (लखीमू) व ब्लॉक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित के निजी आवास पर श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत रमेश भाई शुक्ल के मुखारविंद से संपन्न होगा, जिसमें धर्म, आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। बताया गया कि कथा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का भी आयोजन होगा, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कर सकेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का अवसर मिलता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी भी देखी जा रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में लूट का आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



**निगोही, शाहजहांपुर।** पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अवैध शस्त्र, चोरी की मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान बरामद किया गया। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बीती रात्रि थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि 17 अप्रैल को कस्बा निगोही स्थित हमजापुर बाईपास पर एक महिला से कुण्डल झपट्टा मारकर लूट की घटना कारित करने वाला आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल से पुनः किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में पुवायां की ओर से हमजापुर चैराहे की तरफ आ रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखकर आरोपी अपनी मोटरसाइकिल ग्राम कटैया उस्मानपुर की ओर मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर कुछ दूरी पर अभियुक्त की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके उपरांत अभियुक्त मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की ओर भागने लगा तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त वीरेश उर्फ शिवा राठौर पुत्र हरिराम निवासी कस्बा व थाना शाहबाद, जनपद हरदोई के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1 तमंचा देशी 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 पीली धातु का कुण्डल, 1 चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर रंग काला, 1 हेलमेट, 1 की पैड मोबाइल तथा 210 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट तहत रिपोर्ट पंजीकृत की। गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी निगोही भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## कचहरी सड़क पर महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा

**शाहजहांपुर।** मंगलवार की दोपहर कचहरी कलेक्ट्रेट मार्ग पर एक महिला ने न्याय की गुहार लगाने के लिए सड़क पर लेट गयी। जिस कारण सड़क पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। महिला का आरोप था कि उसको रेलवे स्टेशन पर एक वेंडर द्वारा मारापीटा गया और उसके रुपये पैसे भी छीन लिए गये। उसकी कही सुनवाई नहीं हो रही है। महिला के द्वारा सड़क पर लेटकर किए जा रहे हंगामा की खबर पाकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन फानन में पुलिस ने पहुंचकर महिला की परेशानी सुनी और उसको न्याय देने की बात कही और काफी समझा बुझाकर उसको सड़क से हटाया। तब जाकर यातायात सुचारू रूप से चल सका।

# बंगाल में 'भगवा लहर' की चर्चा से शाहजहांपुर गदगद, भाजपाइंयों ने मनाया जश्न

**जलालाबाद, शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिम बंगाल के सियासी समर में बड़े बदलाव की आहट ने जिले के भाजपाइयों में जोश भर दिया है। बंगाल में भगवा लहर की चर्चाओं के बीच शाहजहाँपुर की सड़कों पर जीत जैसा माहौल नजर आया। भाजपा की तेज-तर्रार नेत्री और समाजसेवी अपूर्वा ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर अपनी खुशी का इजहार किया। घ्मंगलवार को शहर के प्रमुख चैराहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। हाथ में पार्टी का झंडा और जुबां पर जीत के नारे लिए कार्यकर्ता झूमते नजर आए। अपूर्वा ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और मिठाइयां बांटकर बंगाल में होने वाले संभावित परिवर्तन का स्वागत किया। घ्इस मौके पर मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा नेत्री अपूर्वा ठाकुर ने कहा कि बंगाल की जनता अब हिंसा और डर की राजनीति से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ-सबका विकास वाली नीति ने बंगाल के घर-घर में पैठ बना ली है। वहां दिख रही परिवर्तन की लहर यह साबित करती है कि देश अब केवल विकास और स्थिरता की राजनीति चाहता है। घ्अपूर्वा ठाकुर ने आगे कहा कि बंगाल की यह सियासी हलचल आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी। शाहजहाँपुर में कार्यकर्ताओं का यह उत्साह यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा का आधार हर बीतते दिन के साथ और मजबूत हो रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने इस महाजश्न को ऐतिहासिक बताया।

## दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** पिकअप की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव महुआ पाठक निवासी नीतीश कुमार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि 2 मई की शाम करीब 7.50 बजे उनके पिता राजकुमार (55) चैराहे पर घर का सामान लेने गए थे। इसी दौरान पुवायां की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर जगह जगह आयोजित किए गए भंडारे

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया। नगर के तुलाराम बाबा, राजीव चैक, महावीर विराजमान मंदिर, बालाजी मंदिर, नेहरू चैराहा, चैराहा बाजार, तिराहा बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गंगसरा के लहिया बाबा मंदिर, बितौनी के नवीन शिव मंदिर, नाहिल के विभिन्न मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों ने प्रसाद का आनंद लिया। इस दौरान बितौनी मंदिर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम के आयोजक नरेंद्र शुक्ला ने बताया कि ज्येष्ठ मास हनुमान जी को समर्पित है। सुख समृद्धि की कामना के साथ बड़े मंगलवार को हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जिससे उनकी कृपा प्राप्त होती है। इसलिए सनातनी इस माह के मंगलवार को बड़े उत्साह एवं पर्व के रूप में मनाते हैं। इस दिन मंदिरों पर भंडारा आयोजित कर राहगीरों को प्रसाद वितरण कराया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से मंगल दोष दूर होता है और जीवन के कष्ट टल जाते हैं। हनुमान जी को बूंदी के लड्डू, गुड़-चना, केसरिया इमरती और मीठा पान चढ़ाना बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन भंडारे आयोजित करने और राहगीरों को भोजन, जल, शरबत पिलाने की विशेष परंपरा है।

## सहकारी समिति दिउरिया केंद्र पर यूरिया वितरण में किल्लत

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।**



सहकारी समिति दिउरिया गुटैया केंद्र पर मंगलवार को यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही किसान की लंबी लाइन लग गई। लेकिन तीन से चार घंटे बीत जाने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल सकी। गंगसरा के दिउरिया गोटिया केंद्र पर खाद वितरण में किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आगामी धान की फसल को लेकर मंगलवार को सुबह से लाइन में खड़े किसानों को खाद नहीं मिल सकी। वही समिति सचिव हरिओम शुक्ला ने खाद वितरण में देरी का मुख्य कारण नेटवर्क में कमी बताया। जिसके कारण पास मशीन नहीं चल पा रही है। जिसके चलते वितरण प्रक्रिया रुकी हुई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी धीमे नेटवर्क के चलते वितरण सुचारू रूप से नहीं हो सका। वही गंगसरा पकड़िया क्षेत्र में भी मशीन नहीं चल पा रही है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। वहीं, लाइन में लगे किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि समिति कर्मचारी आए दिन सर्वर डाउन तो कही मशीन न चल पाने का बहाना बनाते रहते हैं जिससे किसानों को दिनभर लाइन में लगे रहने के बाबजूद बिना खाद लिए मायूस होकर घर वापस लौट जाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि वे घर से बिना खाना खाए निकले थे और घंटों इंतजार के बावजूद अभी तक यूरिया नहीं मिल पाई है। किसानों ने मजबूरी जताते हुए कहा कि खेती के लिए खाद जरूरी है, इसलिए परेशानी के बावजूद लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है।

# दवा मिलने में देरी पर मेडिकल स्टोर संचालक पर ताना तमंचा, दो गिरफ्तार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मेडिकल स्टोर संचालक पर तमंचा तानने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। इस घटना के बाद, एक आरोपी का थाने के अंदर हाथ जोड़ते हुए फोटो भी सामने आया है। यह घटना रविवार शाम जलालाबाद थाना क्षेत्र के पुरैना गांव के बाहर स्थित राघवेंद्र सिंह के मेडिकल स्टोर पर हुई। गुनारा निवासी संजय कुमार अपने टूटे पैर की दवा लेने मेडिकल स्टोर पहुंचा था। मेडिकल स्टोर पर भीड़ अधिक होने के कारण संचालक ने संजय को बैठाया और चाय भी पिलाई। हालांकि, दवा मिलने में देरी होने पर संजय ने संचालक से विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर संजय ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद अल्हागंज के ठिंगरी निवासी शोभित तमंचा लेकर मौके पर पहुंचा। विवाद इतना बढ़ गया कि शोभित ने मेडिकल स्टोर संचालक राघवेंद्र सिंह पर तमंचा तान दिया। लगभग एक मिनट 23 सेकंड का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें आरोपी लगातार धमकाता दिख रहा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी संजय कुमार तथा तमंचे के साथ शोभित को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, नितिन ठाकुर उर्फ कालू और अमित ठाकुर उर्फ खड़खड़ मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की है। सोमवार को आरोपी के दो फोटो सामने आए हैं। एक फोटो में वह तमंचा ताने दिख रहा है, जबकि दूसरे में वह थाने के अंदर हाथ जोड़कर खड़ा है। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# आयुष की त्रिवेणी से शाहजहांपुर के 650 से अधिक गांवों में हुआ स्वास्थ्य का संचार




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 650 से अधिक गांवों में आयोजित आयुष चिकित्सा शिविरों का अभियान सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसके अंतर्गत लगभग 20,000 से अधिक रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श तथा निः शुल्क औषधियां प्रदान की गई। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष की सभी पद्धतियों -आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी को जन-जन तक पहुँचाया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सिराज अहमद अंसारी ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए विशेष रोस्टर के अनुसार जिले के हर कोने में चिकित्सा दल पहुँचे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य न केवल उपचार करना था, बल्कि आयुष पद्धतियों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाना भी था। डॉ. सिराज अहमद अंसारी के नेतृत्व में विभाग ने दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की, जिससे रिकॉर्ड संख्या में मरीजों का निरूशुल्क पंजीकरण और उपचार संभव हो सका। घ्अभियान के दौरान महिला एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शबीना नाज अंसारी ने जानकारी दी कि शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने होम्योपैथी पद्धति का लाभ उठाया। डॉ. शबीना नाज अंसारी ने बताया कि बच्चों की सामान्य समस्याओं और महिलाओं के पुराने रोगों के लिए होम्योपैथी अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई है। इन शिविरों में विशेषज्ञों द्वारा निरूशुल्क परामर्श के साथ-साथ होम्योपैथी की औषधियां भी वितरित की गई।घ् घ्जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने अवगत कराया कि डॉ. सिराज अहमद अंसारी और डॉ. शबीना नाज अंसारी के कुशल समन्वय से आयुष विभाग ने जिले के स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# वोट हमारा, नेता पराया! क्या इस बार खुदागंज को मिलेगा उसका हक?

- स्थानीय नेतृत्व की अनदेखी से बढ़ा असंतोष, युवा चेहरों से जागी उम्मीद: सै. अजहर उस्मान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र की राजनीति लंबे समय से उपेक्षा और प्रतीक्षा के दौर से गुजर रही है। स्वर्गीय एमएलसी जगदीश सिंह के कार्यकाल के बाद आज तक क्षेत्र को ऐसा सशक्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया, जो प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर इसकी आवाज को मजबूती से उठा सके। यही कारण है कि क्षेत्र की जनता के बीच अब यह सवाल तेजी से उठ रहा हैकृ÷वोट हमारा, नेता पराया कब तक?। राजनीतिक दलों ने समय-समय पर स्थानीय नेताओं को संगठन में स्थान तो दिया, लेकिन उन्हें निर्णयकारी भूमिका से दूर रखा। इससे क्षेत्रीय राजनीति में निराशा और असंतोष का माहौल साफ तौर पर देखा जा सकता है। इस बीच, स्वर्गीय जगदीश सिंह के परिवार ने जनसेवा की परंपरा को बनाए रखा है। उनकी पुत्रवधू सुधा सिंह लगातार तीसरी बार नगर पंचायत खुदागंज का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जबकि उनके पुत्र सुधीर सिंह भी पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। यह परिवार आज भी क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा का उदाहरण पेश कर रहा है। इसके बावजूद, बड़े राजनीतिक मंचों पर खुदागंज को अब तक वह स्थान नहीं मिल पाया जिसकी अपेक्षा जनता वर्षो से करती आ रही है। पिछले चुनावों में भी स्थानीय नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की, लेकिन उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं मिला। पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह ने भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी, वहीं 2012 के चुनावों में कठिन परिस्थितियों के बावजूद सुधीर सिंह ने चुनावी मैदान में संघर्ष किया। बाद के वर्षो में भाजपा को क्षेत्र से भारी समर्थन मिला, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय नेतृत्व को आगे बढ़ाने में कमी देखी गई। ब्लॉक प्रमुख चुनाव में रोहित सिंह ने भी संघर्ष किया, लेकिन बेहद कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जिस प्रत्याशी के खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा, बाद में वही भाजपा से उम्मीदवार बनकर निर्विरोध जीत हासिल करते रहे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी ने खघ्दागंज की अपेक्षा कटरा क्षेत्र को अधिक प्राथमिकता दी, जिससे यहाँ के कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ी है। कटरा क्षेत्र से जुड़े नेताओं को महत्वपूर्ण पद मिलने से यह असंतुलन और स्पष्ट हुआ है। गौरतलब है कि 2014 के बाद से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में खुदागंज क्षेत्र ने भाजपा को मजबूत बढ़त दिलाई है। इसके बावजूद, क्षेत्र को केवल आश्वासन ही मिला, ठोस प्रतिनिधित्व नहीं। अब क्षेत्र में नए और युवा चेहरों से उम्मीद जगी है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर रोहित सिंह ने हाल के वर्षो में अपनी सक्रियता से जिले की राजनीति में पहचान बनाई है। अपने दादा स्वर्गीय जगदीश सिंह और पिता सुधीर सिंह की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वह लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसेवा में जुटे हैं। वर्तमान में वह ग्राम प्रधान हैं, जबकि उनकी पत्नी क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में सक्रिय हैं। वहीं, पिछली विधानसभा चुनाव में ताहरपुर निवासी सुखविंदर सिंह ने भी एक युवा चेहरे के रूप में अपनी दावेदारी पेश कर क्षेत्रीय राजनीति में नई दिशा देने का प्रयास किया था। खुदागंज की जनता अब बदलाव चाहती है। लोगों की मांग है कि उन्हें बाहरी नहीं, बल्कि अपने बीच का ऐसा नेता मिले जो उनके मुद्दों को सदन में मजबूती से उठा सके। आने वाले चुनाव यह तय करेंगे कि क्या इस बार राजनीतिक दल खुदागंज की अनदेखी खत्म कर उसे उसका हक देंगे, या फिर वोट हमारा, नेता पराया÷ की यह पीड़ा यूँ ही जारी रहेगी।

कटरा नगर पंचायत उप चुनाव

# मामूली नोक-झोंक के बीच मतदान शांति पूर्ण संपन्न

- सपा प्रत्याशी भरत पटेल व निर्दल प्रत्याशी पूजा कसाना ने पुलिस व प्रशासन पर लोकतंत्र की हत्या का लगाया आरोप
- जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी सौरभ दीक्षित कटरा पहुंचे, लिया मतदान का जायजा
- सुबह बूथों पर लगी लंबी कतारें, दोपहर में पसरा सन्नाटा
- शाम पांच बजे तक करीब 42 प्रतिशत मत डाले गए









तिलहर/कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

तिलहर तहसील की कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उप चुनाव में भारी पुलिस बल के बीच मामूली नोक झोंक के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान पूरा कटरा कसवा छावनी में तब्दील रहा। डीएम, एसपी ने अधीनस्थों के साथ भ्रमण कर मतदान का जायजा लिया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी व निर्दल प्रत्याशी के दो समर्थकों ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका के चलते मतदान होने तक थाने में नजरबंद रखा। वहीं सपा प्रत्याशी भरत पटेल व निर्दल प्रत्याशी पूजा कसाना ने समर्थकों के साथ पुलिस व प्रशासन पर लोकतंत्र की हत्या का आरोपों की बौछार करते हुए जमकर हंगामा काटा।

मंगलवार सुबह सात बजे से नगर में बनाए गए कुल 33 बूथों पर भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच मतदान शुरू हुआ। सुबह नौ बजे तक मतदान करीब 10 प्रतिशत रहा। जबकि पूर्वान्ह 11 बजे तक मतदान 16 प्रतिशत रहा। इसके बाद काकोरी शहीद कॉलेज, आर्य कन्या कॉलेज के अलावा कुछ अन्य बूथों को छोड़ ज्यादातर बूथों पर सन्नाटा पसर गया। चूंकि मौसम में बेहतर था सो दो बजे से भीड़ बढ़ना शुरू हुई। और अपरान्ह चार बजे तक 40 प्रतिशत मतदान हो गया। शाम पांच बजे तक मतदान का प्रतिशत करीब 42 हो गया।

बता दें कि सुबह आठ बजे तक कुछ बूथों पर एफआरएस की टेक्निकल प्रॉब्लम के चलते वोट न डालने देने की अफवाह परवान चढ़ते ही जिला व तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। बात बढ़ती उससे पूर्व ही कांग्रेस प्रत्याशी समर्थक पूर्व चेयरमैन शमी उस्मान खां समेत दो लोगों को पुलिस ने थाने में नजरबंद कर लिया। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के पदाधिकारी कलक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए। अपरान्ह दो बजे सपा प्रत्याशी भरत पटेल व निर्दल प्रत्याशी पूजा कसाना ने आर्य कन्या कॉलेज के बूथों पर उनके समर्थकों के मतदाताओं को बेवजह रोक वोट न डालने देने और सत्ता पक्ष के प्रत्याशी का साथ देकर लोकतंत्र की हत्या करने के आरोपों की बौछार शुरू कर दी। यहां कटरा थानाध्यक्ष अवधेश सेंगर व सीओ ज्योति यादव से उनकी तीखी नोक झोंक भी हुई। सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा व एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे भरी अमले के साथ वहां पहुंच गईं और मामला शांत कराया। मतदान के दौरान एसडीएम जीतसिंह राय, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज, कोतवाल जुगुल किशोर पाल, इंस्पेक्टर राकेश सिंह तोमर, इंस्पेक्टर रविंद सिंह, नेव तहसीलदार तिलहर मनु माथुर, नायब तहसीलदार पुवायां जगत मोहन जोशी समेत। जिले के लगभग सभी सर्किल अफसर, पुलिस फोर्स व एलआइयू के अफसर चप्पे चप्पे पर नजर गड़ाए रहे। उधर कटरा विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस, जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा के सानिध्य के निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, सत्यभान सिंह, राजीव कश्यप, नरेंद्र गुप्ता लल्ला, कमलेश गुप्ता पप्पू, राजेश कश्यप, उपेंद्र पाल सिंह समेत तमाम भाजपाई घूम घूम कर वोटिंग की टोह लेते रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के लिए उप निर्वाचन में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से मतदान संचालित पाया। उन्होंने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधा, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान केन्द्र बोले व्यवस्थाएँ दुरुस्त रहें। उन्होंने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कटरा नगर पंचायत उपचुनाव में गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस का प्रदर्शन



- कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर की निष्पक्ष चुनाव की मांग


शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

कटरा नगर पंचायत उपचुनाव में धांधली का आरोप लगात हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप भी लगाए है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा हैं। कांग्रेस के लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है और उन्हें नजरबंद किया जा रहा हैं। कहा यदि चुनाव ही नही कराना है तो वह भाजपा के उम्मीदवार को प्रमाणपत्र दे दें क्योंकि समय और पैसा का दुरूप्रयोग कर रहे है। कटरा नगर पंचायत उप चुनाव के दौरान कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कांग्रेस का दावा है कि पुलिस ने उनके नगर अध्यक्ष और पूर्व चेयरमैन को हिरासत में लिया है। लखीमपुर खीरी के पूर्व सांसद रवि वर्मा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कटरा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व चेयरमैन समी उस्मान खां और नगर अध्यक्ष अच्छन खां को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूर्व चेयरमैन के बेटे को घर में नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन पर भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में गुंडागर्दी करने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि यदि प्रशासन निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता, तो चुनाव रद्द कर दिया जाए और सीधे भाजपा प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया जाए। जिलाध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन लाठियों और हथियारों के दम पर मतदाताओं को डरा-धमका रहा है, जिससे उन्हें वोट डालने से रोका जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के तमाम नेता कटरा क्षेत्र मे घूम घूमकर हंगामा कर रहे हैं और पुलिस उनका सहयोग कर रही है। सुबह से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर बाद तक चलता रहा। इसके बाद एसडीएम एफआर अरविंद कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर कांग्रेस पदाधिकारियों से वार्ता की और कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा रहा हैं। काफी देर एडीएम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समझाते रहे।

## खबरें एक नजर में

### विश्वविद्यालय को मिले कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी

**इसी सत्र से विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेंगे विद्यार्थी**



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु शिक्षा संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं को उच्चीकृत कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवगठित स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने प्रशासनिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा लिया है। मंगलवार को कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी की नियुक्ति के साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे की औपचारिक शुरुआत हो गई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव के रूप में वीरेंद्र कुमार मौर्य एवं वित्त अधिकारी के रूप में दीपक कुमार रस्तोगी ने कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि वीरेंद्र कुमार मौर्य इससे पूर्व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें उच्च शिक्षा अनुभाग के द्वारा विगत 24 अप्रैल को जारी आधिकारिक कार्यालय ज्ञाप के द्वारा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव के रूप में नवीन कार्यभार प्रदान किया गया था। दीपक कुमार रस्तोगी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में वित्त नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नवनियुक्त दोनो अधिकारियों को मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ आलोक कुमार सिंह, प्रो कमलेश गौतम, प्रो आलोक मिश्र सहित संस्था के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में प्रशासनिक ढांचे की यह शुरुआत आने वाले समय में शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थागत विकास के नए आयामों को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय का गठन शाहजहांपुर में उच्च शिक्षा को नई गति, दिशा एवं आयाम देने के उद्देश्य से किया गया है। कुलसचिव ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासनिक ढांचे की शुरुआत के साथ ही अब विश्वविद्यालय अपने पूर्ण स्वरूप की ओर तेजी से अग्रसर होगा। इसी सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय एवं सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में विधिवत प्रवेश प्रारंभ होंगे। नए प्रशासनिक नेतृत्व के साथ संस्थान में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी आएगी। साथ ही, शासन के निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा।

### जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने है, ऐसे बच्चों का मई माह पोषाहार आदि का लाभ न दिया जाए: डीएम

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में बाल विकास विभाग (जिला पोषण समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोषण ट्रैकर ऐप पर पंजीकृत 3 से 6 वर्ष तक के सभी लाभार्थियों की अपार आईडी बनाई जाए, जिन लाभार्थियों का आधार कार्ड नहीं बना है, उन्हें शीघ्र आधार बनवाने हेतु सूचित किया जाए, अन्यथा मई माह के उन्हें पोषाहार आदि का लाभ नहीं दिया जाएगा। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप पर पंजीकृत समस्त लाभार्थियों की आभा आईडी एक सप्ताह के भीतर बनाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत सभी लाभार्थियों को एफआरएस के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार वितरण की प्रतिदिन समीक्षा करने तथा माह मई 2026 में टीएचआर वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना चेहरा प्रमाणीकरण के अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण न किया जाए। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप पर सभी लाभार्थियों का वजन एवं लंबाई शत-प्रतिशत दर्ज करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के संबंध में निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन केंद्र खोलना सुनिश्चित करें। यदि 25 मई 2026 तक किसी भी कार्यकत्री द्वारा केंद्र संचालन 90 प्रतिशत से कम पाया जाता है, तो संबंधित कार्यकत्री का मानदेय रोका जायें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र भवनों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये एवं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर कराये जा रहे कार्यों का सभी मुख्य सेविका भ्रमण कर सत्यापन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी अरविंद रस्तोगी सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य सेविका एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

### दो विषयों में नंबर कम आने पर छात्रा ने लगाई फांसी

**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के रोजा के गांव कंजा में मंगलवार की दोपहर हाईस्कूल की परीक्षाफल में दो विषयों में कम नंबर आने से क्षुब्ध एक नाबालिग छात्रा ने घर के अंदर कमरें में दुप्पटे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के गांव कंजा निवासी सोनपाल मेहनत मजदूरी करने गया हुआ था। परिवार के लोग मकान के ऊपर कमरें में सो रहे थे। इसी बीच उसकी 14 वर्षीय पुत्री पारूल में नीचे कमरें में दुप्पटे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब कुछ देर बाद परिवार के लोग नीचे आये तो पारूल को फांसी से झूलता देख शोर मचाने लगे। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पारूल ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। परीक्षाफल में दो विषयों में नंबर कम आये थे, जिससे वह मानसिक तनाव में थी। जिस कारण उसने आत्महत्या कर ली।

# देश व प्रदेश में दलित उत्पीड़न की निरंतर बढ़ती जा रहीं घटनाएं

- सांसद को जाति सूचक गालियां देना, धमकी देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।




अनुसूचित जाति-जनजाति महासंघ के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में खिरनी बाग जीआईसी ग्राउंड पर सभा के रूप में एकत्र हुए। सभा को संबोधित करते हुए महासंघ के संयोजक जगदीश चंद्र ने कहा कि देश व प्रदेश में दलित उत्पीड़न की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं सरकार को चाहिए कि वह ऐसी घटनाओं पर सख्त से सख्त कार्रवाई करे। पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सांसद अरुण कुमार सागर के परिवार को जाति सूचक गालियां देना संसद में जाकर गोली मारने की धमकी देना उसके बेटे पर जातिसूचक गालियां देते हुए हमला करना संपूर्ण दलित समाज का अपमान है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एससी एसटी बेसिक शिक्षा का संघ के कोषाध्यक्ष, महासंघ के सहसंयोजक सियाराम दिनकर ने सांसद व उनके परिजनों को गाली धमकी देने वाले अभियुक्तों पर जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई की जरूरत बताई। सभा के पश्चात सभी लोग जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन पत्र नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन पत्र में सांसद अरुण कुमार सागर एवं उनके परिजनों को विशेष सुरक्षा प्रदान किये जाने, सांसद के पुत्र अंकित सागर को जान से मारने की नियत से अवैध असलाह से फायर करने, जाति सूचक गालियां देने वाले अभियुक्त के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्यवाही कर पारिवारिक सदस्यों के सभी शस्त्र लाइसेन्स निरस्त किये जाने, सांसद को संसद में जाकर गोली मारने की सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्यवाही कर उनके शस्त्र लाइसेन्स निरस्त किये जाने, अभियुक्तों की सम्पत्ति की जाँच कर अवैध निर्माण ध्वस्त किये जाने, तथा उनकी आय के अवैध स्रोत (खनन आदि) से अर्जित सम्पत्ति जब्त करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, भारतीय बहुत महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, अरविंद वर्मा, लालमन, भारत पाल सिंह, वेदपाल सुमन, महेश सागर, संतोष चैधरी, विनीत सागर, पंकज कुमार, अरुण कुमार, अनूप, शेर बहादुर, योगेश कमलेश कुमार सागर, रामपाल, मातादीन वर्मा, खुशीराम, बृजेश कुमार वर्मा, नीरज कुमार, धर्मेंद्र भारती, विनोद सम्राट, राजीव कुमार वर्मा, अनिल भास्कर, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी

**चोर 28 पेटी शराब चुराकर हुए फरार, चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत**



**रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं लें रही हैं। सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने सीतापुर हाईवे पर एक देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर उसमें रखी 28 पेटी शराब चुराकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना कोतवाली के बिजलीपुरा निवासी राम जी गुप्ता ने बताया कि उनकी सीतापुर हाईवे पर जमुका में अशोक कुमार गुप्ता के नाम से देशी शराब का ठेका हैं। सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया और उसमें रखे शराब के 28 पेटी व 32 पौवा निकाल कर चोरी करके फरार हो गए हैं। जिसकी कीमत लगभग एक लाख से ऊपर हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। ज्ञात हो कि रोजा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। विगत सप्ताह अज्ञात चोरों ने शहर की पॉश कालोनी सिटी पार्क में एक बैंक मैनेजर के यहां चोरी की थी। इसके बाद चोरों ने गुर्री गांव में एक मकान में नकब लगाकर हजारों रूपए के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गये थे। इस घटना के दूसरे दिन अज्ञात चोरों ने एक ही गांव सल्हिया में चार घरों में जमकर लूटपाट की और लाखों की नकदी और जेवरात चुराकर फरार हो गये थे। चोरी की घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी भी चोरी की घटना का खुलासा तक नहीं कर पाई हैं।

## नगर आयुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 9 समस्यायें-शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# ज्ञान, ध्यान और संतुलन का संगम है परीक्षा

- दाजी ने विद्यार्थियों को दिया संतुलित जीवन और परीक्षा में सफलता का मंत्र
- रामचंद्र मिशन आश्रम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का परीक्षा पर्व कार्यक्रम का आयोजन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' ने आज विद्यार्थियों के मध्य एक प्रेरणा दायी संवाद स्थापित करते हुए परीक्षा को केवल अंक प्राप्ति का माध्यम न मानकर आत्म-विकास का उत्सव बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति त्याग, समर्पण एवं मानसिक संतुलन के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का आवाहन किया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित 'परीक्षा पर्व' कार्यक्रम में शहर के रायन इंटरनेशनल स्कूल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चैढ़ेरा के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने दाजी से परीक्षा संबंधी तनाव, अध्ययन पद्धति, श्रेष्ठ अंक प्राप्ति तथा उज्ज्वल करियर निर्माण से जुड़े विविध प्रश्न पूछे। दाजी ने अत्यंत सहज एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से उत्तर देते हुए कहा कि परीक्षा के समय तनाव का अनुभव होना स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है, किन्तु उसे अपने ऊपर हावी होने देना उचित नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतर्मन की शांति बनाए रखते हुए एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उनके अनुसार, जब मन शांत और स्थिर होता है, तभी ज्ञान का वास्तविक अवगाहन संभव होता है। उच्च प्राथमिक विद्यालय चैढ़ेरा के छात्र पवन द्वारा अच्छे अंकों के दबाव संबंधी प्रश्न पर दाजी ने स्पष्ट किया कि जीवन को केवल अंकों की संकीर्ण परिधि में सीमित नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता का मापदंड केवल परिणाम नहीं, बल्कि प्रयास की श्रेष्ठता है। अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही वास्तविक उपलब्धि है, शेष को ईश्वर पर छोड़ देना चाहिए। रेयान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा कौतुकी के प्रश्न पर उन्होंने तनाव-प्रबंधन का सरल उपाय बताते हुए कहा कि नकारात्मक चिंतन को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करना ही समाधान है। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय चैढ़ेरा की छात्रा सुनैना द्वारा मन को शांत रखने को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने मन की शांति हेतु ध्यान, संतुलित दिनचर्या तथा आत्मविश्वास को आवश्यक तत्व बताया। दाजी ने अपने उद्बोधन में यह भी रेखांकित किया कि मानव जीवन स्वयं एक सतत परीक्षा है, जहां प्रत्येक अनुभव हमें परिपक्वता की ओर ले जाता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वे परीक्षा को भय का नहीं, बल्कि आत्म-विकास और आत्म-अनुशासन का अवसर समझें।इस दौरान तमाम विद्यार्थियों ने परीक्षा को लेकर उनके मन में उठे सवालों को दाजी के समक्ष उठाया जिनका जवाब देते हुए दाजी विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वे अपने भीतर आत्मिक जागरूकता, मानसिक संतुलन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण का भाव विकसित करें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। पूर्व में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डा. संजीव शर्मा ने परीक्षा पर्व कार्यक्रम की विस्तार से दाजी को जानकारी दी तथा उनका स्वागत किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने दाजी और आयोग के सचिव डा. शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान संजय सहगल, आशीष कुमार सिंह, सुयश सिन्हा, नमिता यादव, विनय शर्मा, शिमला सक्सेना, अंकित, अमित, लोकेश, डा. अनुराधा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र बबलू पुत्रवधू विमला देवी को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। गंगाराम पुत्र कल्लू निवासी ग्राम ककरौआ जसी पर. व तह. पुवायां, शाहजहांपुर।

## किराये की संतान

जीवन की सांझ में बुजुर्गों को अपनों के पास न होने की टीस सालती है। कई बुजुर्गों के बच्चे विदेशों में अपना भविष्य तलाशने गए तो फिर लौटकर नहीं आये। जीवनभर की जमा-पूंजी से बनाये गए बड़े-बड़े घरों में वे सिर्फ दीवारें ताकते हैं। बच्चों के पास जाते भी हैं तो वहां रात-दिन काम में जुटे बच्चों के साथ रहना उन्हें रास नहीं आता। आत्मकेंद्रित होती पीढ़ी भी भारत में रहने वाले माता-पिता की सुध लेने लौटकर तक नहीं आती। ऐसे में साधन-संपन्न बुजुर्गों को कई बड़े शहरों में ऐसी कंपनियां किराये की संतानें उपलब्ध कराती हैं। ये किराये की संतानें बुजुर्गों के साथ सैर पर जाते हैं, लूडो आदि खेल खेलते हैं और उनका एकाकीपन दूर करते हैं। यद्यपि यह समस्या का अंतिम समाधान तो नहीं है लेकिन कुछ समय के लिए वे राहत महसूस करते हैं। दरअसल, बुजुर्गों के जीवन में अंदर से खालीपन इतना बढ़ गया है कि जिसे भरने के लिए वे किराये की संतानों की ओर उन्मुख होते हैं। कई कंपनियां बुजुर्गों को केयर का पैकेज देती हैं। वे ऐसे अटेंडेंट उपलब्ध कराती हैं जो बुजुर्गों के साथ बैठकर टीवी देखते हैं, ताश खेलते हैं, दिन-भर बातें करते हैं। कंपनियों की यह सुविधा सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रह गई बल्कि गांवों तक लोग इन्हें अनुबंधित कर रहे हैं। हालांकि, खून के रिश्तों का कोई विकल्प नहीं हो सकता है, लेकिन तात्कालिक तौर पर वे इनकी उपस्थिति में कुछ सुकून हासिल कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे दौर में जब उम्र-दराज लोगों के आय के स्रोत सिमटने लगते हैं और शरीर भी साथ नहीं देता तो बहुत से लोगों के सामने किराये की संतान का बोझ उठाना भी मुश्किल होता है। खासकर निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के लिए जिनकी पेंशन भी मुट्ठी में सिमट जाती है। विकसित देशों में सेवानिवृत्त लोगों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू रहती हैं। वे अपनी नौकरी के दौरान पर्याप्त आयकर देते हैं। फिर सेवानिवृत्ति पर सरकारें उनकी देखभाल व मेडिकल सुविधाओं का दायित्व निभाती हैं। भारत में कथित लोककल्याणकारी सरकारें भरपूर आयकर वसूलने के बाद भी जिंदगी की सांझ में बुजुर्गों को उनके हाल पर छोड़ देती है। अपने भी गांठ का धन मजबूत होने पर ही अपने साथ निभाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों व वृद्धों का जीवन अवसादमय हो जाता है। लगातार महंगी होती चिकित्सा सुविधाएं और आय के स्रोतों का संकुचन उन्हें भविष्य के भय से भर देता है। वास्तव में बुजुर्गों व वृद्धों को जीवन की सच्चाई को स्वीकार करते हुए इसका मुकाबला करने को तैयार रहना चाहिए। शारीरिक सक्रियता, योग, ध्यान, प्राणायाम व सत्संग उनके लिए मददगार होता है। अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा की जाती है कि यदि अनाथ आश्रमों के बच्चों को ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के साथ रखा जाए तो दोनों की समस्या हल हो सकती है। एक ओर बच्चों को जहां अभिभावक मिल सकते हैं, वहीं बुजुर्गों को बच्चे मिल सकते हैं। गुणवत्ता वाले सुविधा-संपन्न वृद्धाश्रमों को बनाने के लिए सरकार के स्तर पर बड़े प्रयास करने की जरूरत है।

# चुनावी नतीजों से बनी 2029 की तस्वीर

2014 के कुछ पहले से देश में एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही थी, जिसमें भाजपा के नरेन्द्र मोदी के बरक्स कांग्रेस के राहुल गांधी को खड़ा किया जाता था। हालांकि 2014 में नरेन्द्र मोदी भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे और राहुल गांधी एक सांसद से ज्यादा कुछ नहीं थे। फिर भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार रहता था और इसमें भी राहुल गांधी तो 2004 से ही, जब वे पहली बार सांसद बने थे, तब से भाजपा के निशाने पर रहते थे। दरअसल भाजपा ने 2014 में कांग्रेस मुक्त भारत की मुहिम छेड़ी थी और उसका यह अनुमान था कि अगर राहुल गांधी को पस्त किया जा सके तो कांग्रेस भी फिर ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगी। 2014 के बाद के जिन चुनावों में कांग्रेस को मात मिलती, उसे भाजपा कांग्रेस मुक्तभारत की तरफ एक और कदम बताती थी। लेकिन धीरे-धीरे उसे समझ आया कि न राहुल गांधी को झुकाना संभव है, न देश को कांग्रेस मुक्त बनाना। इसके बाद भाजपा की रणनीति बदली और उसके निशाने पर आए क्षेत्रीय दल। चाहे विपक्ष के दल हों या एनडीए में भाजपा के अपने सहयोगी दल, किसी को भी बख्शा नहीं गया। 2026 में जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए हैं, उनके नतीजे इसी रणनीति, इसकी सियासी कहानी का विस्तार कहे जा सकते हैं। तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, असम और प.बंगाल में 4 मई को आए नतीजे केवल इन राज्यों के लिए नहीं बल्कि समूचे लोकतंत्र के लिए बड़ा संदेश लेकर आए हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पूरे नतीजे तो घोषित नहीं हुए, लेकिन असम और पुड्डुचेरी में भाजपा की सरकार फिर से बन रही है, प.बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 15 साल बाद हार रही है, लेकिन भाजपा को बड़ी जीत मिली है, यह ज्यादा बड़ी खबर है। केरल में कांग्रेस 10 साल बाद सत्ता में आ रही है और पहली बार वाम मोर्चा किसी राज्य में सत्ता में नहीं है। वहीं तमिलनाडु में भी डीएमके सत्ता से बाहर हो गई है। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानी डीएमके और कांग्रेस गठबंधन अपनी सत्ता बरकरार नहीं रख पाए। लेकिन यहां की परंपरागत राजनीति की तरह इस बार अन्नाद्रमुक को सत्ता नहीं मिली, बल्कि टीवीके बनाकर राजनीति में पहली बार कदम रखने वाले फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय ने बड़ी जीत हासिल की है। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी अभिनेता-अभिनेत्रियों का बड़ा कद हासिल करना नया चलन नहीं है। लेकिन फिर भी टीवीके की जीत पर आश्चर्य जताया जा रहा है क्योंकि विजय कभी अपनी रैलियों में अव्यवस्था को लेकर, कभी निजी जीवन के विवादों को लेकर सवालों के घेरे में रहे। यह तो माना जा रहा था कि विजय के कारण वोट बंटेंगे और खासकर स्टालिन को नुकसान होगा,



लेकिन इसकी उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी जीत वो दर्ज करेंगे। बहरहाल, अब वे किस तरह सत्ता संभालते हैं और क्या कांग्रेस इसका हिस्सा किसी तरह बनती है या नहीं, ये देखना होगा। क्योंकि विजय डीएमके विरोधी तो हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए अपना झुकाव वे एकाधिक मौकों पर दिखा चुके हैं। अगर कांग्रेस गठबंधन में उन्हें साथ लेती तो शायद तमिलनाडु में समीकरण बदल सकते थे। बहरहाल, कांग्रेस ने केरल में बड़ी जीत दर्ज की है और उस एलडीएफ को हराया है, जिसे राहुल गांधी कई बार भाजपा का सहयोगी बता चुके हैं। केरल में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनेगा यह तो तय है, बस नाम पर मुहर लगना बाकी है। लेकिन इस जीत में कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती भी है कि उसे यहां खाता खोल चुकी भाजपा को और आगे बढ़ने नहीं देना है। क्योंकि भाजपा की शुरुआत कम अंकों से भी हो, तब भी अपनी जायज-नाजायज रणनीतियों और तरीकों से वह बड़े अंक जल्द ही ले आती है। प.बंगाल इसी का उदाहरण है। 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के खाते में दो बड़ी सफलताएं जुड़ चुकी हैं। एक तो बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाना और दूसरा प.बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनाना। इन सफलताओं में ईवीएम धांधली, एसआईआर और चुनाव आयोग के पक्षपाती रवैये का कितना योगदान है, यह अलग विश्लेषण का विषय है। लेकिन क्षेत्रीय दलों के लिए भाजपा का ऐसा प्रदर्शन अब उनके अस्तित्व के लिए ही बड़ी चुनौती बन चुका है। महाराष्ट्र में भाजपा को शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस ने सत्ता से बाहर किया तो भाजपा ने पहले शिवसेना और फिर एनसीपी को ही तोड़ दिया। अब इस राज्य में ये क्षेत्रीय दल इतने मजबूत नहीं रह पाएं हैं कि अकेले भाजपा का मुकाबला कर सकें। हरियाणा में भाजपा ने यही खेल जेजेपी के साथ खेला। ओडिशा में बीजू जनता दल को विपक्ष में बैठने पर मजबूर किया। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल का नाम लालू प्रसाद के कारण बचा हुआ है, लेकिन वह भी कब तक कहा नहीं जा सकता। लोकजनशक्ति पार्टी भी भाजपा ने तुड़वा ही दी है। जनता दल यूनाइटेड भाजपा के साथ सत्ता में है, लेकिन नीतीश कु मार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतरवाकर भाजपा ने उसे भी जमीनी हकीकत से परिचय करा दिया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को पहले हराया और अब तोड़ दिया गया है। ले देकर इस समय केवल पंजाब में आप की सत्ता है, जो गैरभाजपा, गैरकांग्रेस सरकार है। यहां शिरोमणि अकाली दल भी भाजपा ने खत्म ही कर दिया है। अब अगले साल के चुनाव बताएंगे कि यहां कांग्रेस पहले की तरह जीत दर्ज करती है या फिर भाजपा के खाते में ये राज्य भी आएगा। यही चुनौती अगले साल उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के सामने होगी, जिसमें वे भाजपा को हरा सके तो समाजवादी पार्टी का अस्तित्व मजबूत होगा। बसपा तो यहां पहले ही भाजपा के सामने घुटने टेक चुकी है। इस वक्त मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, नगालैंड जैसे राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, जिनमें भाजपा किसी न किसी तरह शामिल है। असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की अपनी सरकार है। झारखंड में झामुमो के साथ कांग्रेस की सरकार है इसके अलावा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और अब केरल में भी कांग्रेस सत्ता में है। यानी पंजाब छोड़ किसी राज्य में गैरभाजपाई, गैरकांग्रेसी सरकार नहीं है। इससे 2029 के चुनाव की तस्वीर स्पष्ट हो रही है, जिसमें अब भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने रहेंगे, बाकी क्षेत्रीय दल हाशिए पर ही दिखेंगे। भाजपा तो यही चाहती थी, लेकिन उसकी इस रणनीति में अब कांग्रेस की मजबूती उभर कर सामने आई है। विपक्ष के सामने अब विकल्प खुला है कि वह कांग्रेस को एकतरफा समर्थन देकर भाजपा से मुकाबले में मदद करे या फिर खुद को सौदेबाजी के लिए सत्ता के बाजार में प्रस्तुत कर दे। इन चुनावों के नतीजों से सबक लेकर विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन अगर किंतु-परंतु के बिना कांग्रेस को मजबूती दे, तभी लोकतंत्र के बचने की उम्मीद करना चाहिए।

## सूचना का अधिकार: नियंत्रित पारदर्शिता की ओर बढ़ता भारत

केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा रूस से भारत के कच्चे तेल आयात संबंधी विस्तृत जानकारी को सार्वजनिक करने से इनकार को 27 अप्रैल 2026 के हालिया फैसले में बरकरार रखा गया, जो एक बार फिर यह प्रश्न उठाता है कि पारदर्शिता और राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन कहां स्थापित किया जाए। आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(1)(डी) जो वाणिज्यिक गोपनीयता, व्यापार रहस्य या बौद्धिक संपदा से जुड़ी ऐसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने से छूट देती है जिनसे किसी तृतीय पक्ष की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है और धारा 8(1)(ई) जो विश्वासगत संबंध में प्राप्त सूचनाओं के प्रकटीकरण से छूट प्रदान करती है का हवाला देते हुए कहा कि कंपनी-वार आयात डेटा में मूल्य निर्धारण, अनुबंध, छूट और व्यापारिक रणनीतियों जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल होती हैं, जिन्हें सरकार विश्वासगत आधार पर प्राप्त करती हैय अतरू इनके प्रकटीकरण को छूट के दायरे में रखा जाना उचित है। इस प्रकार आयोग ने पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के उस निर्णय को सही ठहराया, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से आयातित कच्चे तेल का कंपनी वार और विस्तृत देश वार विवरण देने से मना किया गया था। पीपीएसी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का एक प्रमुख तकनीकी विश्लेषणात्मक विंग है, जो डेटा संग्रह, विश्लेषण और नीति समर्थन के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा और पेट्रोलियम अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। यह फैसला सूचना के अधिकार अधिनियम की मूल भावना पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। आवेदक ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों, रिलायंस और नायरा एनर्जी के लिए अलग-अलग आंकड़े मांगे थे। हालांकि आयोग ने अपील खारिज कर दी, लेकिन साथ ही पीपीएसी को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 और 25(5) के तहत स्वप्रेरित पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

विचार

# केंद्रीय सत्ता की जीत, जनतंत्र की हार

*राजेंद्र शर्मा*

विधानसभा चुनाव के मौजूदा चक्र के संबंध में और खासतौर पर प. बंगाल के संबंध में जो बदतरीन आशंकाएं जतायी जा रही थीं, सच साबित होती नजर आती हैं। भाजपा पहली बार पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज होने की ओर बढ़ती नजर आ रही है। बेशक, पूरी तरह से अपनी साख खो चुके चुनाव आयोग ने, मतगणना में अपनी बची-खुची साख की भी बलि चढ़ा दी है। पहले बंगाल की ही बात करें तो मतगणना के दिन दोपहर बाद, साढ़े तीन बजे तक 294 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 3 सीटों के नतीजे चुनाव आयोग के वेबसाइट पर जारी किए गए थे। बेशक, चुनाव आयोग के वेबसाइट पर 200 सीटों पर लीड की जानकारी भी आ चुकी थी, लेकिन इस समय तक कुल वोट में से आधे से कुछ ही ज्यादा वोटों की गिनती हो पायी थी। हैरानी की बात नहीं है कि इस चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, तृणमूल कांग्रेस चुनाव आयोग पर मतगणना जान-बूझकर धीमी करने से लेकर, उसकी चुनावी रूप से मजबूत सीटों पर मतगणना की स्थिति छुपाने तक के आरोप लगा रही थी। याद दिला दें कि मतगणना की यह मंथर चाल, सिर्फ प. बंगाल में ही नहीं थी। यह तो जैसे चुनाव आयोग का नया नार्मल ही है। तभी तो पुड्डुचेरी जैसे छोटे राज्य (वास्तव में विधानसभा युक्त केंद्र शासित क्षेत्र) तक में, इस समय तक 25 में से कुल 17 सीटों के ही नतीजे जारी किए जा सके थे और बाकी 8 सीटों पर लीड ही बतायी जा रही थी। बहरहाल, चुनावी मतगणना की विशेष रूप से धीमी रफ्तार, चुनावों के इस चक्र की असली समस्या नहीं है। यह तो एक लक्षण है, चुनाव आयोग के अपनी उस मूल संकल्पना से पूरी तरह से पीछा



छुड़ाकर, सत्ताधारी भाजपा के राजनीतिक-चुनावी हितों को आगे बढ़ाने का एक घातक हथियार बन जाने का, जबकि उससे चुनाव प्रक्रिया तथा जनतंत्र के मुख्य हितधारकों के रूप में, सभी राजनीतिक पार्टियों का भरोसा जीतते हुए काम करने वाले, रेफरी की भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव आयोग की इसी असंवैधानिक भूमिका के विभिन्न पहलू विधानसभा चुनावों के इस चक्र में और सबसे बढ़कर प. बंगाल तथा असम में सामने आए हैं, जिन्हें जीतने की उम्मीद में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। इस सिलसिले में प. बंगाल में जिस तरह, इस चुनाव की पूर्व-संध्या में मतदाता सूचियों के सघन पुनरीक्षण के नाम पर, लाखों की संख्या में वैध मतदाताओं के नाम काटने की मुहिम चलायी गयी थी, बंगाल के सवा करोड़ से ज्यादा मतदाताओं पर नागरिकता सत्यापन जैसी कसरत थोपी गयी थी और जिस तरह इस सब के चलते, अंततरू 25 लाख मतदाताओं को 2026 के विधानसभा चुनाव में मताधिकार से वंचित ही नहीं कर दिया गया है, आगे के लिए उनकी नागरिकता-मताधिकार पर सवालों का घेरा लगा छोड़ दिया गया है, उसके संबंध में हम पहले भी इस स्तंभ में चर्चा कर चुके हैं। चुनाव आयोग की जिद पर और शीर्ष न्यायपालिका के अनुमोदन से, जिस तरह लाखों लोगों का मताधिकार छीना गया है, उसने जनतांत्रिक प्रक्रिया के रूप में चुनाव को जिस तरह से विकृत किया है बल्कि एक तरह से चुनाव का अपहरण ही कर लिया है, वह भारतीय जनतंत्र के इतिहास में एक नये रसातल के छुए जाने को दिखाता है। केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के बंगाल फतेह करने के इस अभियान में जिस तरह पूरे तंत्र को जोता गया था और खासतौर पर शासन के पूरे दमनतंत्र को थोपा गया था, उसने प. बंगाल के ही तीन दशक से ज्यादा पहले के एक चुनाव की याद दिला दी। यह और भी उपयुक्त था कि प. बंगाल में ऐसा पहले भी हो चुका होने की याद, प्रख्यात भारतीय कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण के पुर्नप्रकाशन के माध्यम से दिलायी गयी। यह 1972 का विधानसभा चुनाव था। पहले 1967 में सीपीआई (एम) की अग्रणी भूमिका के साथ बनी युक्त फ्रंट सरकार को, तब केंद्र में सत्ता में बैठी कांग्रेस ने गिराया। इसके बाद, 1969 में दोबारा और भी मजबूती से युक्त फ्रंट की सरकार आयी और कांग्रेस ने राज्यपाल का सहारा लेकर उसे भी गिराया। इसके बाद, 1972 का चुनाव इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने, इसी तरह किसी भी कीमत पर जीतने का फैसला लेकर कराया, जिसमें पुलिस बलों की ताकत का इस हद तक खुल्लमखुल्ला दुरुपयोग किया गया कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व में विपक्ष को पहले मतगणना का और फिर विधानसभा का ही बहिष्कार करना पड़ा था। इसके बाद, कांग्रेस प. बंगाल में सत्ता पर काबिज हो गयी, आज उन्हीं हथकंडों का सहारा लेकर भाजपा बंगाल में सत्ता पर काबिज हो रही है। और भाजपा भी यह न भूले कि इसके बाद बंगाल की जनता ने पहला मौका मिलते ही, 1977 में कांग्रेस को सत्ता से इस तरह बाहर किया था कि उसके बाद पांच दशक तक कांग्रेस बंगाल में सत्ता के आस-पास भी नहीं फटक सकी। दुर्भाग्य से हम बाकायदा तानाशाही के उसी रास्ते पर बढ़ रहे हैं। भाजपा का बंगाल में पहली बार सत्ता में पहुंचना और असम में दोबारा सत्ता पर काबिज होना, इसी का साधन बनने जा रहा है। यह इसलिए है कि यह किसी एक पार्टी के चुनाव में जीत कर सत्ता तक पहुंचने की सामान्य जनतांत्रिक प्रक्रिया का मामला नहीं है। यह जनतांत्रिक प्रक्रिया को पूरी तरह से तोड़-मरोड़कर सत्ता पर काबिज हुए जाने का मामला है। और यह तोड़-मरोड़, सिर्फ बंगाल में पच्चीस लाख से ज्यादा लोगों का मताधिकार छीने जाने या असम में विधानसभा क्षेत्रों के इस तरह पुनर्सीमांकन का ही मामला नहीं है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया गया था कि मुस्लिम मतदाताओं के प्रभाव वाली सीटों की संख्या कम से कम कर दी जाए। जाहिर है कि यह सब चुनाव आयोग के माध्यम से ही किया जा रहा था। लेकिन, इसके साथ ही चुनाव आयोग के माध्यम से ही इस चुनाव में यह भी सुनिश्चित किया जा रहा था कि संघ-भाजपा, किसी भी रोक-टोक के डर के बिना कम से कम असम और बंगाल में, कथित घुसपैठियों का झूठा हौवा खड़ाकर, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई पर आधारित चुनाव प्रचार कर सकें और धर्म के आधार पर मतदाताओं का जाहिर है कि हिंदू मतदाताओं का ज्यादा से ज्यादा ध्रुवीकरण कर सकें, जिसकी भारत का संविधान और चुनाव कानून हर्गिज इजाजत नहीं देते हैं। मोदी राज के बारह सालों में, जनतंत्र को ही खोखला करने वाली ऐसी तमाम अवैधानिक तिकड़मों को, सबसे बढ़कर मीडिया पर अपने मुकम्मल नियंत्रण और


साहित्य



### क्या कहते हैं विधानसभा चुनावों के नतीजे

**उमेश चतुर्वेदी**

इस बार चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सबसे ज्यादा में चर्चा पश्चिम बंगाल का चुनाव रहा। उन्तीस अप्रैल को आखिरी दौर के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजों को लेकर काफी सवाल भी उठे, खासकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार की आशंका को लेकर एक्जिट पोल निशाने पर भी रहे। बीते अप्रैल में हुए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों को देखने के कई नजरिए हो सकते हैं। लेकिन देश के पूर्वी छोर पर उत्तर से लेकर दक्षिण तक स्थित चार राज्यों के नतीजों को देखें तो उनमें एक बात समान नजर आती है। सभी राज्यों ने अपने यहां के उन आक्रामक नेतृत्व पर भरोसा जताया है, जिनसे विकास और नवाचार की उम्मीद है। असम में हिमंत, पश्चिम बंगाल में बीजेपी और तमिलनाडु में विजयन की जीत लोकांक्षाओं के जमीनी हकीकत बनने का भरोसा है।



## राशिफल

**मेष:**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृषभ:**-नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन:**-नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क:**-सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंह:**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:**-मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुला:**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिक:**-भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:**-मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकर:**-योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभ:**-किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# बुंदेलखण्ड क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि ला रहा है बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे

किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़के रीढ़ का काम करती है। सड़कों के निर्माण होने से सम्बन्धित क्षेत्र का विकास बड़ी तेजी के साथ होता है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश का ऐसा क्षेत्र रहा है, जहाँ त्वरित आवागमन का अभाव था। पथरीला क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र वासियों को कई तरह की कठिनाई आती थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुन्देलखण्ड के विकास के लिए विशेष पैकेज दिये और इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए जहाँ बाधों, नलकूपों व तालाबों का निर्माण कराया है, वहीं पेयजल परियोजनायें पूर्ण कर ग्रामवासियों को जल आपूर्ति की जा रही है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराना, बुन्देलखण्ड वासियों को बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है, जिसे उस क्षेत्र की आने वाली पीढी सदैव याद रखेगी। यह एक्सप्रेस-वे बुन्देलखण्ड के जनपद चित्रकूट, बाँदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन से गुजरते हुए औरैया व जनपद इटावा में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे में जुड़ जाता है। **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे विकास का पहिया:** प्रदेश सरकार बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। बुन्देलखण्ड वासियों की हर क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि और विकास करना सरकार का ध्येय है। इस क्षेत्र के विकास के लिए जितना ध्यान वर्तमान सरकार ने दिया है, उतना पूर्व में किसी ने ध्यान नहीं दिया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण का शुभारम्भ एवं लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। यह एक्सप्रेस-वे 296 किमी लम्बा है। यह जनपद चित्रकूट बाँदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया होते हुए इटावा जनपद में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे में मिलता है। अभी यह फोर लेन का है जिसे आगे चलकर 6 लेन भी बनाया जायेगा। इसमें चार रेलवे ओवर ब्रिज, 14 बडेपुल, सात रैम्प प्लाजा, 268 छोटेपुल. 18 फ्लाई ओवर और 214 अन्डरपास बनें है। इस एक्सप्रेस-वे को समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से बुन्देलखण्ड के 138 ग्राम और औरैया व इटावा के 44 ग्रामों का सीधा जुडाव हो गया है। **किसानों का हो रहा है फायदा-** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के बनने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल रहा है। किसानों को उनकी उपज की फसलें मण्डियों तक पहुँचाने में शीघ्रता हो रही है। स्थानीय फसल, फल, फूल, सब्जियों, दूध आदि जल्द खराब होने वाली फसलों को बाजारों, मण्डियों तक पहुँचने में शीघ्रता और ताजी होने पर सही मूल्य भी मिल रहा है। यदि किसान अपनी उपज को बाहर की मण्डियों, शहरों में बेचना चाहेगा तो उसका भी उसे फायदा मिलेगा। किसानों को खेती किसानी करने के लिए आवश्यक बीज, खाद आदि भी समय से मिलते रहेगें। किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य मिलने से उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। **पर्यटन को बढ़ावा:** सांस्कृतिक धरोहर को संजोये हुए बुन्देलखण्ड अपनी गौरवशाली परंपरा एकता और आपसी भाई चारे के लिए जाना जाता है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से बुन्देलखण्ड समृद्ध है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के बनने से पर्यटकों को देखने के लिए झाँसी का किला, ओरछा का किला, चतुर्भुज का मन्दिर, जहाँगीर महल, ओरछा वन्य जीव अभ्यारण, मध्य प्रदेश में पड़ने वाला खजुराहो आदि नजदीक पड़ते है। कालिंजर का किला, चित्रकूट धाम, भरतकूप, राजापुर, कालपी, महोबा, उरई, बटेश्वर आदि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को देखने, दर्शन करने के लिए पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से बुन्देलखण्ड पर्यटन का हब बन रहा है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय लोककला, लोकसंस्कृति, स्थानीय निर्मित वस्तुएं, दस्तकारी आदि को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की आर्थिक प्रगति के साथ ही रोजगार में बढ़ोतरी होगी। **स्थानीय उत्पाद एवं रोजगार को मिलेगा बढ़ावा:** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण से स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलना शुरू हो गया है। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्रीय युवकों को स्वरोजगार के साथ-साथ स्थानीय हस्तकला, दस्तकारी, लोककला, पत्थर की मूर्तियों व खनन सामग्री आदि को बढ़ावा मिल रहा है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से स्थानीय लोग सड़कों के किनारे विभिन्न तरह के खान-पान के लिए दुकानें, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा, वाहन मरम्मत, इलेक्ट्रानिक्स सामानों, स्थानीय खाद्य वस्तुओं, कृषि उपज, स्थानीय लोककला के बर्तन वस्त्र आदि बेचने की दुकानें खोलकर अपना धन्धा शुरू कर रहे हैं। उन्हें भविष्य में अच्छा लाभ होगा। लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही एक्सप्रेस-वे के किनारे एवं औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों, फैक्टरियों आदि में भी कुशल, अकुशल श्रमिकों, तकनीशियनों, प्राविधिक शिक्षा प्राप्त युवाओं/युवतियों को नौकरियों मिलेंगी। इससे लोगों को विभिन्न प्रकार के रोजगार का सृजन होगा। **ईंधन की कम खपत व प्रदूषण में कमी:** बुन्देलखंड एक्सप्रेस के बनने से वाहनों की गति में तेजी आ रही है और वाहन घूमकर ज्यादा रास्ता तय कर अपनी मंजिल पर पहुँचने के बजाय एक्सप्रेस वे से उनकी मंजिल कम हो रही है और शीघ्र ही अपने गन्तव्य तक पहुँच रहे है। इससे वाहनों के ईंधन में कमी आ रही है और वाहनों के ईंधन में कमी से पैसा भी बच रहा है। अच्छी और गुणवत्तायुक्त सड़क से चलने पर ईंधन की खपत कम होती है। ज्यादा दूरी तक वाहन चलाने व जाम की समस्या होने पर वाहनों से ज्यादा धुआ निकलता है. इससे प्रदूषण बढ़ता है। किन्तु एक्सप्रेस-वे से कहीं जाम व गति में धीमापन न होने से प्रदूषण कम होगा। साथ ही सड़क किनारे वृक्षारोपण भी हो रहा है। इससे प्रदूषण और कम होगा। **देश व प्रदेश के अन्य एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी:** बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण से पूरा बुन्देलखंड क्षेत्र देश व प्रदेश की राजधानियों सहित अन्य प्रदेशों से भी सीधे जुड़ गया है। दिल्ली की दूरी जो चित्रकूट से 10 से 12 घन्टे पहुंचने का समय लगता था वह कम होकर 6-8 घंटे हो गया है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे में मिला है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com, samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह में 2469 शिक्षा मित्रों को मिला सम्मान

- प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने समारोह में जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने शिक्षामित्र सम्मान समारोह में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आभार पत्र भी सौंपा। समारोह में जिला अध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, विशाल शुक्ला, सुनील मिश्रा, शैलेन्द्र वर्मा और आशुतोष द्विवेदी ने जनप्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह, कृष्णा पासवान, जय कुमार जैकी, राजेंद्र पटेल को माला पहनाकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षामित्रों के हित में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए आभार पत्र में शिक्षा मित्रों की समस्याओं को समाधान और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की गई। संघ ने उम्मीद जताई कि सरकार आगे भी शिक्षा मित्रों के हित में फैसले लेती रहेगी। कार्यक्रम में शिक्षा मित्रों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई और जनप्रतिनिधियों ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शिक्षामित्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन फतेहपुर जनपद गोरखपुर से आयोजित शिक्षा मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बिन्दकी जय कुमार जैकी, जिलाध्यक्ष भाजपा अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित



अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण उद्बोधन का सभी ने श्रवण कर उसे आत्मसात किया। जनपद स्तर पर प्रेक्षागृह में शिक्षकों द्वारा विकास खंडवार लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा फीता काट कर एवं कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रदर्शनी में शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न शैक्षिक किट प्रदर्शित किए गए, जो बच्चों को सरल एवं प्रभावी तरीके से शिक्षा प्रदान करने में सहायक हैं। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों के नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर जनपद में 2469 शिक्षा मित्र कार्यरत है। शिक्षा मित्रों को प्रतीकात्मक चेक एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षा मित्रो को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने शिक्षा मित्रो को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा मित्रों का बढ़ा हुआ मानदेय स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव तैयार करते हैं और बेसिक शिक्षा विभाग बच्चों की बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा मित्रों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है, जो ग्रामीण परिवेश में रहकर बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1999 में प्रारंभ हुई इस व्यवस्था में पहले मानदेय 3500 था, जो बढ़कर 10,000 हुआ और वर्तमान में 18,000 तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि-जैसे देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, शिक्षा मित्रों के मानदेय में भी वृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी। साथ ही प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी ने शिक्षक एवं शिक्षा मित्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मित्र का आशय ऐसे मार्गदर्शक से है, जो बच्चों को सरल, सहज एवं प्रभावी ढंग से शिक्षा मित्र के रूप प शिक्षा विभाग में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है, शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ने के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सुझावों एवं निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षा मित्र सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में शिक्षामित्र सम्मान समारोह में जन प्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, विशाल शुक्ला, सुनील मिश्रा, शैलेन्द्र वर्मा, आशुतोष द्विवेदी ने माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री के नाम आभार पत्र सौंपा गया। वही आदर्श शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौर ने भी शिक्षामित्र सम्मान समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया और इस दौरान उन्होंने मांग किया कि शिक्षा मित्र का मानदेय कम से कम 30000 होना चाहिए हालांकि बढ़े हुए मानदेय को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर किया।

## उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अनसुनी कर रहे अधिकारी



**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील के ग्राम हाफ़िज़पुर हरकरन पोस्ट खजुहा के रहने वाले राम सिंह पुत्र रामेश्वर ने बताया की गाटा संख्या 256 मि. रकबा 0.0068 हेक्टेयर तालाब पर अर्ध पक्का मकान बनाकर अतिक्रमणकारी द्वारा अवैधानिक कब्जा किया गया है। जिस पर न्यायालय में ग्राम सभा बनाम शिवकिशोर के नाम मुकदमा भी चला और न्यायालय ने बेदखली और जुर्माना का आदेश 24 अगस्त 2018 को किया। इसके खिलाफ प्रतिवादी ने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र दिया जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस आदेश के खिलाफ प्रतिवादी ने अपील जिला अधिकारी न्यायालय में दाखिल किया जिसे न्यायालय ने खारिज 13 जून 2025 को कर दिया और बेदखली का आदेश 24 अगस्त 2018 को यथावत रखते हुए पालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया था। जिलाधिकारी के बेदखली के आदेश का पालन अभी तक नहीं किया गया। जिससे अतिक्रमणकारी प्रतिवादी का मनोबल बढ़ रहा है और पीड़ित ने आरोप लगाया वह अब पक्का मकान बनवाने का कार्य चालू कर दिया है। इस दौरान पीड़ित का पुत्र राहुल उमराव मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जब नवागंत जिलाधिकारी आई तो उनसे भी मुलाकात की गई और उन्होंने बिंदकी उप जिला अधिकारी को तुरंत इस मामले में कार्रवाई करने के लिए कहा। लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। ऐसा लगता है की उच्च अधिकारियों की बातों को भी अनसुनी किया जा रहा है। इन हालातो में आम आदमी आखिर अपनी फरियाद लेकर अब कहां जाए यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

## खबरें एक नजर में

### जिपं अध्यक्ष ने केयर हेल्थ अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया उद्घाटन




**फतेहपुर।** जिला अस्पताल के सामने केयर हेल्थ डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, वसीम अंसारी, असलम शेर खान, नरोत्तम सिंह, श्रीराम पटेल मौजूद रहे। वही संचालक अनिरुद्ध तिवारी ने बताया कि उनके केयर हेल्थ सेंटर में सभी प्रकार की अल्ट्रासाउंड एवं सभी प्रकार के रक्त संबंधित जांच उच्च तकनीकी व आधुनिक मशीनों के द्वारा किया जाएगा। केंद्र के प्रबंधक मोहम्मद आरिफने बताया की उनका प्रयास है कि मरीजों को बेहतर रिपोर्ट, बिना किसी परेशानी के समय से मिल सके। उन्होंने कहा यह सेंटर सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक पूरे हफ्ते खुला रहेगा। इस दौरान प्रबंधक मोहम्मद आरिफ ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर बुकें देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान लकी अंसारी एडवोकेट, ऐहतेराम एडवोकेट, आफ्ताब अहमद, राजकुमार मौर्य, आसिफरजा, साहब खान, साकिब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### थाना कबरई पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शंशाक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। इसी क्रम में थानाध्यक्ष थाना कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में गठित पुलिस टीम उनि आशीष कुमार यादव व कां. अभिषेक कुमार द्वारा एक नफर वारंटी अभियुक्त उमाशंकर पुत्र लालदिवान, निवासी ग्राम मकरवई थाना कबरई जनपद महोबा को संबंधित मुअसं 158/22 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट व जीएसटी नं. 453/23 के अंतर्गत बहद ग्राम मकरवई से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया।

### नवविवाहित दंपती की संदिग्ध मौत, कमरे में लटके मिले शव



**जालौन (उरई)।** कोतवाली जालौन क्षेत्र के ग्राम बिरिया खुर्द में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब नवविवाहित दंपती के शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटके मिले। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान विवेक (22) पुत्र रामप्रकाश एवं उनकी पत्नी साधना (21) निवासी ग्राम बिरिया खुर्द के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दंपति अपने पीछे 8 माह की मासूम बेटी को छोड़ गए हैं, जिससे पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी जालौन एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। सीओ जालौन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### सड़क दुर्घटना में डंफर एवं अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**उरई (जालौन)।** बीते दिन सुबह हाईवे में आठ लोगों की मृत्यु एवं दो लोगों के घायल की घटना को लेकर पीड़ित पुत्र की तहरीर पर कालपी पुलिस ने वाहन डंफर एवं अज्ञात चालक खिलाफजुर्म धारा 281, 125 बी 106 तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया को जांच सौंपी। जनपद ललितपुर महरौनी निवासी ध्रुव तिवारी पुत्र परशुराम तिवारी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 4 मई वर्ष 2026 दिनेश सोमवार को टवेरा गाड़ी से 10 लोग अयोध्या में मूर्ति विसर्जन करने के बाद घर वापस आ रहे थे तभी हाईवे में चौरासी गुम्मद समीप गैस एजेंसी गोदाम के हाईवे सड़क के पास डंफर की टक्कर गाड़ी पर लगी जिससे गाड़ी पर सवार 10 लोगों में आठ लोगों की मृत्यु हो गई दो लोगों का इलाज कानपुर में चल रहा है उक्त घटना से जनपद जालौन ही नहीं जनपद ललितपुर महरौनी पूरी तरह आक्रोश व्याप्त होकर मृतक के निज निवासियों में लोग पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं।

### प्रभारी निरीक्षक ने दुर्घटनाकारी डंफर किया बरामद

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने पुलिस बल साथ सीसीटीवी कैमरा के सहयोग से सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे दुर्घटना कारी डंफर को बरामद कर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया बही चालक भागने में सफल हुआ घटना को स्पष्ट खुलासा करने के लिए कालपी पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित

- डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा शिक्षा मित्रों को सौंपी गई प्रतीकात्मक चेक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





परिषदीय प्राथमिक विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षामित्रो के मानदेय को बढ़ाते हुये दिनांक एक अप्रैल 2026 से नियत मानदेय रुपया 18000 प्रतिमाह की दर से किये जाने पर मुख्यमंत्री विशेष उद्बोधन एवं शिक्षामित्र सम्मान समारोह जन प्रतिनिधि जय प्रकाश अनुरागी अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता मे एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार की उपस्थिति मे बेसिक शिक्षा विभाग महोबा के द्वारा आज दिनांक 5 मई 2026 को जिला सेवा योजन कार्यालय मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद के जिला विकास अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला प्रोवेजन अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, एआरपी व एसआरजी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अपर्णा नायक के द्वारा किया गया। शिक्षको के द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन जन प्रतिनिधियो, अधिकारियो व उपस्थित शिक्षामित्रो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित शिक्षामित्रो को प्रतीकात्मक चेक प्रदान की गई एवं सभी को शुभ कामनाये एवं बधाई दी गई। सभी शिक्षामित्रो के चेहरे खिले हुये थे और शासन को इस बढ़े हुये मानदेय के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी शिक्षामित्रो को ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से विद्यालयो मे शिक्षण कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया एवं सभी को शुभकामनाये एवं बधाई दी।

## पश्चिम बंगाल, असम, पांडुचेरी में भाजपा की जीत पर व्यापारियों ने मनाया जश्न



**उरई (जालौन)।** सोमवार को पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर व्यापारियों ने मिष्ठान वितरण कर जीत का जश्न मनाते हुये जय भाजपा, जय व्यापार मंडल जय भारत का उद्घोष किया। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में जिला परिषद रोड उरई स्थित श्री बजरंग होटल पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ झालमुड़ी एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर व्यापार मंडल एवं भाजपा के सभी सम्मानित पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति रही। व्यापारियों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि यह विजय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दूरदर्शी नीतियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री ने धरातल पर उतार दिया है। हम सभी इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए जनता का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

# संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी कार्ययोजना जल्द से जल्द बनाएं: डीएम

- उपजिलाधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर निरीक्षण करे लें
- बाढ़ राहत सामग्रियों के क्रय हेतु टेंडर प्रक्रिया समय से करा लें

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बाढ़ पूर्व तैयारियों पर बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने जनपद में गंगा-यमुना व सहायक नदियों से होने वाली सम्भावित गांवों की जानकारी की, साथ ही पिछली बाढ़ की स्थिति में किए गए कार्यों की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में गंगा-यमुना व सहायक नदियों से बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द रिपोर्ट से अवगत कराए और विशेष ध्यान रखे कि बाढ़ से मानव एवं पशु हानि न होने पाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने तहसील क्षेत्रांतर्गत बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ले और बाढ़ के समय नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने वाले स्थानों का चिन्हांकन कर सभी व्यवस्थाएं समय से पहले करा ले। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियां स्थापित करा ले साथ ही संबंधित कि ड्यूटी निर्धारित कर दे। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय प्रयोग की जाने वाली राहत सामग्री, उपकरण का जल्द से जल्द टेंडर करा ले, नाविकों/गोताखोरों को चिन्हित कर मोबाइल नंबर, नाम, पता आदि ले लिया जाय। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य से संबंधित दवाओं आदि की उपलब्धता से अवगत कराए, साथ ही सभी अन्य संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी सभी तैयारियां कर लें। संभावित बाढ़ क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय बनाकर नागरिकों को बाढ़ से बचाव हेतु जागरूकता भी कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# वित्तीय अनियमिताओं पर तीन प्रधान व चार पंचायत सचिवों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप

- डीएम ने समिति को सोंपी पंचायत संचालन की जिम्मेदारी,
- डीपीआरओ को निरीक्षण में मिली थी अनियमितताएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकास खण्ड पनवाड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों के नाम पर ग्राम पंचाययों द्वारा वित्तीय अनियमिताएं कर किए गए लाखों रूपये के भ्रष्टाचार का खुलासा होने के बाद जनपद की पनवाड़ी और इन्द्राहटा ग्राम प्रधानों सहित चार ग्राम पंचायत अधिकारियों के खिलाफ हुई विभागीय कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। दोनों ग्राम पंचायतो में विकास कार्य के लिए भेजी गई धनराशि को बंदरबाँट कर ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलीभगत कर बिना काम कराए लाखों रुपए का भुगतान कर दिया। डीपीआरओ के निरीक्षण में भ्रष्टाचार की पोल खुलने के बाद वित्तीय अनिमितताओं के आरोप में दो ग्राम प्रधानों के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए। इसके अलावा चार ग्राम पंचायत सचिवों के खिलाफ भी कार्यवाही की गई है। ग्राम प्रधानों के पॉवर सीज कर समिति को पंचायत संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीपीआरओ की इस कार्यवाही से भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधानों एवं सचिवों में हड़कम्प मच गया है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशानुसार अनियमितताएं मिलने पर प्रधान व सचिवों पर कार्यवाही की गई है। डीपीआरओ चंद्रकिशोर वर्मा ने बताया कि दोनों प्रधानों द्वारा वित्तीय अनिमितताये पाए जाने पर इनके अधिकार सीज कर कमेटी बनाई गई है इसके अलावा सचिव अनस मतीन, अमीर खान, निर्देश पटेल और दीपक पुरवार के खिलाफ कार्यवाही की गई है और कमेटी द्वारा जांच में दोषी पाए जाने पर बसूली की कार्यवाही की जाएगी। ग्राम पंचायत स्वयं निर्णय लेती है और ग्राम पंचायत बैठक कर बोर्ड में पास कराए लेकिन दोनों ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा कार्य कराए गए है इसलिए यह दोषी पाए गए है।

यह मामला विकासखण्ड पनवाड़ी ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी और ग्राम प्रधान इन्द्रहटा सुमन पर वित्तीय अनिमितताओं के आरोप लगे थे जिसकी जांच के लिए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने डीपीआरओ को निर्देश दिए थे।डीपीआरओ चन्द्रकिशोर वर्मा के निरीक्षण के दौरान दोनों पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर बरती गई अनियमितताओं की पोल खुल कर सामने आ गई। एमआरएफ सेंटर में कचरा उठाने और सफाई कराने सहित सीसी सड़क के निर्माण कार्य के नाम पर ग्राम प्रधानों द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों की मिलीभगत कर लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया जबकि धरातल पर किसी भी प्रकार का कार्य नहीं कराया गया। निरीक्षण में भ्रष्टाचार सामने आने के बाद ग्राम प्रधान पनवाडी से स्पष्टीकरण मांगा गया था जिसमे ग्राम प्रधान द्वारा शासनादेश के विरुद्ध कंसल्टिंग इंजीनियर से तकनीक सुकेत प्राप्त कर कार्य कराए गए हैं जो शासन के नियमों के विपरीत है और बिना काम कराए प्रधान और सचिवों की मिलीभगत से लाखों रुपये भुगतान कर दिया गया है। इसके अलावा इन्द्रहटा के प्रधान सुमन के खिलाफ हुई जांच में अनिमितताये पाई गई है।

## विषाक्त पदार्थ खाकर युवक अचेत

**उरई (जालौन)।** गुढ़ा खास निवासी 30 वर्षीय पप्पू पुत्र बालादीन गुढ़ाखास ने ग्रह कलह के चलते आक्रोश में आकर अचानक सोमवार की शाम घर पर रखा हुआ जहरीला पदार्थ सेवन कर बेहोश अवस्था में हुआ घर पर मौजूद पर परिजनों ने बेहोशी हालत में युवक को उठाकर सीएचसी कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने मरीज की जांच की वही इलाज दौरान मौजूद परिजनों को आश्वासन दिया की मरीज खतरे से बाहर है ठीक होने में समय लगेगा स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया डॉक्टर के आश्वासन पर मौजूद परिजनों ने राहत की सांस ली।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र० सं०:-1., ई-निविदा संख्या:-**उप मु०ई०-नि०-1-जीकेपी-इपीसी-1-2026 दिनांक 27.08.2026, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे के आनंद नगर-घुघली नई ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन परियोजना के महाराजगंज (छोड़कर) आनंद नगर (छोड़कर) खंड (लंबाई 25.800 किमी) पर नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योर्मेंट एवं निर्माण (EPC) टेंडर के संबंध में।, **अनुमानित निविदा मुल्य:-** 294,87,19,262.20/-, **बयाना राशि (रु0):-** 5,89,74,400.00/-, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु0):-** -, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 24 माह, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 13.08.2026, • उपरोक्त ई निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि दिनांक 27.08.2026 11.00 बजे तक, • उपरोक्त ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 03.09.2026 16.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-1/जी0के0पी0 गोरखपुर**

मुजाधि/डब्लू-75

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# शिक्षामित्रों को सम्मान का बड़ा तोहफा, सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

- 10 से 18 हजार रुपए मानदेय, 1.43 लाख शिक्षामित्रों के जीवन में नई मजबूती, कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी
- जनपद के विभिन्न स्कूलों में 821 शिक्षा मित्रों की तैनाती

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव माने जाने वाले शिक्षामित्रों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उनके मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। गोरखपुर स्थित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित भव्य शिक्षामित्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर दिया, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षामित्रों में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उपस्थित शिक्षामित्रों ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे अपने सम्मान एवं वर्षों के समर्पण की सार्थक पहचान बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद जालौन में कुल 821 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होता था,





जो अब बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया गया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित करने का निर्णय भी लिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का भी सशक्त कवच प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार शिक्षा और शिक्षकों के हित में ठोस और दूरदर्शी निर्णय ले रही है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके सम्मान और योगदान की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगी तथा बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि सरकार जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों की समस्याओं को समझती है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय शिक्षामित्रों के आत्मविश्वास और कार्यक्षमता दोनों को नई ऊंचाई देगा। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत थे और सरकार ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए यह बड़ा कदम उठाया है। इससे शिक्षामित्रों में नई ऊर्जा का संचार होगा और वह और अधिक समर्पण के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में जुटेंगे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाना और उन्हें कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़ना सरकार की संवेदनशील और कल्याणकारी सोच का परिचायक है। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों से अपेक्षा की कि वे इस विश्वास को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, जिला विकास अधिकरी निशान्त पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, विधायक उरई प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, संजीव उपाध्याय आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# शिक्षा मित्रों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक देकर किया सम्मानित

- शिक्षा मित्र केवल शिक्षक ही नहीं होते, बल्कि समाज के निर्माणकर्ता है वे : दिनेश प्रताप सिंह
- सेवा भाव से शिक्षा के क्षेत्र में दे रहे है : योगदान अदिति सिंह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन गोरखपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गोपाल सरस्वती इण्टर कॉलेज में किया गया, जिसमें राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग, उप्र दिनेश प्रताप सिंह, विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के 16 शिक्षा मित्रों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक वितरित किया गया, इसके साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड के 02 एवं नगरीय क्षेत्र कुल 39 शिक्षामित्रों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानदेय वृद्धि से जनपद के 2093 शिक्षामित्र लाभान्वित हुए।

उद्यान मंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक है। हम यहाँ उन शिक्षा मित्रों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से समाज को एक नई दिशा दी है। शिक्षा मित्र केवल शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। आपने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का जो कार्य किया है, वह वास्तव में सराहनीय है। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि भी की और उनके सम्मान को उनकी चौखट तक पहुंचाने का भी कार्य किया है, इसी क्रम में आज यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने बड़े मंगल पर पूजन अर्चन कर वितरित किये प्रसाद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



भगवान रामचंद्र जी महाराज के अनन्य भक्त हनुमान जी के पावन दिन बड़े मंगल पर आयोजित होने वाले भंडार धार्मिक उत्साह के साथ सेवा सौहार्द भाईचारे के प्रतीक है।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बल बुद्धि विवेक के दाता श्री राम भगवान के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के पावन दिन आज जेष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर नगर के स्टेट बैंक के सामने पारस मेडिकल स्टोर के प्रबंधक परशुराम यादव द्वारा एवं ग्राम धौकलपुर असेनी स्थित अयोध्या धाम हनुमान मंदिर पर रामकिशोर यादव द्वारा आयोजित भंडारों में उपस्थित होकर भगवान बजरंगबली जी महाराज का दर्शन पूजन कर महाबली हनुमान जी से समस्त देशवासियों को सुख समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे में उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित कर प्रसाद ग्रहण करते हुए व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अजय वर्मा बबलू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, संतोष रावत, आशीष सिंह, बबलू सिंह, रामकिशोर यादव, सानू सिंह राठौड़ सहित तमाम भक्तों ने बजरंगबली जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# आधा दर्जन गोदामों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने मंगलवार को क्षेत्र के आधा दर्जन निजी बाड़ों और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खरीद से संबंधित वैध दस्तावेज न दिखा पाने पर उन्होंने बाड़ा संचालकों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और सभी प्रोपराइटरों को तलब किया है।निरीक्षण टीम में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज के साथ नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय, मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रमोद द्विवेदी, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार और कोतवाली बदोसराय पुलिस शामिल थी। टीम ने बदोसराय, मरकामऊ और रसूलपुर स्थित निजी बाड़ों और गोदामों की जांच की।जांच के दौरान, उपजिलाधिकारी ने बाड़ों के प्रोपराइटरों से अनाज खरीद से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे। मौके पर मौजूद कोई भी प्रोपराइटर आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने सभी प्रोपराइटरों को दस्तावेजों के साथ तलब किया है। टीम ने बाड़ों में रखे गए अनाज की बोरियों की गिनती भी करवाई।

उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बताया कि बिना वैध दस्तावेज के अनाज का भंडारण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दस्तावेज न दिखाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियम विरुद्ध खरीद में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बड़े मंगल पर मंत्री सतीश शर्मा ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने धार्मिक आस्था के साथ विकास कार्यों का समन्वय प्रस्तुत करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव भी मौजूद रहे।

मंगलवार को कस्बा सुमेरगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शेड निर्माण की मांग काफी समय से की जा रही थी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा





लगभग 58 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण से मंदिर आने वाले भक्तों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी।

इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से कई अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। इनमें मिनी स्टेडियम की रंगाई-पुताई तथा मुख्य गेट पर सीसी निर्माण के लिए लगभग 12.5 लाख रुपये, ताला वार्ड स्थित रैन बसेरे में स्लैब एवं सीढ़ी निर्माण के लिए करीब 16.5 लाख रुपये तथा दलसिंहपुर में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए लगभग 13 लाख रुपये की लागत की परियोजनाएं शामिल हैं। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रीय जनता को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शिलान्यास के उपरांत मंत्री सतीश शर्मा ने बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित भंडारे में सहभागिता करते हुए श्रद्धालुओं और कन्याओं को भोजन परोसा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश और देश की खुशहाली, जनकल्याण तथा विश्व शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की आवश्यकताओं और जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और भविष्य में भी इसी तरह योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी, मनीष श्रीवास्तव, दीपक वर्मा सहित नगर पंचायत के सभासद व क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह और विकास की भावना का संगम देखने को मिला।

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सभासद उपचुनाव संपन्न, 54 प्रतिशत मतदान





**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सुबेहा के पूरे पलिहारन वार्ड में मंगलवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभासद पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जो शाम 5 बजे तक चला। इस उपचुनाव में कुल 936 मतदाताओं में से 500 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल 54 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान केंद्र पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करते नजर आए।

मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टियां अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। प्रशासन द्वारा पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस चुनाव में गंगाराम रावत और छेदन रावत के बीच सीधा मुकाबला रहा। दोनों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 7 मई को मतगणना के बाद होगा।

## खबरें एक नजर में

### 11 मई से सभी ब्लॉकों में होगा दिव्यांग चिन्हांकन शिविर

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से समस्त विकासखण्डों में चिन्हांकन शिविर 11 मई से 25 मई के मध्य प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। चिन्हांकित शिविरों में संचालित योजनायें क्रमशः दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान तथा कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण संचालन, शल्य चिकित्सा योजना व विशिष्ट दिव्यांगता आई.डी. यू.डी.आई.डी. कार्ड से सम्बन्धित दिव्यांगजनों को शिविर के माध्यम से उक्त योजना के तहत आवेदक को सुविधाएं प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने नोडल अधिकारियों को नामित करते हुए निर्धारित उत्तरदायित्वों का निवर्हन करने के लिए निर्देशित किया है कि दिव्यांगजन के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन में सहयोग प्रदान करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित कराते हुए योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

### डीपीआरओ पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के आरोप, उठे सवाल



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) निरीश चंद्र साहू की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों में समय पर कार्रवाई न कर उन्हें दबाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और सचिवों को संरक्षण मिल रहा है। बताया जा रहा है कि जिले के कई विकासखंडों से ग्रामीणों द्वारा लगातार अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें की जा रही हैं। कई मामलों में जिलाधिकारी द्वारा जांच के लिए टीम भी गठित की गई और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन आरोप है कि संबंधित फाइलें जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में लंबित पड़ी रहती हैं और समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया, विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत तालगांव तथा विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़पुर सहित कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं।

### विश्व हास्य दिवस पर हंसी ठहाकों से सम्पन्न हुई संगोष्ठी

**बाराबंकी।** शान्तिपुरम सेवा समिति की नियमित बैठक समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेन्द्र वर्मा के विजयनगर स्थित आवास पर विश्व हास्य दिवस पर हंसी एवं ठहाकों से भरपूर आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता सुरेश चन्द्र बैसवार एवं संचालन अनिल श्रीवास्तव लल्लू व्यंग्यकार द्वारा किया गया। नींबू लाल गुप्ता के मंगलाचरण से कार्यक्रम का आगाज हुआ। समिति संयोजक डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा - यह मेरा है यह तेरा है ऐसी सोच तुच्छ मानसिकता वाले लोगों की होती है उदार लोगों के लिए तो पूरा विश्व, पूरा समाज ही एक परिवार है यह सोच उदारता, सहानुभूति और एकता की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करती है।राम अभिलाष वर्मा ने योग पर वक्तव्य देते हुए कहा कि आज के तनाव भरे वातावरण में हंसना जरूरी है। अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने विश्व हास्य दिवस पर सभी को बधाई देते हुए जीवन में हंसना और हंसाना बहुत ही आवश्यक है का अनुरोध करते हुए हास्य व्यंग की कविताएं प्रस्तुत कर सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया तो राधेश दीक्षित ने राधे कृष्णा के प्रेम को छंदों के माध्यम से प्रस्तुत कर सभा को प्रेम मय कर दिया।

# एटीएम बदलकर रुपये निकालने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मंगलवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्तों विशाल कोरी पुत्र रमेश कोरी निवासी टीना दुबान थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ व शिवा सरोज पुत्र लवकुश सरोज निवासी अगई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से विशाल कोरी के कब्जे से भिन्न भिन्न बैंकों के 11 एटीएम कार्ड व कुल 1300/-रुपये एवं शिवा सरोज के कब्जे से भिन्न भिन्न बैंको के 8 एटीएम कार्ड व 1200/- रुपये बरामद हुए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग एटीएम के बाहर खड़े हो जाते है जैसे ही कोई पुरूष या महिला एटीएम में रूपये निकालने



आते है तभी हम लोग भी एटीएम के अन्दर चले जाते है और उसको बातचीत में उलझाकर उसका पिन कोड देख लेते हैं और मौका पाते ही उसका एटीएम कार्ड बदल लेते है। बाद में हम लोग उससे कह देते है कि एटीएम खराब है जैसे ही वह व्यक्ति चला जाता है और हम लोग उसके रूपये निकाल लेते है। बरामद रुपयों के बारे में पूछने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि दो तीन दिन पहले हम दोनों लोगों ने सगरा तिराहा के पास अमेठी में एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर 4000/- रूपये निकाल लिये थे और इसी मोटरसाइकिल से भाग गये थे तथा रुपये आपस में बांट लिये थे। शेष रूपये हम लोगों ने खर्च कर लिये हैं। होण्डा साइन मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके तथा बताया कि यह मोटरसाइकिल गौरीगंज से एक बरात से चोरी किये थे। पकड़े जाने के डर से नम्बर प्लेट हम लोगों ने बदलकर दूसरी लगा दिये हैं। एटीएम बदलकर चोरी के संबंध में थाना अमेठी पर व मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाना गौरीगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# भाजपा के तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत पर अभिषेक गुप्ता ने मनाया शानदार जश्न

**सीतापुर खैराबाद, समृद्धि न्यूज।**

असम, पश्चिम बंगाल,व पुडुचेरी की जीत पर खैराबाद नगरपालिका में जश्न, डोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ अभिषेक गुप्ता ने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ मिठाई खिलाकर मनाया अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में हजारो कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डोल-नगाड़ों की थाप पर उत्सव मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान आतिशबाजी कर जीत का उल्लास और भी बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी कर जीत का स्वागत किया और नारेबाजी करते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महंत बजरंग मुनि महराज, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी, भी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में इस जीत को जनसमर्थन की जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जनहितकारी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लगातार जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करते रहें। इस मौके पर सभासद राकेश चंद्र गुप्ता, आलोक बाजपेई, शकील खान, सुनील मौर्य, समाजसेवी गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, नामित सभासद बलराम कृष्ण पांडेय, राजेश मिश्रा, सिंधु गुप्ता, मुस्कान बाल्मीकि,सभासद गण, पार्टी जिला पदाधिकारी गण,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समर्थकों में झाल-मुड़ी वितरित कर जीत की खुशी साझा की गई।

### घर में घुसकर की मारपीट, इज्जत पर भी हमला





**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत दखिनवारा गांव की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने रात में घर का दरवाजा तोड़कर लाठी-डंडों से उसे और उसकी सास को पीटा। और इज्जत पर हमला करने का भी आरोप महिला द्वारा लगाया गया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थिनी श्यामपती पत्नी रामजीत रैदास ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपियों ने रात साढ़े 11 बजे घर में घुसकर मारपीट की। लाठी-डंडा लेकर आए लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि अब पति भी उसे घर से निकाल रहा है। तीन बच्चों को लेकर कहां जाए, समझ नहीं आ रहा। प्रार्थना पत्र में लिखा है कि अगर न्याय नहीं मिला तो बच्चों के साथ आत्महत्या करने को मजबूर होगी। महिला का कहना है कि थाने में पहले भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन न्याय नहीं मिला जिससे वह एसपी के पास न्याय के लिए आई है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। फिलहाल लगाये गए आरोपों के सत्य या असत्य होने की पुष्टि समृद्धि न्यूज़ नहीं करता, खबर एसपी को दिए गए शिकायती पत्र और महिला द्वारा दिए गए बयान पर आधारित है।

# डीएम ने अस्थाई गौशाला स्थल की देखीं व्यवस्थाएं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अस्थाई गौशाला स्थल सरैंयासानी ब्लॉक खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में जल निकासी एवं अत्यन्त कीचड़ होने पर सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुये सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिये। किसी भी पशुओं की टैगिंग न होने पर पैरावेट गंगाराम को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने पशुओं को दिये जाने वाले पानी की जानकारी लेते हुये भूसा भण्डारण कक्ष एवं पशुओं को दिये जाने वाले हरे चारे की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने पशुओं के पंजीकरण, हरे चारे के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये बीमार पशुओं की



स्थिति की जानकारी ली। पशुओं के उपचार हेतु चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी ली। प्रधान से केयर टेकरों की जानकारी करते हुये केयर टेकरों से वार्ता करते हुये उन्हें दिये जाने वाले मानदेय की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अत्यन्त कमजोर पशुओं की देखभाल न करने पर सचिव एवं खण्ड विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुये कार्यों में सुधार के निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि पशुओं की टैगिंग, कीचड़ का निस्तारण अन्य व्यवस्थाएं जब तक दुरूस्त न हो जायें, तब तक सचिव का वेतन आहरित न किया जाये तथा यदि दो दिन के भीतर सभी कार्य दुरूस्त न हों तो सचिव फारा इकबाल को निलम्बित करने की कार्यवाही अमल में लायी जाये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वयं भी आकर सभी कार्यों को देखते हुये उनका निस्तारण करायें।

### बड़े मंगल पर दिनभर चला भंडारा व शरबत वितरण

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तजन मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं और पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा। तहसील मुख्यालय के कस्बा सुमेरगंज स्थित प्राचीन बूढ़े हनुमान मंदिर में विशेष रूप से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां भक्तों ने मंदिर परिसर की परिक्रमा कर दर्शन किए। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही। मंदिर परिसर में जगह-जगह शरबत वितरण के स्टॉल लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं को निःशुल्क शरबत पिलाया गया।

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह में बढ़े मानदेय का हुआ वितरण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शिक्षामित्र सम्मान एवं मानदेय वितरण समारोह भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर से शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 किए जाने का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने शिक्षामित्रों की भूमिका की सराहना करते हुए मानदेय वृद्धि पर बधाई दी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षामित्रों को अंगवस्त्र, माल्यार्पण व प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की विभिन्न नवाचारी गतिविधियों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

# डीएम की अध्यक्षता में निराश्रित गो संरक्षण की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में निराश्रित गो संरक्षण की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में गेहूं की कटाई हो चुकी है इस समय हमें भूसा सस्ते दर पर मिल सकता है इसलिए सभी गौशालाओं में छः माह का भूसा का भंडारण सुनिश्चित करा लिया जाए तथा हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता के लिए गोचर भूमि का समुचित उपयोग किया जाए। गौशालाओं के आस-पास गोचर की भूमि को चिन्हित कर उनमें नेपियर घास लगायी जाये, जिससे गोवंशों के





लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ पेयजल, जूट/तात के पर्दों, पंखों एवं पानी के छिड़काव के माध्यम से गोवंशों को लू एवं अत्यधिक तापमान से बचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए।

बीमार गोवंशों के लिए पृथक सिक वार्ड की व्यवस्था तथा नियमित चिकित्सा निगरानी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त गोशालाओं में स्वच्छता, सीसीटीवी निगरानी एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रेरित किया जाये कि आश्रित गोवंशों को सड़कों पर न छोड़े, निराश्रित गोवंशों को अभियान चलाकर गोशालाओं में संरक्षित किया जाये। बड़े कृषकों को भूसा दान करने हेतु प्रेरित किया जाये। इस अवसर पर गोशालाओं में भूसा दान करने वाले 10 कृषको को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

जिसमें शशिकांत तिवारी द्वारा गो आश्रय स्थल कोडरा 10 कुंतल, मनीष कुमार गो आश्रय स्थल टिकरा 10 कुन्तल, शिव बक्स सिंह गो आश्रय स्थल कठगर 15 कुंतल, सत्येन्द्र सिंह गो आश्रय स्थल मऊगर्वी 20 कुंतल, राम कुमार त्रिवेदी गो आश्रय स्थल गोविंदपुर बलौली 10 कुंतल, अशोक कुमार एवं नीलम सिंह द्वारा गो आश्रय स्थल रतासो 10-10 कुंतल, लीलावती गो आश्रय स्थल प्यारेपुर 10 कुंतल, अरविन्द सिंह गो आश्रय स्थल पट्टी रहस कैथवल 12 कुंतल एवं निर्मला देवी द्वारा गो आश्रय स्थल कहुआ में 15 कुन्तल भूसा दान किया गया है।

# अनियमितताओं के आरोप में लेखपाल निलंबित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

राजस्व विभाग में लापरवाही और अनियमितताओं के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए उप जिलाधिकारी अमेठी ने एक लेखपाल को निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार लेखपाल संजीव कुमार द्विवेदी पर अपने कार्य क्षेत्र ठेंगहा में गंभीर लापरवाही, शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता तथा विभागीय निर्देशों की अनदेखी के आरोप पाए गए हैं। बताया जाता है पूर्व में भी लेखपाल संजीव द्विवेदी एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संबंधित लेखपाल के विरुद्ध लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिनकी जांच कराई गई। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि लेखपाल को निलंबन अवधि में मुख्यालय से संबद्ध रखा गया है तथा उनके कार्यों की विस्तृत जांच के लिए संबंधित अधिकारी को नामित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन की शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जंबूरी में प्रतिभाग करने वाले स्काउट-गाइड सम्मानित

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



▸ 210 छात्र-छात्राओं का कृषि एवं डेरी उद्योग से संबंधित तीन माह का चल रहा है कौशल प्रशिक्षण

हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित जंबूरी के प्रतिभागी स्काउट एवं गाइड तथा स्काउट मास्टरों सहित श्रीमती रमाबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की राज्यपाल स्काउट पुरस्कार विजेता दो गाइड अनन्या और कंचन को विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अब तक सहायक संगठन आयुक्त स्काउट कानपुर मंडल के दायित्व का निर्वहन कर रहे मयंक शर्मा को संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त लखनऊ और श्रीमती अक्षिता प्रजापति को नया सहायक संगठन आयुक्त कानपुर बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। जनपद स्काउट के पूर्व कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी ने नवोदित पदाधिकारियों का स्वागत किया। मयंक शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि जिला स्काउट मुख्य आयुक्त एवं प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र के नेतृत्व में जनपद कन्नौज की स्काउट गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही हैं। पहली बार 106 स्काउट एवं गाइडों ने तृतीय सोपान प्रशिक्षण पूरा किया। उन्होंने शीतलाखेत, उत्तराखंड में 16 से 20 मई तक आयोजित पांच दिवसीय 'नेचर स्टडी एंड एडवेंचर' प्रशिक्षण में कम से कम एक टीम भेजने की अपील की। प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्काउट-गाइड गतिविधियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 210 छात्र-छात्राओं का कृषि एवं डेरी उद्योग से संबंधित तीन माह का कौशल प्रशिक्षण चल रहा है।

स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में जिला स्काउट सचिव अनुज कुमार द्विवेदी, प्रधानाचार्य सरोज यादव, मनोरमा यादव, योगेश मिश्रा, श्रवण शाक्य, सुरजीत कुमार, मेजर संदीप माधव सहित स्काउट-गाइड छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जुनेदपुर ग्राम पंचायत का खाता बंद विकास कार्य ठप्प

गुरसहायगंज कन्नौज। लगभग 6 माह से ग्राम पंचायत जुनेदपुर का विकास निधि का खाता बंद पड़ा हुआ है जिससे कोई भी भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है खाता संचालन न होने के चलते विकास कारों पर ब्रेक लग गई है ग्राम प्रधान ने मुख्य विकास अधिकारी से खाता संचालन की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान जुनेदपुर अरुण कुमार ने बताया कि लगभग 6 मा पहले ग्राम पंचायत विकास निधि का खाता संचालित नहीं हो रहा है जिसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी कार्यालय एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय को दी जा चुकी है पोर्टल पर टेक्निकल एरर आने के चलते कोई भी भुगतान ग्राम पंचायत के पोर्टल से नहीं हो रहा है जिससे ग्राम पंचायत में छोटे.मोटे विकास कर भी नहीं हो पा रहे हैं और कोई भी भुगतान ग्राम पंचायत से नहीं हो पा रहा है उन्होंने बताया कि लगातार प्रयास करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# पीएम की नीतियों पर बंगाल की जनता ने जताया भरोसा: प्रिया शाक्य

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



ग्राम लक्ष्मीराम नगला स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के कैंप कार्यालय में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न लड्डू बांटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और नारे लगाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर पश्चिम बंगाल की जनता ने पूरा भरोसा जताया है। ममता बनर्जी के 15 साल के कुशासन, भ्रष्टाचार, हिंसा और तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो गया है। भाजपा की विकासवादी सोच और 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र ने बंगाल की जनता को आकर्षित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने कहा यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भारत, उज्ज्वला और किसान सम्मान निधि का परिणाम है।

बंगाल में अब विकास की नई सौगात मिलेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य ने कहा ममता सरकार में बंगाल अपराध, बेरोजगारी और पलायन का गढ़ बन गया था। मोदी जी की गारंटी वाली राजनीति ने वहां बदलाव की लहर पैदा की है। उत्तर प्रदेश भी इसी विकास मॉडल पर आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा भाजपा की यह जीत पूरे देश में हिंदुत्व और विकास की विचारधारा को मजबूत करेगी। व्यापारियों को अब बंगाल में भी बेहतर माहौल मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एकस्वर में कहा कि यह जीत 2027 के आगामी चुनावों के लिए शुभ संकेत है।

## हनुमान जी का प्रसाद पाने उमड़ी श्रद्धालुओं के भीड़



छिबरामऊ कन्नौज। जयेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार को शक्तिपीठ गमा देवी में स्थित दक्षिणामुखी हनुमान जी के मंदिर में प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने हनुमान जी को भोग लगाकर कन्या भोज के साथ प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जो हनुमान जी महाराज का प्रसाद ग्रहण करता है एवं प्रसाद वितरण करता है उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। उनके स्मरण से सारे रोग व्याधियां नष्ट हो जाते हैं। इसलिए जेठ के प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण करना चाहिए। सायं को सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ भी हुआ। इस मौके पर सरोज गुप्ता, विवान गुप्ता, संध्या त्रिपाठी, संगीता गुप्ता, रक्षा गुप्ता, उषा उपाध्याय, सौम्या उपाध्याय, नविका उपाध्याय, विमल पाठक, रेखा शर्मा, मधु भदोरिया, गीता तिवारी, आरती पाठक, अमित दुबे, राकेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, भारत सिंह वर्मा, गणेश पाठक, हर्ष सिंह आदि श्रद्धालु जन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सम्मिलित हुए।

## कोल्ड स्टोरेज में सपा की मासिक बैठक कल

गुरसहायगंज कन्नौज। समाजवादी पार्टी की आवश्यक मासिक बैठक 7 मई को स्थान मां प्रकाश देवी कोल्ड स्टोरेज सारा प्रयाग छिबरामऊ समय 10 :00 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने दी उन्होंने बताया कि 7 मई समय सुबह 10 बजे माँ प्रकाश देवी कोल्ड स्टोरेजए सरायप्रयाग में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया जा रहा है इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, वरिष्ठ नेता गण एवं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करें। और बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करें। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी मिलकर अपने-अपने बूथ पर मेहनत करें और जनता तक अपनी बात पहुंचाएं। उन्होंने छिबरामऊ विधानसभा 196 की सभी कार्यकर्ताओं को सभी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से इस समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# 19 गौशालाओं के लिए दान में मिला 851 क्विंटल भूसा



▸ अभियान चलाकर पूर्ति विभाग, ग्राम प्रधानों, सचिव, समाजसेवियों व अन्य लोगों से भूसा दान में किया गया एकत्र

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 19 गौ आश्रय स्थल बने हुए हैं। यहां मौजूद गौवंशों के लिए 851 क्विंटल भूसा दान में एकत्र किया गया। मंगलवार को एकत्र किया गया भूसा सभी गौशालाओं में भिजवा दिया गया। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि क्षेत्र की ग्राम पंचायत लड़ैता, कसावा, शाहजहांपुर, अल्हनापुर, जसुआमई, भौराजपुर, भगवंतपुर, खुबरियापुर, अहिरूआ राजारामपुर, घिलोई खास, कैरदा, सलेमपुर, मिघौली, करमुल्लापुर, नगला दिलू, भावलपुर, खोजीपुर, रतनपुर व भोजपुर निगोह गांव में गौ आश्रय स्थल संचालित हैं। इन गौशालाओं में मौजूद गौवंशों के लिए अभियान चलाकर पूर्ति विभाग, ग्राम प्रधानों, सचिव, समाजसेवियों व अन्य लोगों से भूसा दान में एकत्र किया गया। बीडीओ ने बताया कि दान में एकत्र किया गया 851 क्विंटल भूसा सभी गौशालाओं में भिजवाया गया। ब्लॉक गेट से बीडीओ दीपांकर आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल समेत अन्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर भूसा लदे लोडरों को गौशालाओं के लिए रवाना किया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता, पशु चिकित्साधिकारी नेम कुमार सहित सभी सचिव व कई ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

## भाजपा ने पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में किया शानदार प्रदर्शन



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला बनवारी नगर स्थित कमला सिंह अस्पताल में भाजपा की जीत का जश्न मनाते हुए कहा गया कि इस बार चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुकी कमला सिंह ने कहा पांच राज्यों के हुए विधानसभा चुनाव में असम और पुडुचेरी में और अधिक सीटों के साथ भाजपा पुन: सत्ता में आई जबकि सबसे महत्वपूर्ण पश्चिम बंगाल में भी भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म भूमि को आतंकसे मुक्त कराकर भाजपा का शासन स्थापित किया। डॉ प्रदीप सिंह ने कहा शेष दो राज्य तमिलनाडु और केरलम में सत्तारूढ़ पार्टियों की विदाई ही नहीं हुई अपितु वहां के मुख्यमंत्रियों की शर्मनाक हार विपक्ष के लिए बड़ा आइना है। अनुराग त्रिपाठी ने कहा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत का परचम फहराएगा। राहुल प्रताप सिंह सिंह ने कहा पश्चिम बंगाल में अब बदलाव की बयार बहेगी। इस दौरान योगेंद्र भदौरिया एवं अश्वनी अवस्थी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हाईस्कूल इंटर बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित



छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

विशुनगढ़ के किला नगरिया पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बीआर अंबेडकर सेवा समिति किला नगरिया के पदाधिकारियो और पूर्व सैनिकों ने हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर फूल मालाओं से सम्मानित किया।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं सहित बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज नगला लक्ष्मन शंकरपुर की छात्रा अनामिका को अपनी कक्षा में प्रथम, कोमल को द्वितीय व सूरज यादव को तृतीय आने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक नेम कुमार आजाद, कुसमरा से रजनी किन्नर और बौद्ध धर्म के लोगों ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कैप्टन योगराज सिंह ने बच्चों को अनुशासन और लगन के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजू भारती विमल कुमार, लोकेश शाक्य, प्रवीन शाक्य, संतोष, बंटी सागर, प्रांशु, रोहित, करन, दलगंजन सिंह यादव, कुसमरा से किन्नर रजनी गुरु, बबली, राखी, चांदनी, कैप्टन रामपाल सिंह, कैप्टन निर्मल सिंह, सूबेदार मेजर प्रवीन राजपूत, सूबेदार अतर सिंह पाल, हवलदार महेश सिंह, हवलदार नाथूराम सविता, हवलदार ओरुन कुमार बैस आदि मौजूद रहे।



## हरीश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में मिली ऐतिहासिक जीत

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम निगोह खास में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने कहा कि हरीश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। उन्होंने आसाम में एक वर्ष पहले कमान संभाली थी। विपिन द्विवेदी ने आसाम समेत पांडुचेरी और पश्चिम बंगाल में मिली जीत की खुशी में लोगों को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर शिवम त्रिपाठी, श्याम तिवारी, दीपू सविता, ओमवीर जाटव, मुकेश जाटव, आशुतोष बाथम, आकाश, ऋषि, सुमित शर्मा, अंशू, अभिषेक, मोहित सविता, हरिशंकर सक्सेना, नीरज, लाल सिंह आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# तीन दिन बाद बेहोशी में मिली लापता छात्रा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।



▸ पड़ोसी युवक पर बंधक बनाकर उत्पीड़न का आरोप, पीड़िता ने परिजनों को दी सूचना
▸ डायल 112 के पहुंचने पर छत से बरामद हुई छात्रा, आरोपी फरार

सदर कोतवाली क्षेत्र के हम्मालीपुरा स्थित एक मदरसे की करीब 14 वर्षीय छात्रा तीन दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुई। छात्रा बेहोशी की हालत में मिली। उसकी मांग में सिंदूर और पैरों में पायल व बिछिया होने से मामला और संदिग्ध माना जा रहा है।

परिजनों के मुताबिक, पड़ोस में रहने वाले युवक दीपू के घर से छात्रा को बंधक अवस्था में छुड़ाया गया। बताया गया कि आरोपी के मोबाइल फोन से ही किशोरी ने अपने घरवालों को सूचना दी थी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और परिजनों ने घर की छत पर टंकी के पीछे नशे की हालत में किशोरी को बरामद किया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे शराब पिलाकर नशे की हालत में बंधक बनाकर यातनाएं दीं। घटना के बाद आरोपी दीपू मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

उधर, यह सवाल भी उठ रहा है कि छात्रा के तीन दिन से लापता रहने के बावजूद मदरसा प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई। इस पर मदरसा सदस्य नैयर ने बताया कि हमलोग और परिजन पहले रिश्तेदारी में किशोरी की तलाश कर रहे थे और बाद में पुलिस को सूचना दी गई। मामला दो अलग-अलग सम्प्रदाय से जुड़ा है इसलिए पुलिस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सतर्कता के साथ जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# नपं में पुलिस का छापा, चेयरमैन-ईओ समेत तीन पर गैरजमानती वारंट

तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



जनरेटर भुगतान मामले में कार्रवाई

तिर्वा नगर पंचायत में पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी कर चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी (ईओ) और एक लिपिक की गिरफ्तारी के प्रयास किए। तीनों के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि जनरेटर खरीद के भुगतान न करने के मामले में चेयरमैन, ईओ और लिपिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इसी प्रकरण में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए तीनों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। पुलिस के छापे से पहले ही ईओ और संबंधित लिपिक छुट्टी लेकर गायब हो गए, जिससे उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने कार्यालय और संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## साइबर अपराध पर पुलिस की कार्यशाला, युवाओं को किया जागरूक

तिर्वा,कन्नौज। बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर पुलिस ने मंगलवार को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में साइबर क्राइम अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं, युवाओं और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कानपुर जोन के महानिदेशक आलोक सिंह और कानपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीश चन्दर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में हर व्यक्ति को सतर्क रहना जरूरी है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने लोगों को साइबर अपराध के तरीकों की जानकारी देते हुए बताया कि ठग फर्जी लिंक, ओटीपी, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन निवेश और यूपीआई के जरिए लोगों को निशाना बनाते हैं।

# जेल में लगायी जाएं हेल्प डेस्क व पीएलवी की हो तैनाती

**प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल कन्नौज का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/ न्यायाधीश अनुजा सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधिक सहायता, चिकित्सा व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेकर जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान सचिव ने निर्देश दिए कि बंदियों के रिकॉर्ड कार्ड नियमित रूप से अपडेट किए जाएं और स्वास्थ्य जांच से जुड़ी सूचनाएं निरंतर दर्ज हों। उन्होंने कारागार में कानूनी सहायता हेल्प डेस्क संचालित करने तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) और जेल विजिटिंग वकीलों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। अनुजा सिंह ने कहा कि बंदियों से होने वाली बातचीत का रिकॉर्ड और डाटा संग्रहित किया जाए तथा हर माह निर्धारित प्रारूप में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कारागार प्रशासन को पारदर्शिता और व्यवस्था सुधारने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक सूबेदार यादव, डॉ. सिद्धार्थ चौधरी, उप कारापाल रामबहाल दूबे, उर्मिला सिंह, दिनेश कुमार, अजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जाम हटाने के नाम पर की शिकंजी विक्रेता की पिटाई

सौरिख,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

▸ सौरिख थाना रोड की घटना का वीडियो वायरल

सौरिख थाना रोड पर जाम हटाने के नाम पर एक शिकंजी विक्रेता की पिटाई का मामला सामने आया है। घटना शनिवार की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन पाल अपने हमराहियों के साथ गश्त से लौट रहे थे। इसी दौरान थाना रोड पर ठेला लगाए खड़े शिकंजी विक्रेता को देखकर उन्होंने जीप रोकी। आरोप है कि निरीक्षक ने विक्रेता को कई थप्पड़ मारे और बाल पकड़कर पिटाई की। वहीं, निरीक्षक ब्रजमोहन पाल ने सफाई देते हुए कहा कि सड़क पर जाम लगा था, जिसे हटाने के दौरान सख्ती करनी पड़ी। घटना से नाराज स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहों व तिराहों पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा दिनभर जाम लगाया जाता है, लेकिन पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती और छोटे दुकानदारों पर सख्ती दिखाती है। प्रभारी निरीक्षक जयंती गंगवार ने बताया कि मारपीट का वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक ने छात्राओं को मेडल देकर किया पुरस्कृत



गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।

शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। शिक्षा के बिना मनुष्य के जीवन बिल्कुल अधूरा है चाहे कोई भी क्षेत्र हो शिक्षा का महत्व हर जगह होता है शिक्षित समाज से ही एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण संभव है और देश में एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है। यह बात पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने डुड़वा बुजुर्ग में स्थित एम पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में कहीं उन्होंने इंटरमीडिएट में विद्यालय में प्रथम आए रेहान द्वितीय स्थान पर कार्तिक गुप्ता तृतीय स्थान पर बुशरा बानो को प्रतीक चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया इसके अलावा हाई स्कूल में विद्यालय में प्रथम आए मोहम्मद सैफी द्वितीय स्थान पर इकरा और तृतीय स्थान पर ज्ञानी को प्रतीक चिन्ह और टैबलेट देकर सम्मानित किया इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पूर्व विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधक फरीन सिद्दीकी को विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अर्चना वाजपेई ने माला पहनकर स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय सभासद मुस्ताक अहमद शिक्षक शमशाद खान शान मोहम्मद मुजफ्फर खान अयूब सिद्दीकी शहनवाज सिद्दीकी आफ्ताब खान सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



गुरसहायगंज कन्नौज। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है मेहनत और अनुशासन से ही जीवन में सफलता मिलती है कड़ी मेहनत और लगन के साथ विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने का कार्य करें कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी होती है मंगलवार को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव डुंडवाबुर्ग में स्थित एमएफ़ज़ार पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरण कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने सभी मेधावी छात्राओं को उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले छात्राओं को मुख्यत: द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया सम्मान समारोह मे पहुंचे पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी को स्कूल प्रशासन की ओर से फूल मालायें पहना कर जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर प्रबन्धक मुकीम खान प्रधानाचार्य अवनीश कुमार विद्यालय परिवार का पूरा स्टॉप मौजूद रहा। इस मौके पर सौम्या अरबाज निशा श्यामा शाहिद शेर राजा यासिर शाह आलम मुर्शिद खान निदा फातिमा सना बानो चांदनी सहित् विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत, छह घायल

तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में आगे चल रहे वाहन से अनियंत्रण के कारण पीछे से आ रही कार जा घुसी। हादसे में एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर के जनौरा गांव निवासी 40 वर्षीय जयशंकर अपने परिवार के सदस्यों 70 वर्षीय पिता दुर्गाप्रसाद,55 वर्षीय चाचा सदाशिव,38 वर्षीय पत्नी प्रिया तिवारी,25 वर्षीय संध्या शुक्ला, 5 वर्षीय बेटी नंदिनी,69 वर्षीय मां चिंता देवी, के साथ लखनऊ आगरा एक्सप्रेस होते हुए कार से नोएडा जाने के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उपरोक्त लोगों की कार माइल स्टोन 173 पर उपरोक्त गांव के निकट पहुंची,इसी दौरान आगे चल रहे किसी वाहन से अनियंत्रण के कारण तेजी से टकरा गई। दुर्घटना में सभी कार सवार घायल हुए। घटना का कारण जहां कार चालक जयशंकर की झपकी आना बताया गया है,वहीं मौके पर दुर्घटना की सूचना पर यूपीडा टीम और स्थानीय पुलिस बल पहुंचा। दुर्घटना के घायलों एंबुलेंस की मदद से तिर्वा मेडिकल कॉलेज उपचार हेतु भेजा गया। यहां डाक्टरों ने महिला चिंता देवी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी थामृतिका के शव पर परिजनों का हाल बेहाल था। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि, मृतिका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है,आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# मिशन वात्सल्य योजना के तहत बैठक सम्पन्न

▸ बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम की रोकथाम पर की गयी चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक के दौरान संबोधित करते बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह

जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में शमसाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया खंड विकास अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम की रोकथाम पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने उपस्थित आंगनबाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि आज के युग में मोबाइल का अधिक प्रयोग बच्चों की जीवन शैली में बदलाव ला रहा है जिस कारण कई बार अप्रिय घटनाएं सामने आती है, बच्चों के द्वारा मोबाइल प्रयोग किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। जिससे उनको उक्त कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि से कक्षा 5 कक्षा 8 के बाद ड्रॉप आउट हो रही बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में प्रवेश कराए जाने तथा स्कूलों में बाल विवाह, गुड टच बेड टच के संबंध में बच्चों को जागरुक कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विषय में जानकारी प्रदान की। खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 शुभम चित्रांश, मुख्य सेविका नेहा राठौर, परामर्शदाता प्रवीण गुप्ता द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# एलपीजी डालते समय कार में लगी आग, धू-धू कर जली

▸ दारोगा हरीश कुमार ने बताया मामले की हो रही है जांच

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**




धू-धू कर जलती कार

एलपीजी डालते समय कार में आग लग गई। कुछ ही समय में कार जलकर नष्ट हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार नगर के कंपिल-कायमगंज मार्ग पर पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के निकट सोमवार देर रात लगभग साढ़े आठ बजे एक कार में एलपीजी डालते समय आग लग गई। देखते ही देखते कार जलकर नष्ट हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे नगर इंचार्ज दारोगा हरीश कुमार ने जांच पड़ताल की।

राहगीरों ने बताया कि तीन चार लोग कार में एलपीजी डाल रहे थे। उसी समय कार में आग लग गई। आग लगते ही सभी लोग मौके से फरार हो गए। दारोगा हरीश कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# लोहिया अस्पताल में दिव्यांगों के लिए बना काउंटर




लोहिया अस्पताल में बना दिव्यांग काउंटर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने प्रशासन से मांग की थी कि डॉ. राम मनोहर लोहिया में पर्चा बनवाने के लिए दिव्यांगजन के लिए काउंटर नहीं है न ही दवा लेने के लिए कोई काउंटर संचालित था। दिव्यांगों को लंबी लाइनों में लगकर पर्चा बनवाना पड़ता था। राहुल राठौर स्वयं डॉ. राम मनोहर लोहिया में पर्चा बनवाने के लिए पहुंचे, तो देखा कि दिव्यांग काउंटर बंद पड़ा हुआ था। राहुल राठौर दिव्यांग होने के कारण तत्काल सीएमस ऑफिस में पहुंचकर अधिकारी को जानकारी दी और अधिकारी से पूछा कि दिव्यांगों के लिए काउंटर उपलब्ध क्यों नहीं है। अधिकारी ने जवाब नहीं दिया तत्काल कर्मचारियों को बुलाकर राहुल राठौर का पर्चा बनवा दिया।

राठौर ने जिलाधिकारी से लोहिया अस्पताल में दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर बनवाने की मांग की थी। जिसको जिला प्रशासन में संज्ञान लिया। दिव्यांगजनों के लिए अलग से काउंटर उपलब्ध करा दिया गया। वहीं राहुल राठौर ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया है।

## सूने मकान से 50 बोरी गेहूं पार, किसानों में दहशत



मौके पर मौजूद ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। वीरपुर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग 50 बोरी गेहूं चोरी कर लिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब वहां रहने वाला किराएदार (जेसीबी चालक) मंगलवार दोपहर कमरे पर पहुँचा। पीड़ित गृहस्वामी प्रमोद कुमार ने बताया कि मकान में बड़ी मात्रा में गेहूं स्टॉक करके रखा गया था। दोपहर करीब 12 बजे जब किराएदार सोहित कमरे पर आया, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला और गैलरी में गेहूं बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी से स्थानीय किसानों और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है। पुलिस के अनुसार, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

▸ घर में बेटी की शादी के लिए रखा दहेज का सामान भी आग में जला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



जले सामान को देखती महिलाएं

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गुसरापुर में मंगलवार रात किसान के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से हजारों रुपये का घरेलू सामान और बेटी की शादी के लिए रखा दहेज का सामान जलकर राख हो गया। आग की तेज लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी पातीराम के घर रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग में घर में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी, घरेलू सामान तथा पातीराम की पुत्री गीता की शादी के लिए रखा दहेज का सामान, जिसमें फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन समेत अन्य घरेलू उपकरण शामिल थे, जलकर राख हो गए। पीड़ित पातीराम ने बताया कि उनकी बेटी गीता की शादी जून माह में होनी है, जिसके लिए वह काफी समय से दहेज का सामान इकट्ठा कर रहे थे। आग लगने से शादी की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। ग्राम प्रधान अमन कुमार अवस्थी ने बताया कि रात में आग लगने से पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### घोड़ों की रेस में तरुण मिश्रा उर्फ टाटा के घोड़े ने पाया प्रथम स्थान



तरुण मिश्रा उर्फ टाटा विजेता घोड़े के साथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सहारनपुर में हुई घोड़ों की प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद के रामजी मिश्रा के पुत्र तरुण मिश्रा उर्फ टाटा ने जनपद का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में तरुण मिश्रा उर्फ टाटा के घोड़े राजा ने 20 घोड़ों की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनको ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर जनपदवासियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामनायें कीं।

### फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने की उपकरणों व गाड़ियों की साफ-सफाई




गाड़ियों की साफ सफाई में जुटे फायर स्टेशन के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी के आदेशानुसार एवं प्रभारी फायर स्टेशन फतेहगढ़ प्रांशु अवस्थी के निर्देशन में दिवसाधिकारी लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह द्वारा फायर स्टेशन पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को एकत्र करके ड्यूटी, आग व रेस्क्यू में लगी गाड़ियों की टर्न आउट व गाड़ी के उपकरणों की साफ-सफाई, साजोसज्जा मेन्टेन की गई। इस दौरान कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी डियूटी को पूरी ईमानदारी से अंजाम दें। इस दौरान कहा गया कि गर्मी का मौसम शुरु हो गया है। ऐसे में आग की घटनायें बढ़ेंगी, इसलिए हम सभी को किसी भी आपात स्थित से निपटने के लिए तैयार रहना है।

# शिकायत की जांच करने गई लेखपाल से की अभद्रता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में युवक

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव कनासी निवासी एक युवक ने जमीन पर कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। युवक द्वारा की गई शिकायत की मंगलवार सुबह जांच करने लेखपाल सोनम सचान गांव पहुंची और उन्होंने लोगों से पूछताछ कर जांच शुरू की। उसी दौरान गांव के ही निवासी दिवाकर ने मौके पर आकर लेखपाल से अभद्रता करना शुरू कर दिया। जिससे लेखपाल को जांच में असुविधा हुई। लेखपाल ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दिवाकर को हिरासत में लिया। थाने पहुंची लेखपाल सोनम सचान ने पुलिस को दिवाकर के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व अभद्रता करने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने हिरासत में लिए हुए दिवाकर सिंह का शांतिभंग के आरोप में चालान किया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि लेखपाल द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। हालांकि युवक का शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया गया।

# पुताई करने आये मजदूरों ने किन्नर के घर से पार किये जेवरात व नकदी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करती पुलिस

किन्नर के घर पुताई करने आये मजदूर 55 हजार रुपए के जेवर तथा 50,000 की नकदी पार कर दी। पीड़ित किन्नर ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला शिवाजी नगर की गली नंबर 6 निवासी किन्नर ममता चौहान अपनी सहयोगी रुखसार के साथ रहती है। ममता चौहान ने 2 मई को किदवई नगर निवासी एक युवक को घर में पुताई करने का ठेका दिया था। 3 मई को सुबह लगभग 7:00 बजे उक्त युवक एक मजदूर के साथ ममता के घर पहुंचा। कमरे में पुताई करने के लिए कमरे में रखी अलमारी का सारा सामान ममता ने निकालकर तख्त पर रख दिया। इसके बाद सुबह लगभग 9:00 बजे पुताई करने आए दोनों युवक अचानक से गायब हो गए। 4 मई को ममता उनके घर गई, तो उक्त युवक नहीं मिला। 5 मई को घर में मेहमान आने पर ममता ने जब थैला देखा तो उसमें से एक सोने का छल्ला, एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल तथा 50000 नगद गायब थे। जेवर तथा रुपए गायब होने पर ममता ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा घर में लगे सीसीटीवी कैमरा के बारे में जानकारी ली। ममता ने बताया की लगभग 55000 के जेवर तथा 50000 गायब हैं। ममता ने पुताई करने वाले युवकों पर सामान गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# आंधी में उड़ी गरीब की झोपड़ी, खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहा परिवार

▸ बेबसी ऐसी की भोजन बनाने के लिए भी जगह बनी बची

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



झोपड़ी के बाहर परिवार के साथ खड़ा पीड़ित

बीते दिन आयी तेज आंधी में गरीब की झोपड़ी उड़ गयी। अब वह खुले आसमान के नीचे परिवार सहित गुजर बसर करने को मजबूर है। आसमान से असमय हो रही बरसात किसान के लिए नई मुसीबत बन गयी है।

जानकारी के अनुसार विकास खंड कायमगंज की ग्राम पंचायत कमलाईपुर निवासी गफ्फार खां पत्नी सबीना बेगम के साथ घास फूस की झोपड़ी में रहते हैं। उनके छह बच्चे फूल बनो, बनो, जुबैदा, आशिया चार लड़कियां, अकबर, बॉबी दो लड़के हैं। गफ्फार खां मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। रविवार रात आयी तेज हवा बरसात्त से उनका सारा सामान भीग गया। झोपड़ी भी हवा में उड़ गयीं। सोमवार दिन भर मेहनत कर, परिवार ने अपनी झोपड़ी ठीक की। सोमवार रात को आयी तेज हवा,पानी ने उनकी झोपड़ी गिरा दी। गृहस्थी का सामान, कपड़े भीग गये। गफ्फार खां की पत्नी सबीना बेगम ने बताया मंहगाई में मकान बनवाना मुमकिन नहीं हैं। प्रधानमंत्री आवास से उम्मीद हैं। लड़की भी बड़ी हो रही हैं। उसकी शादी की चिंता भी सता रही हैं। मेहनत मजदूरी से परिवार का भरण पोषण ही मुश्किल से हो रहा हैं। बटई पर गेहूं की फसल बोई थी। वह भी भीग गयीं। अब सिर छिपाने की भी जगह नहीं बची हैं। हवा से झोपड़ी गिर जाती हैं। फिर रात खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ती हैं। कई बार प्रधानमंत्री आवास की मांग कर चुके हैं। मगर अभी तक कोई सर्वे भी करने नहीं आया। खंड विकासअधिकारी राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया प्रधानमंत्री आवास का सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका हैं। जल्द ही पात्र लोगों को आवास मिलने की उम्मीद हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।यह घटना नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बघोना भट्टे के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग दूर जा गिरे और दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घायलों में मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के तुर्कीपुर गांव निवासी अल्तमस और उनके साथी मोनिस खान शामिल हैं। ये दोनों एसी ठीक करने का काम करते हैं और नवाबगंज आ रहे थे। दूसरी बाइक पर जनपद एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के राई गांव निवासी तुलसीराम पुत्र जयसिंह सवार थे, जो अपनी ससुराल चौरसिया मझोला जा रहे थे।मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मी मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला इकाई के गठन के बाद पहले जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें 15 मई के बाद होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी के संदर्भ में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी व पूर्व जिला अध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत ने प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित विषयों पर कार्य समिति के सदस्यों प्रकोष्ठों के संयोजकों मोर्चा के अध्यक्षों जिला पंचायत सदस्यों ब्लॉक प्रमुख एवं पदाधिकारियों को जानकारी दी। जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी व कन्नौज के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने बताया भाजपा संगठन आधारित दल है जो विचारधारा एवं सिद्धांतों के आधार समाज सेवा का कार्य करती है। वंशवाद और परिवारवाद की परिपाटी से दूर हटकर कार्यकर्ता आधारित संगठन का निर्माण करते हुए राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने का लक्ष्य लेकर चलती है। जिला कमेटी की घोषणा के बाद नए पदाधिकारियों को संगठन में संस्कारवान बनाने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करती है।

इस प्रशिक्षण वर्ग में नए पदाधिकारी को सीखने का अवसर मिलता है। मंडलों में प्रवासी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के बाद यह सभी प्रवासी अपने-अपने चयनित मंडलों में प्रवास करके मंडल कार्य समिति की बैठक करेंगे। यह सभी बैठकें 7 मई तक संपन्न करायेंगे। मंडलों के आगठित बूथों का गठन सुनिश्चित करना होगा। मंडल की बैठक में शक्ति केंद्र का प्रभारी मंडल का पदाधिकारी बनेगा। मंडलों की बैठक के बाद जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा जिला प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित कार्यकर्ता जिसमें संपूर्ण जिला कार्य समिति मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री सभी प्रकोष्ठों के संयोजक व संयोजक क्षेत्रीय व राष्ट्रीय पदाधिकारी सभी पूर्व जिला अध्यक्ष सभी जिला सहकारी पदाधिकारी जिसमें क्रय विक्रय भी शामिल रहेगा। प्रशिक्षण वर्ग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा ऑनलाइन पंजीकरण सरल ऐप के माध्यम से प्रत्येक को 200 शुल्क जमा करना होगा। प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा वहां पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। एक दिन का रात्रि प्रवास करना अनिवार्य होगा।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया भारतीय जनता पार्टी का संगठन सबसे मजबूत है संगठन के बलबूते पर पार्टी ने बंगाल और असम में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए बहुमत की सरकार बनाई है। 2027 का विधानसभा चुनाव पार्टी संगठन के आधार पर लड़ेगी। इसलिए संगठन को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के विचारधारा नीति सिद्धांत एवं केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों की उपलब्धियां की जानकारी दी जाएगी। जिले के पदाधिकारी ही मंडल के प्रभारी होंगे और मंडल के पदाधिकारी ही शक्ति केंद्र के प्रभारी होंगे। हमने नारा दिया था जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है उसे कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किया, लेकिन उसके बाद एक मजबूत संगठन के आधार पर जहां पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ वहां पर भी भगवा लहराने का कार्य किया गया। भाजपा 2027 का विधानसभा का चुनाव तीसरी बार जीतेगी। जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा जिला कार्य समिति की बैठक महत्वपूर्ण होती है। मंडल के प्रवासी मंडल अध्यक्षों के साथ सहयोग करके मंडल कार्य समिति के सत्यापन का कार्य करेंगे। बूथ सत्यापन का कार्य साथ ही किया जाएगा। सभी मंडलों में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं,वरिष्ठ में पूर्व पदाधिकारियों लोकतंत्र सेनानियों की सूची जिले को उपलब्ध कराए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत,अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटियार, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री गोपाल राठौड़, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अनुराग दुबे, अभिषेक बाथम, वीरेंद्र कठेरिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक, मीरा सिंह, जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे, हिना दवे, ममता सक्सेना, हेमचंद्र राजपूत, पूर्व जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, कार्यालय प्रभारी संजय सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, जिला आईटी संयोजक रजनीश मिश्रा, अभिषेक बाजपेई अनुराग सिंह, शिव मोहन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचने के लिए हाथों को रखें स्वच्छ

- विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित
- संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और कारगर तरीका हाथों को साबुन-पानी से कम से कम 20 सेकेंड तक सही तरीके से धोना है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों, स्वास्थ्य इकाइयों, महिला आरोग्य समितियों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया व केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में करीब दो हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया, इनमें छह चिकित्सक, 286 आशा कार्यकर्ता, 98 एएनएम/सीएचओ, 88 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 45 शिक्षक, 898 समुदाय के सदस्य और 581 बच्चे शामिल हुए। पीएसआई इंडिया से अमरीश कुमार पांडेय एवं अनुपम मिश्रा ने एक विद्यालय तथा चार स्वास्थ्य केंद्रों पर तकनीकी सहयोग प्रदान किया, जिनमें 49 आशा कार्यकर्ता, 18 एएनएम, 58 छात्र-छात्राओं तथा आठ अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इन कार्यक्रमों के तहत स्वच्छता संसाधनों पर चर्चा, शपथ ग्रहण समारोह, क्विज़ प्रतियोगिताएं और रोल प्ले आदि का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से डायरिया प्रबंधन और नियमित रूप से हाथ धोने की आदतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जिला स्वास्थ्य समिति ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामूहिक प्रयासों से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि डायरिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी महत्वपूर्ण मदद मिलती है। इस मौके पर बताया गया कि संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और कारगर तरीका हाथों को साबुन-पानी से कम से कम 20 सेकेंड तक सही तरीके से धोना है। दिनभर में हम हाथों से कई तरह के जरूरी काम करते हैं और उस दौरान कई लोगों, सतहों और वस्तुओं के सीधे सम्पर्क में आते हैं। इससे गंदगी, रोगाणु, कीटाणु और बैक्टीरिया की गिरफ्त में आने की पूरी सम्भावना होती है। इसलिए साबुन-पानी से हाथों को सही तरीके से धोना बहुत जरूरी होता है। हाथों को धोना ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि सही तरीके से हाथों को धोना जरूरी होता है। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर आज (सुमन-के) के बारे में लोगों खासकर बच्चों को सरल तरीके से समझाने की जरूरत है ताकि वह इन छह चरणों को अपनाकर हाथों की सही स्वच्छता के लिए सक्षम बन सकें। यह छह चरण हैं (एस) -साबुन-पानी से झाग बनाने के बाद पहले सीधी हथेलियों को बारी-बारी से घिसें, (यू) - उल्टी तरफ हाथों को बारी-बारी से घिसें, (एम)- मुट्ठी बंदकर हाथों को अच्छी तरह घिसें, (ए)- अंगूठों को अच्छी तरह से रगड़े, (एन) - नाखूनों को अच्छी तरह से साफ करें, (के)- कलाइयों को भी ठीक से रगड़ें। इस तरह इन छह चरणों को अपनाकर संक्रामक बीमारियों को मात दिया जा सकता है। इसकी आदत बचपन से ही विकसित की जाए तो आगे चलकर भी यह सदा के लिए बनी रहती है। जागरूकता कार्यक्रमों में बताया गया कि बच्चों की देखभाल से पहले, मरीजों की सेवा से पहले और बाद में, खाना बनाने या खाने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद, खांसने, छींकने या नाक साफ करने के बाद, कचरा उठाने या किसी गन्दी सतह को छूने के बाद, जानवरों या पालतू जानवरों को छूने के बाद हाथों को साबुन-पानी से कम से कम 20 सेकेंड तक सही तरीके से अवश्य धोएं।


कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता का संदेश देते बच्चे

# अटेवा की पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगी लड़ाई : ज्ञान प्रकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा है कि एनपीएस शेयर बाजार का जुआ है, यूपीएस उसका नया रूप है। हम कर्मचारी अपने वेतन के पैसे से सरकार को जुआ नहीं खेलने देंगे, हम सेवानिवृत पर ओपीएस की निश्चितता वाली पेंशन मांगते है और एनपीएस कर्मचारियों से कहते हैं उठो, एकजुट हो,और पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष करो। जो नौकरी में देश की रक्षा करता है, देश की सेवा करता है, उसका बुढ़ापा बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। ओपीएस बहाली हमारा अधिकार है, कोई भीख नहीं, इसे हम लेकर रहेंगे। निजीकरण की नीति कर्मचारियों के शोषण की साजिश है। आज हम चुप रहे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां बिना सुरक्षा के भटकेगी,। अब जब `एनपीएस कार्मिक बहुत अधिक संख्या में सेवानिवृत होने लगे हैं इसलिए अब समय है आंदोलन को तेज करने का ,समय रहते बड़ा और निर्णायक कुछ विशेष करने का। पेंशन हमारी सेवा का प्रतिफल है, बाजार की सनक नहीं है। एनपीएस/यूपीएस को ठुकरा कर ओपीएस की लड़ाई को निर्णायक बना दो। एक अकेला कर्मचारी कमजोर हो सकता है लेकिन अगर लाखों कर्मचारी एकजुट हैं तो वह तूफान है। जो अपना अधिकार लेकर रहेंगे। अटेवा की पुरानी पेंशन बहाली तक लड़ाई जारी रहेगी।


बैठक करते अटेवा के शिक्षकगण

# सी.पी. विद्या निकेतन में मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सी.पी. विद्या निकेतन में वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईसीएसई (कक्षा 10) में 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली होनहार छात्रा मेघल गुप्ता के साथ-साथ कक्षा 10 और कक्षा 12 के अन्य टॉपर विद्यार्थियों को भी उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया।आईसीएसई 2026 (कक्षा 10) की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में मेघल गुप्ता (98.80 प्रतिशत), आशी गंगवार (97.60 प्रतिशत), सोहन अग्निहोत्री (94.40 प्रतिशत), आर्यन गुप्ता (94.40 प्रतिशत), पुलकित गंगवार (93.00 प्रतिशत), लक्ष्य गंगवार (92.60 प्रतिशत), अनुकल्प सिंह (92.60 प्रतिशत), तेजस्व गुप्ता (91.40 प्रतिशत), अंश कुमार गौतम (91.00 प्रतिशत) और पवन कुमार (90.40 प्रतिशत)। वहीं, कक्षा 12 के मेधावी विद्यार्थियों ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया, जिनमें मुख्य रूप से चक्रेश (97.25 प्रतिशत), आर्यन राज (95.50 प्रतिशत), कशिश गंगवार, (94.50 प्रतिशत), मेधावी पूरी (94.50 प्रतिशत), आशुतोष सिंह, (93.25 प्रतिशत), सनी, राजपूत (93.00 प्रतिशत), प्रतीक वर्मा (92.75 प्रतिशत), तनीषा गंगवार (92.00 प्रतिशत), देव राजपूत (91.75 प्रतिशत), आर्यन कुमार (91.75 प्रतिशत), श्रेयांश रस्तोगी (91.00 प्रतिशत), अदिति (91.00 प्रतिशत), ईशांत गंगवार (91.00 प्रतिशत), संचित रस्तोगी (90.50 प्रतिशत) और सक्षम प्रताप सिंह (90.25 प्रतिशत) शामिल हैं।

समारोह में विद्यालय की डायरेक्टर डॉ मिथिलेश अग्रवाल,प्रधानाचार्य आर. के.बाजपेयी और उप प्रधानाचार्य दीपक जैना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी तथा नकद धनराशि भेंट कर पुरस्कृत किया। इस गौरवमयी अवसर पर बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। डायरेक्टर मैडम मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की यह सफलता उनके निरंतर कठिन परिश्रम और शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं, प्रधानाचार्य आर. के. बाजपेयी और उप-प्रधानाचार्य दीपक जैना ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे भी इसी लगन से पढाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हरीश पचौरी द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण व्यवस्था इंचार्ज एस. के. बाजपेयी और पंकज शुक्ला की देखरेख में अत्यंत सुचारू रूप से संपन्न हुई।

इस अवसर पर अन्त्य इंचार्ज गोविंद गुप्ता, अनुज गंगवार, निर्मला चौहान, प्रदीप शाक्य एवं नीलस त्रिवेदी तथा सभी अध्यापकों का सराहनीय सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को इस गौरवमयी क्षण की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और बच्चों को भविष्य में भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने का आशीर्वाद दिया।



परिचय-मेधावियों को सम्मानित करतीं मिथलेश अग्रवाल व मौजूद शिक्षकगण

# फिर मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर बने विजय भास्कर


विजय भास्कर का स्वागत करते पदाधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधान सभा कायमगंज के सेक्टर अताईपुर के बूथ संख्या 323 व बूथ संख्या 324 में बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बहन मायावती द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में एवं 4 बार रहीं उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार में बहुजन हित में किए गए कार्यो को बारे में बताया एवं सेक्टर कमेटी व बूथ कमेटी को रिव्यू का कार्य किया । बैठक में मुख्य अतिथि विजय भास्कर, मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, बामसेफ संयोजक रजत कुमार, विजय सिंह, विधान सभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र राणा, कश्मीर सिंह सिंघानिया, वरुणनेश निगम, अवनीश कुमार गौतम, प्रमोद कुमार, अजय कुमार, पूर्व प्रधान विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।


परिचय-बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारीगण

## संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त चिकित्सालय लिंजीगंज में संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की बैठक राकेश सारस्वत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने आगामी मंडलीय बैठक की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। कर्मचारियों के बीमा व कैशलेस पॉलिसी का लाभ प्रत्येक शिक्षक और कर्मचारी को मिलना चाहिए। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रवेश कटियार ने पुरानी पेंशन की समस्या मजबूती से रखी। बैठक का संचालन प्रमोद दीक्षित ने किया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, विजय शंकर तिवारी, अटल शुक्ला, मजहर मोहम्मद खाँ, विवेक कुमार अग्निहोत्री, राकेशचंद्र, अनिल कुमार, प्रभात, आदेश, विजय शंकर तिवारी, श्याम मोहन आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# क्लस्टर-4 अंडर-15 फुटबॉल टूर्नामेंट में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल, एल.बी.एस. मार्ग लखनऊ में आयोजित क्लस्टर-4 अंडर-15 बालक फुटबॉल टूर्नामेंट में आर्मी पब्लिक स्कूल, फतेहगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल, बरेली को 3-2 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एवं स्टेशन कमांडर, सिखलाई रेजीमेंट सेंटर, ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी, टीम को प्रशिक्षित करने वाले समस्त पी.टी.आई. स्टाफ तथा कुशल प्रबंधन हेतु चंचल शर्मा, कोच सुरेन्द्र सिंह परिहार तथा टीम मैनेजर कैलाश भट्ट को हार्दिक बधाई दी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल, फतेहगढ़, आर्मी पब्लिक स्कूल, बरेली तथा आर्मी पब्लिक स्कूल, एल.बी.एस. मार्ग, लखनऊ ने भाग लिया। विद्यालय की टीम ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए यह महत्वपूर्ण विजय प्राप्त की, जिससे विद्यालय का गौरव बढ़ा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं कोच को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि अब विद्यालय की टीम ए.डब्ल्यू.ई.एस. के तत्वावधान में आयोजित कमांड स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।


विजेता टीम को ट्राफी देतीं आर्मी पब्लिक स्कूल एल.बी.एस. लखनऊ की प्रधानाचार्य

## मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों का सम्मान, 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्रों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ विधान परिषद सदस्य एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह 'भुल्लन' वर्मा, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय (10,000 से 18,000) के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि मानदेय वृद्धि उनके सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक पड़ाव है और आगे भी शिक्षामित्रों के हित में कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर एमएलसी एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षा मित्र समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के शिक्षा सुधारों का उल्लेख करते हुए शिक्षामित्रों के योगदान की सराहना की। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और शिक्षामित्रों का योगदान शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है। विधायक हैदरगढ़, श्री दिनेश रावत ने कहा कि शिक्षामित्र संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मानदेय वृद्धि का सराहनीय निर्णय लिया है।

# शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण का भव्य शुभारंभ समारोह आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षामित्रों के सम्मान एवं उनके बढ़े हुए मानदेय वितरण के शुभारंभ हेतु एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षामित्रों के समर्पण, उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं शिक्षा व्यवस्था में उनकी सशक्त भूमिका को सम्मानित करना तथा प्रदेश सरकार द्वारा उनके कल्याण हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा शिक्षामित्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर गोरखपुर से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया, जिसमें शिक्षामित्रों के कल्याण हेतु प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित शिक्षामित्रों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री के विचारों एवं घोषणाओं का स्वागत किया। अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि शिक्षामित्र प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं, जिनके अथक प्रयासों से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा का व्यापक प्रसार संभव हुआ है। प्रदेश सरकार उनके योगदान को सम्मान देते हुए उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में शिक्षामित्रों के मानदेय में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। पूर्व में 3,500 से बढ़ाकर 10,000 किए गए मानदेय को अब पुनः बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद फर्रुखाबाद में कुल 1,515 शिक्षामित्र इस निर्णय से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। मानदेय वृद्धि के फलस्वरूप कुल व्यय 1,55,50,000 से बढ़कर 2,72,70,000 हो गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

नई स्थानांतरण नीति के अंतर्गत शिक्षामित्रों को व्यापक राहत प्रदान की गई है, जिससे वे अपनी पारिवारिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप कार्यस्थल का चयन कर सकेंगे।

महिला शिक्षामित्रों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए 360 दिवस के मातृत्व अवकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जो उनके अधिकारों के संरक्षण एवं सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विकास खण्ड से 03 शिक्षामित्रों (कुल 24 शिक्षामित्रों) को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला निर्णय बताया। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने कहा कि परिवर्तन की बहती बयार, 9 वर्ष योगी सरकार के संकल्प के साथ प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।



शिक्षा मित्रों को प्रतीकात्मक चेक देते जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारीगण

# शिक्षामित्रों का सम्मान में 30 को मिला प्रतीकात्मक चेक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा रोड स्थित नारायण पैलेस में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मानदेय वृद्धि के बाद शिक्षामित्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक तिर्वा कैलाश सिंह राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान गोरखपुर से मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और वंदना ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। समारोह में शिक्षामित्र प्रतिनिधियों ने बढ़े हुए मानदेय के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। इस मौके पर 30 शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया। विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10,000 से बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही 5 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी दी गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि अप्रैल माह की उपस्थिति के आधार पर 1257 शिक्षामित्रों को बढ़ी दर से 2,26,26,400 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा चुकी है। पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा के साथ अन्य जिम्मेदारियों का भी निष्ठा से निर्वहन करते हैं। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित अधिकारी, शिक्षामित्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तालग्राम रोड पर नथा नगला मोड़ के पास बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राथमिक विद्यालय नथा नगला में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत ज्योति रमेश कोमल आज सुबह 7 बजे अपने विद्यालय जा रही थी। तालग्राम रोड से गांव नथा नगला के लिए मुड़ते समय एक अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे कोमल पाल गंभीर रूप से घायल हो गई व स्कूटी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। शोर सुनकर राहगीर ने सड़क पर गिरी हुई शिक्षिका



कोमल पाल को उठाया और विद्यालय स्टाफ को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद सोहेल ने एंबुलेंस बुलाकर शिक्षिका को सौ शैया अस्पताल में एडमिट कराया। वहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक में प्राथमिक उपचार के बाद उच्च केंद्र के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव , मोहम्मद आकिल , अविनाश मोहन आदि शिक्षकों ने पहुंच कर शिक्षिका को ढाढस बंधाया।

# हरियाणा में सड़क हादसे के दौरान कन्नौज के रहने वाले पुलिस कर्मी की मौत

- आदमपुर निवासी एसआई की हरियाणा के नूंह में हुई सड़क दुर्घटना में मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के एक गांव के रहने वाले एसआई की पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस कर्मी जिले के थाना सौरिख के आदमपुर गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में उरई जिले में तैनात थे। पुलिस कर्मी विभागीय कार्य से पुलिस टीम के साथ बिगत दिन हरियाणा गए थे जहां उनकी सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि, एसआई की पोस्ट पर तैनात मोहित यादव पुत्र उदयवीर(पुलिस विभाग में कार्यरत रहे) को पिता की जगह पर मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी मिली थी। मोहित के पिता उदयवीर की वर्ष 2013 में शिकोहाबाद में पुलिस विभाग में तैनाती के दौरान एक दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उनके पुत्र मोहित को पुलिस विभाग में वर्ष 2018 में एसआई पद पर नौकरी मिली थी। वर्ष 2013 में मोहित की शादी नेहा के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे जिनमें बड़ा पुत्र 6 साल और छोटा बेटा 5 माह का है। एसआई मोहित की हरियाणा के नूंह में एक दुर्घटना के दौरान हुई मौत की खबर जैसे ही आदमपुर गांव पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के ग्रामीणों में भी शोक की लहर दौड़ गई। मामले की जानकारी के बाद परिजन मौके के लिए रवाना हो गए थे।



शिक्षामित्रों को बड़ा तोहफा

# बढ़े मानदेय से गूंजा सम्मान समारोह, 'शिक्षा के प्रहरी' बोले राज्यमंत्री सुरेश राही

- 3191 शिक्षामित्रों के खातों में पहुंचा बढ़ा मानदेय, मंच पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट शिक्षक
- टीएलएम प्रदर्शनी में दिखी नवाचार की झलक, जनप्रतिनिधियों ने सराहा योगदान



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के रॉयल पैराडाइज में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ÷शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण÷ कार्यक्रम उत्सव में बदल गया। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गोरखपुर से मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान शिक्षामित्रों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि, 5 लाख रुपये तक की कैशलेस मेडिकल सुविधा और जीवन बीमा सुरक्षा की घोषणा से माहौल उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सांस्कृतिक रंग भी बिखेरा। आयोजन का सफल संचालन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया।

इस मौके पर किरण शुक्ला, संजीव शुक्ला, मेनिका तिवारी, विभा मिश्रा, शिवराम राठौर, सावित्री देवी, अतुल श्रीवास्तव, गीतिमा, सुबेदार सिंह और सत्येंद्र तिवारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये मासिक मानदेय के चेक वितरित किए गए। जिले के सभी 3191 शिक्षामित्रों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय भी अंतरित कर दिया गया। राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि शिक्षामित्र विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा व्यवस्था को संभाले रखने वाले सच्चे प्रहरी हैं। बढ़ा हुआ 18 हजार रुपये मानदेय उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता लाएगा और वे और अधिक ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना शिक्षकों और शिक्षामित्रों के योगदान के बिना अधूरा है। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने शिक्षामित्रों के योगदान को सराहते हुए कहा कि सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक योगेश वर्मा ने भी शिक्षामित्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय शिक्षामित्रों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

### आभार और नवाचार का संगम

कार्यक्रम के दौरान शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। वहीं, टीएलएम प्रदर्शनी में शिक्षामित्रों और शिक्षकों की रचनात्मकता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। राज्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर नवाचारों की सराहना की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षामित्रों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, जिससे आयोजन यादगार बन गया।

## पलिया में भीषण बस हादसा, दो दर्जन से अधिक घायल, कई की हालत गंभीर



**पलिया कलां खीरी।** पलिया क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। सम्पूर्णानगर की ओर से पलिया आ रही तेज रफ्तार सिंह बस सर्विस (संख्या UP31BT7771) अचानक अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे पोल से टकराई और उसके बाद सामने खड़े डंपर में जा घुसी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास में निर्माणाधीन मकान को भी नुकसान पहुंचा। इस भीषण दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें कई यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में बस चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### उचौलिया में भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न, पश्चिम बंगाल की जीत पर आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण



**उचौलिया (खीरी)।** विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक जीत, असम और पुडुचेरी में शानदार प्रदर्शन को लेकर उचौलिया में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। शिव मंदिर रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और देश में तेजी से हो रहे विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में विकास का कमल लगातार खिल रहा है और जनता भाजपा की नीतियों पर भरोसा जता रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन दिया है, वहीं असम की जनता ने विकास कार्यों पर भरोसा जताते हुए पार्टी को पुनः जीत दिलाई। पुडुचेरी में भी भाजपा सरकार बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक शशिकांत गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अमरीश गुप्ता, उपाध्यक्ष अतुल सक्सेना, रानू पांडे, अर्जुन गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, राघवेंद्र सक्सेना सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी को दी गयी भावभीनी विदाई



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में एक वर्ष से अधिक समय तक जिलाधिकारी के पद पर रहने के बाद विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी को सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। वह अब मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के पद पर स्थानांतरित हुये है। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्यमियों, व्यापारियों, राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी, पत्रकारों ने डीएम को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए। जिलाधिकारी ने जनपद प्रतापगढ़ में 18 जनवरी 2025 को जिले का कार्यभार संभाला था। अपनी कार्यशैली से वह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतापगढ़ की यादें उनके साथ हमेशा रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जो सहयोग प्राप्त हुआ, वह अत्यंत सराहनीय और उल्लेखनीय रहा है। उन्होने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कीर्तिमान स्थापित किये जाते है, प्रशासन में काम ही पहचान को दर्शाता है। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, सीओ, सन्तोष द्विवेदी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### तुलसी सदन में शिक्षा मित्रों का सम्मान का समारोह संपन्न



**प्रतापगढ़।** शिक्षा मित्रों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में तुलसी सदन (हादीहाल) में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों, शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गंभीरनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में परियोजना निदेशक दयाराम यादव उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में जिला महामंत्री भाजपा राजेश सिंह एवं मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मंगरौरा एवं लक्ष्मणपुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद प्रत्येक विकास खंड से एक-एक शिक्षा मित्र को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सांकेतिक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। समारोह स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों द्वारा उपयोगी एवं आकर्षक टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) स्टॉल भी लगाए गए, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि तथा कैशलेस चिकित्सा सुरक्षा की सुविधा प्रदान करने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया और सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बच्चों में मूलभूत साक्षरता विकसित करने पर जोर देते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी, एआरपी एवं एसआरजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, मंजू सिंह, कल्पना भारती, आबिद एवं शिवम सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन योगेश प्रताप सिंह ने किया।

### बंगाल सहित तीन प्रदेशों में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने पर भाजपा जनों ने मनाया विजय उत्सव

**हलिया (मिर्जापुर)।** बंगाल सहित तीन प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होने पर गड़बड़ा धाम मंडल के ड्रमडगंज में ढोल ताशे और आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर विजय उत्सव मनाते हुए भाजपाजन इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह भाजपा नेता पिंटू केसरी उपाध्यक्ष संतोष सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष अनिल केसरी, बुथ अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य तिवारी भाजपा नेता लालजी तिवारी,कुलदीप सरोज,शशांक केसरी, सोनू केसरी, अनूप केसरी,सत्यम केसरी, रमाकांत त्रिपाठी, रामकृष्ण राय आदि लोग उपस्थित पिंटू केसरी और मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत हिंदुत्व की जीत है और दिन पर दिन भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है विशेष रूप से बंगाल की जनता का आभार जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि भय भूख भ्रष्टाचार की सरकार को नकारा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सुशासन की सरकार को स्वीकार किया है यह उन लोगों के लिए आईना है जो कहते हैं भाजपा का ग्राफ गिर रहा है बंगाल सहित तीन प्रदेशों में जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा का ग्राफ दिन पर दिन बढ़ता चला जा रहा है।

### डीएम ने बाल संरक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज मोर्चाघर स्थित जिला बाल संरक्षण गृह पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा कक्षवार यथा-कार्यालय, स्टोर, खेल/म्यूजिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय आदि भ्रमण कर विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण गृह मे आवासित विधि विवादित किशोरो से बात चीत कर उन्हे दी जा रही स्वास्थ्य शिक्षा, दैनिक आहार, व्यवहारिक प्रशिक्षण, खेल कूद आदि मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आवासित किशोरो को भोजन तालिका/मीनू के अनुसार भोजन समय से उपलब्ध कराया जाए तथा इनका नियमित स्वास्थ्य भी मुख्य चिकित्साधिकारी सम्पर्क कर समय-समय पर कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कुछ किशोरो से उनके पठन पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण गृह के रखरखाव साफ सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किशोरो हेतु संचालित सुधार गृह में इस तरह से शिक्षा प्रदान क जाए कि यह यहां से बाहर निकलकर समाज की मुख्य धारा से जुड़े सकें। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष बाल संरक्षण गृह राम रक्षा पाण्डेय जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, क्वार्डिनेटर/महिला कल्याण अधिकारी पूजा मौर्या उपस्थित रही।

ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगलवार पर भक्ति के सागर में डूबा गोला

# विधायक अमन गिरी के भंडारे में उमड़ा जनसैलाब, 'बंगाल जनादेश' पर दिया सियासी संदेश



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगलवार पर विधायक अमन अरविंद गिरी द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में आस्था और सेवा का विराट रूप देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई और ÷जय बजरंगबली÷ व ÷जय श्रीराम÷ के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। दूर-दूर से पहुंचे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा।

विधायक अमन गिरी पूरे समय मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। आयोजन में कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कहीं पानी वितरण तो कहीं प्रसाद सेवा हर ओर समर्पण और सहयोग का भाव साफ नजर आया।



**भंडारे** के इसी मंच से विधायक अमन गिरी ने पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर सियासी संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भय और अराजकता की राजनीति के खिलाफ जनता का स्पष्ट फैसला है। उनके मुताबिक अब देश की जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा के एजेंडे पर मुहर लगा रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला है। पश्चिम बंगाल की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पहले वहां आम नागरिकों और विपक्षी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी, लेकिन जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार सीमाओं की सुरक्षा और नागरिकों के अधिकारों को लेकर प्रतिबद्ध है। घुसपैठ के मुद्दे पर सख्ती की जरूरत बताते हुए उन्होंने एनआरसी और सीएए लागू करने की मांग दोहराई। प्रदेश के संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को कानून-व्यवस्था में सुधार की मजबूत नींव बताया। उनका कहना था कि अपराध और माफिया पर प्रभावी नियंत्रण से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। साथ ही उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा की पुनः प्रचंड बहुमत से वापसी का दावा भी किया। गौरतलब है कि बड़े मंगल पर भंडारा कराने की परंपरा विधायक अमन गिरी के परिवार से जुड़ी रही है, जिसे वह अपने पिता एवं पूर्व विधायक अरविंद गिरी की विरासत के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। आस्था, सेवा और सियासत के इस संगम ने आयोजन को खास बना दिया। एक ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, तो दूसरी ओर उसी मंच से निकला राजनीतिक संदेश चर्चा में रहा। इस मौके पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्र के गणमान्य लोग तथा मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# बालाजी महाराज के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

- युवाओं ने संभाली व्यवस्था, दिनभर चलता रहा भंडारा और भजन-कीर्तन



**निघासन, खीरी।** ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल के पावन अवसर पर बेलरायां कस्बे में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समाजसेवी मयंक पटेल द्वारा बालाजी महाराज की कृपा से विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जिससे हर आने वाला भक्त संतुष्ट नजर आया। आयोजन में स्थानीय युवाओं की भूमिका खास रही। उन्होंने प्रसाद वितरण, भीड़ प्रबंधन और साफ-सफाई की जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाई। सुव्यवस्थित व्यवस्था के चलते कहीं भी अव्यवस्था देखने को नहीं मिली। पूरे दिन भजन-कीर्तन और भक्ति गीतों से माहौल श्रद्धामय बना रहा। आयोजक मयंक पटेल ने कहा कि बड़े मंगल का दिन सेवा और भक्ति के लिए विशेष महत्व रखता है। बालाजी महाराज की कृपा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही।इस दौरान कुलदीप अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, शिव शंकर जायसवाल, उज्ज्वल वर्मा, चंद्र मोहन (व्यापार मंडल मंत्री व चीनी मिल डेली गेट), कपिल वर्मा, शोभित सक्सैना, अजीत सोनी, अमित वर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक ने छुआ 1000 करोड़ का कारोबार, 5.97 करोड़ का लाभ अर्जित

- वित्तीय वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक में सामने आए आंकड़े, अगले वर्ष के लक्ष्यों पर भी हुई चर्चा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 1000 करोड़ रुपये के कुल व्यवसाय का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बैंक ने अब तक 5.97 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है, जो बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

बैंक के प्रधन कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक की अंतरिम प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक, लखीमपुर-खीरी श्री रजनीश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि बैंक के जमा और निवेश में 41.47 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं 124.30 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। बैंक का सकल एनपीए मात्र 0.80 प्रतिशत रहा, जो बेहतर प्रबंधन और सतर्क बैंकिंग प्रणाली का संकेत है। सभी क्षेत्रों में संतुलित प्रगति करते हुए बैंक ने 'मिशन 1000 करोड़' का लक्ष्य भी सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शावल गुप्ता द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसमें व्यवसाय विस्तार और सेवा सुधार पर विशेष जोर दिया गया।

अध्यक्ष द्वारा शाखाओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और शाखाओं को सम्मानित करने की घोषणा भी की गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि आगामी वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए। साथ ही ग्राहकों को बेहतर डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने और सेवा स्तर को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

# मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

- मण्डलायुक्त ने कार्य में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता जल निगम सोनभद्र व भदोही का वेतन रोकने के दिए निर्देश

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यो के तहत सम्बंध में तीनो जनपदो के जल निगम के अधिकारियो व सम्बन्धित अधिकारियो के साथ बैठक कर समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने कार्य में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता जल निगम भदोही व सोनभद्र का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त विकास आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठको में तीनो जनपदो के अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करे। मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना की वास्तविक स्थिति जानने के दृष्टिगत कुछ पम्प आपरेटरो से दूरभाष पर वार्ता कर गांव अन्तिम छोर तक पानी पहुंचने के बारे में जानकारी ली गई निर्धारित के अनुसार पानी की आपूर्ति की जा रही है अथवा बताया गया समय के अनुसार ही आपूर्ति की जा रही है। कुछ कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय स्थानों पर लो वोल्टेज की समस्या है जिस पर मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन स्थलो पर लो वोल्टेज की समस्या है सत्यापन कराते हुए तत्काल लो वोल्टेज की समस्या को दूर कराएं। तीनों जनपदों के अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि पानी का कहां आ रहा है अथवा पानी क्षतिग्रस्त हो गई है सत्यापन करते हुए सम्बन्धित फर्म को सही कराने हेतु निर्देशित करे यदि उनके द्वारा समयान्तर्गत ठीक नही कराया जाता है तो उनके विरुद्ध नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कहीं परियोजना लम्बित या अधूरी है तो उसे पूर्ण कराएं अन्यथा एफआईआर/नोटिस की कार्यवाही की जाएगी एवं क्षतिग्रस्त पाइपो को तत्काल ठीक कराए। जल जीवन मिशन द्वारा बिछाई गई पाइन लाइन कहीं-कहीं क्षतिग्रस्त होना बताया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के जल निगम अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन स्थानो पर पाइन लाइन बिछाई गई उसका ले आउट बनाकर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराएं एवं अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क खोदी जा रही हो तो सम्बन्धित अधिशासी अभियंता से ले आउट लेकर ही कार्य कराएं। उन्होंने एजेंसियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन एजेंसियो के विद्युत बिल बकाया है उनका तत्काल भुगतान करना सुनिश्चित करे अन्यथा ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र अधीक्षण अभियंता लोंक निर्माण विभाग, विद्युत सहित तीनो जनपदो के जल निगम अधिकारी व अन्य सम्बन्धित व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### जहरीले जन्तु के काटने से महिला की हालत बिगड़ी

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में मंगलवार की सुबह जहरीले जंन्तु के काटने से महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा दवा पिलाने के लिए वैध के पास लेकर आये दवा पिलाने के बाद महिला की हालत में कोई सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उसे पीएचसी लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। आनंद मौर्य की 23 वर्षीय पत्नी सुमन घर में कार्य कर रही थी कि इसी दौरान किसी जहरीले जंन्तु ने महिला को काट लिया। महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए लेकर आए जहां पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा महिला की प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की हालत की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# आरसीसी सेंटर तक जाने वाली सड़क अधूरी, ग्राम प्रधान पर उठे सवाल

- निर्माण कार्य में लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश, आवागमन में हो रही परेशानी

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



हलिया विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बंजारी कला में वर्ष 2022-23 में निर्मित आरसीसी सेंटर तक पहुंचने वाली सड़क आज भी अधूरी पड़ी हुई है। निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है तथा जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, आरसीसी सेंटर के निर्माण के साथ ही सड़क बनाने की योजना भी स्वीकृत हुई थी, लेकिन आज तक सड़क पूरी नहीं हो सकी। मौके पर केवल गिट्टी और बालू के ढेर पड़े हैं, जबकि रास्ता कच्चा और ऊबड़-खाबड़ बना हुआ है। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधूरे निर्माण कार्य को लेकर ग्राम प्रधान की भूमिका पर भी संदेह जताया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता की कमी है और धन का सही उपयोग नहीं किया जा रहा।इस संबंध में एडियो पंचायत रूपेश श्रीवास्तव से संपर्क करने की कोशिश की गई तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# नन्ही मानवी की पुकार पर घर पहुंचे डीएम, पैदल निरीक्षण कर सड़क सुधार के दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सोशल मीडिया पर कक्षा एक की नन्ही छात्रा मानवी सिंह की आवाज जैसे ही प्रशासन तक पहुंची, पूरा तंत्र हरकत में आ गया। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बिना देर किए मामले का संज्ञान लिया और सीधे सलेमपुर ग्राम पंचायत पहुंच गए। यहां उन्होंने औपचारिकताओं को किनारे रखते हुए खड़ंजा मार्ग पर पैदल चलकर मानवी के घर तक निरीक्षण किया और जमीनी हकीकत को करीब से देखा।

मानवी और उसके परिजनों से बातचीत के दौरान सामने आया कि खड़ंजा मार्ग बारिश के कारण जगह-जगह उखड़ गया है और जलभराव ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। इस कारण आवागमन में लगातार दिक्कत हो रही थी। डीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए और साफ कहा कि लोगों को इस परेशानी से जल्द राहत मिलनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्षेत्र में हो रही अनियोजित प्लॉटिंग पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत लेआउट और आवश्यक अनुमति के की जा रही प्लॉटिंग भविष्य में ऐसी ही समस्याओं को जन्म देती है। ऐसे मामलों में नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जमीन या प्लॉट खरीदते समय केवल कीमत या लोकेशन को प्राथमिकता न दें, बल्कि यह भी देखें कि वहां सड़क, नाली, बिजली और जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता भविष्य की बड़ी परेशानियों से बचा सकती है।

एक नन्ही बच्ची की सादगी भरी शिकायत पर प्रशासन की यह त्वरित कार्रवाई न सिर्फ संवेदनशीलता का उदाहरण बनी, बल्कि यह संदेश भी दे गई कि आमजन की हर आवाज प्रशासन तक पहुंचती है और उस पर कार्रवाई भी होती है।